चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 23 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 156, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

लिरिड रोमांचक आसमानी आतिशबाजी शुरू 16

गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है हुमा कुरैशी 15

विश्व खिताब के युवा चैलेंजर बने गुकेश

टोरंटो, एजेंसी

- कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 17 की उम्र में जीतकर तोड़ा 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड
- साल के आखिर में मौजूदा चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को देंगे चुनौती

भारत के 17 वर्ष के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। गुकेश ने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेला। विश्व चैंपियन के चैलेंजर का निर्धारण करने वाले इस टूर्नामेंट में उनके 14 में से नौ अंक रहे। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे।

चेन्नई के रहने वाले गुकेश ने कास्पोरोव का रिकॉर्ड भी तोड़ा। कास्पोरोव 1984 में 22 साल के थे जब उन्होंने रूस के ही अनातोली

कारपोव को विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चुनौती दी थी। गुकेश ने जीत के बाद कहा बहुत राहत महसूस कर रहा हूं। मैं फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाशि के बीच मैच देख रहा था। इसके बाद टहलने चला गया जिससे मदद मिली। गुकेश को 88500 यूरो (78.5 लाख रूपये) ईनाम के तौर पर भी मिले। इस टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि पांच लाख यूरो है। वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए। आनंद ने एक्स पर लिखा, डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई। आपकी उपलब्धि पर गर्व है।

> डी गुकेश की यह उपलब्धि से लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा होगी। भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। – प्रधानमंत्री

सड़क पर जीवनसंगिनी का शव ... घर आकर दे दी जान

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार : साथ जिएंगे, साथ मरेंगे... ये कसम हर प्रेमी जोड़ा खाता है, पर किसी से इतना प्यार करना और उसके लिए जान दे देना ये बहुत कम देखा जाता है। एक प्रेमी जोड़ा जिसने अभी-अभी गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया था। एक हादसे ने उनका पूरा संसार उजाड़ दिया। पत्नी की हादसे में मौत से सदमें आए पति ने फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मरने से पहले लिखे चंद शब्द सॉरी... जिएंगे, साथ मरेंगे। लखनऊ-पलिया हाईवे पर पचकोहरा चौराहे पर स्कूटी से ड्यूटी करने जा रही महिला को तेज रफ्तार गाड़ी ने कुचल दिया। महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

मणिकर्णिका योगेश

महिला की मौत के बाद मौके पर पहुंचा उसका पति पत्नी का शव देखते ही सदमें में आ गया। वह घर पहुंचा व बिजली के तार के फंदे से लटककर जान दे दी।

सुरसा थाने के दाऊदपुर पचकोहरा निवासी योगेश कुमार पिहानी ब्लाक के टीकमपुरवा में शिक्षक थे। तीन महीने पहले ही कोतवाली शहर के धन्नुपुरवा की 25 वर्षीय मणिकर्णिका के साथ उनका विवाह हुआ था। मणि कर्णिका टड़ियावां सीएचसी में स्टाफ नर्स के पद पर सेवारत थीं। मणिकर्णिका रोज़ की तरह सोमवार की सुबह स्कूटी से ड्यूटी पर आ रही थीं। उसी बीच लखनऊ-पलिया हाईवे पर पचकोहरा चौराहे पर एक तेज रफ्तार गाड़ी ने पहले ठोकर मारी और कुचलते हुए निकल गई। मणकर्णिका की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौत के बाद सड़क पर जाम लगा दिया गया। मणिकर्णिका की मौत की खबर सुनकर पति योगेश पचकोहरा चौराहे पर पहुंचे। सड़क पर जीवनसंगिनी का शव देख वे सदमें में आ गए। किसी से कुछ बोले बिना वह अपने घर पहुंचे। कमरे में बिजली के तार का फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। एएसपी नृपेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्यवाही की जा रही है।

मरने से पहले हाथ पर लिखा था...सॉरी

मणिकर्णिका और योगेश के बीच चाहत की नींव कितनी मजबूत थी, इसका पता तब हुआ जब दोनों हमेशा-हमेशा के लिए दुनिया से चले गए। पहले पत्नी की हादसे में मौत और उसके कुछ ही देर में पति का दुनिया से अलविदा कहना हर एक को अखर गया। लेकिन जब मणिकर्णिका के बाद उसके पति योगेश कुमार का शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया, तो वहां उसके हाथ की खुली मुट्ठी पर 'सॉरी...जिएंगे, साथ मरेंगे' की लिखी हुई इबारत पढ़ कर हर दिन शवों को चीरने वाले हाथ कांप उठे। सॉरी के बाद उसने जो लिखा, उससे पता चलता है कि अपनी जीवनसंगिनी के न रहने से उसकी जिंदगी बे-मकसद हो गई थी, बस इसीलिए उसने जीने की तमन्ना को दरकिनार कर खुद को मौत के हवाले कर दिया।

दोनों अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे

सड़क हादसे का शिकार हुई स्टाफ नर्स मणिकर्णिका जहां अपने घर की इकलौती थी, वहीं योगेश भी घरवालों का इकलौता था। बेटी की मौत की खबर से उसके मायके में चीख-पुकार मची हुई थी, उसके कुछ ही देर बाद जब पता चला कि मणि कर्णिका की मौत के बाद योगेश ने भी आत्महत्या कर ली, इतना सुनते ही वहां हर तरफ मातम बरपा हो गया।

सूरत लोस सीट से भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध विजेता

नई दिल्ली। सूरत लोक सभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुम्भानी का नमांकन रद होने के बाद देर शाम निर्वाचन आयोग ने भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध विजयी घोषित किया है। कांग्रेस हाई कमान ने कहा है कि सूरत में कांग्रेस के मुख्य उम्मीदवार और डमी उम्मीदवार का नामांकन पत्र खारिज होने के मामले की जांच के लिए निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाएंगे। लेकिन सूरत के निर्वाचन अधिकारी सौरभ पारधी की रिपोर्ट को आयोग ने हरी झंडी दे दी है और मुकेश दलाल को निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री की टिप्पणी के बाद कांग्रेस-भाजपा में सियासी भूचाल

देश पर माओवादी सोच थोपना चाहती है कांग्रेस : मोदी

अलीगढ़, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि यह पार्टी देश पर माओवादी सोच थोपकर और जनता की कमाई पर कब्जा कर उसे लोगों में बांटना चाहती है। प्रधानमंत्री ने अलीगढ़ और हाथरस से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित जनसभा में कांग्रेस और सपा पर तुष्टीकरण करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि इन दलों ने पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिये कुछ नहीं किया। उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं देशवासियों को आगाह करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। प्रधानमंत्री ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी संपत्ति है, उसकी जांच करेंगे। इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि यह जो संपत्ति है उसको सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। यह उनका चुनाव घोषणा पत्र कह रहा है। मोदी ने कहा आप सोचिए हमारी माताओं और बहनों के पास सोना होता है। वह स्त्री धन होता है। उसे पवित्र माना जाता है। कानून भी उसकी रक्षा करता है लेकिन अब इनकी (कांग्रेस) नजर कानून बदलकर हमारी माताओं, बहनों की संपत्ति छीनने पर है। उनके मंगलसूत्र पर इन लोगों की नजर है।

तुष्टीकरण की राजनीति में अंधी हो चुकी है कांग्रेस : अमित शाह

नई दिल्ली। अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस वोट बैंक के लिए हिंदू, बौद्ध, जैन, ईसाई, सिख और पारसी समुदायों को नुकसान पहुंचाने पर तुली है। कानूनों में बदलाव के लिए किसी को सरकार में होना आवश्यक है और कांग्रेस के लिए मुख्य विपक्षी दल बनना तक संभव नहीं है। तुष्टीकरण की राजनीति में अंधी हो चुकी कांग्रेस पहले चरण में अपनी हार देखकर बौखला गई है। कहा कि मोदी की गारंटी है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से भारत आए उत्पीड़ित अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों को सीएए के माध्यम से नागरिकता मिलेगी, इसे कोई नहीं रोक सकता।

झूठ के कारोबार का अंत नजदीक : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी और सूरत में भाजपा के उम्मीदवार के निर्विरोध जीतने को लेकर सोमवार को दावा किया कि देश में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान और आरक्षण रूपी सामाजिक न्याय की व्यवस्था को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अब झूठ के कारोबार का अंत नजदीक है। इस बीच, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में प्रधानमंत्री मोदी को जानकारी देने के लिए उनसे मिलने का समय मांगा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को राजस्थान की एक चुनावी सभा में कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि देश में बेरोजगारी और महंगाई का पीक है और नरेन्द्र मोदी कहते हैं सब कुछ ठीक है। उनके पास मुद्दों से भटकाने की नई-नई तकनीक हैं। उन्होंने सूरत के घटनाक्रम को लेकर एक अन्य पोस्ट में कहा तानाशाह की असली सूरत एक बार फिर देश के सामने है। जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जहरीली भाषा में दुनिया भर की बातें बोलते हैं। उन्हें एक सीधे से सवाल का जवाब भी देना चाहिए।

- बाबासाहेब के संविधान और आरक्षण को खत्म करने का प्रयास कर रही भाजपा

आयोग पहुंची कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शिकायत की। जिसमें उन्होंने एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से मुलाकात की और 17 शिकायतों का एक ज्ञापन सौंपा।

अयोध्या-काशी के बाद अब ब्रज की बारी : योगी

फतेहपुर सीकरी, एजेंसी

- बोले- कृष्ण पर प्रश्न खड़े करने वालों, गंगाजल के लिए तरसाने वालों को वोट के लिए तरसा दीजिए

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या और काशी ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है और अब ब्रज भूमि का भी नंबर आने वाला है। योगी आदित्यनाथ सोमवार को फतेहपुर सीकरी से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार राजकुमार चाहर के समर्थन में किरावली में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने फतेहपुर सीकरी संसदीय क्षेत्र को ब्रज भूमि का भाग बताते हुए कहा कि गिरिराज महाराज की यहां बड़ी कृपा है। दुनिया यहां के रज-रज में कृष्ण कन्हैया का दर्शन करती है। योगी ने कहा अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भव्य मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसी वर्ष 22 जनवरी को हुई। दिसंबर 2021 में काशी विश्वनाथ कारिडोर का लोकार्पण किया था।

विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस, सपा-बसपा के लोग कहते थे कि क्या प्रमाण है कि राम का जन्म अयोध्या में हुआ। ये कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं थे, जैसे लगता था कि इस सृष्टि के पहले कांग्रेस, सपा-बसपा, ही पैदा हो गई थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का प्रताप है कि इन लोगों का झूठ फेल हो गया और रामलला का मंदिर भी बन गया। योगी ने मतदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा आपका दायित्व बनता है कि राम-कृष्ण पर प्रश्न खड़े करने वालों, गंगाजल के लिए तरसाने वालों को वोट के लिए तरसा दीजिए। भाजपा सरकारों में विकास कार्यों को गिनाते हुए योगी ने कहा विकास के लिए अब आपको तरसाने की कोई हिम्मत नहीं कर पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कांग्रेस, सपा-बसपा के लोग माफिया एवं अपराधी को गले का हार बनाकर बेटी-व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगा रहे थे।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने की 25 हजार नियुक्तियां रद

कोलकाता, एजेंसी

- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कोर्ट के आदेश को देंगी चुनौती

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में राज्यस्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की चयन प्रक्रिया के जरिए हुई सभी नियुक्तियों को रद करते हुए सोमवार को इसे अमान्य करार दे दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी नियुक्तियों को रद करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को अवैध करार दिया और कहा कि उनकी सरकार फैसले को चुनौती देगी।

24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक अभ्यथिर्यों ने 2016 एसएलएसटी परीक्षा दी थी। कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील फिरदौस शमीम ने कहा कि इन रिक्तियों के लिए कुल 25,753 नियुक्ति पत्र जारी किए गए थे। खंडपीठ ने आदेश पर रोक लगाने के कुछ अपीलकर्ताओं के अनुरोध को भी खारिज कर दिया। एसएससी अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने कहा कि आयोग पूरा आदेश पढ़ने के बाद उच्चतम न्यायालय में अपील करेगा और उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देगा।

राजौरी में आतंकी हमला, कर्मचारी की गोली मारकर हत्या

जम्मू। जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादी हमले में समाज कल्याण विभाग के एक कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कुंडा टोपे, शाहदरा शरीफ, जिला राजौरी निवासी 40 वर्षीय मोहम्मद रजीक नामक व्यक्ति के ऊपर जिस समय हमला हुआ उस समय उसका भाई छुट्टी पर था जो सेना में है। इसी बीच शाहदरा शरीफ के कुंडा गांव में मस्जिद के बाहर कथित आतंकवादियों ने गोली चला दी। हमले में मोहम्मद रजीक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसने दम तोड़ दिया।

केजरीवाल की जमानत के लिए पहुंचा विधि छात्र, हाईकोर्ट ने लगाया 75 हजार जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए असाधारण अंतरिम जमानत का अनुरोध करने वाली एक विधि छात्र की जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता पर 75,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

केजरीवाल आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। विवादों में घिरे आप नेता के वकील ने भी जनहित याचिका का विरोध करते हुए कहा कि केजरीवाल खुद कानूनी उपाय करने में सक्षम हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने टिप्पणी की कि यह याचिका उचित विचार करके दायर नहीं की गई और अदालत उच्च पद पर आसीन किसी व्यक्ति को असाधारण अंतरिम जमानत नहीं दे सकती। पीठ ने कहा क्या याचिकाकर्ता कॉलेज में कक्षा में जाता है? क्या याचिकाकर्ता की उपस्थिती अच्छी है? ऐसा लगता है कि वह कानून के सिद्धांतों का पालन नहीं कर रहा। अदालत ने टिप्पणी की कि आप नेता के पास अपने कानूनी विकल्पों का लाभ लेने के लिए कदम उठाने के साधन हैं और याचिकाकर्ता के पास उनकी ओर से दलीलें पेश करने के लिए कोई वकालतनामा नहीं है। उन्होंने याचिकाकर्ता से कहा, आप कौन हैं? आप अपने आप के बारे में ज्यादा ही बढ़ा-चढ़ाकर सोच रहे हैं। आप कहते हैं कि आपके पास वीटो शक्ति है कि आप (यह सुनिश्चित करने के लिए) वचन देंगे कि (केजरीवाल गवाह को प्रभावित न करें)।

- नाराज कोर्ट ने पूछा क्या याचिकाकर्ता कॉलेज की कक्षा में जाता है

सीयूईटी-स्नातक नेट खत्म होगा अंकों का सामान्यीकरण

नई दिल्ली। संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) और राष्ट्रीय अर्हता परीक्षा (नेट) में इस साल से अंकों का सामान्यीकरण समाप्त कर दिया जाएगा। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। कुमार ने कहा कि इस साल अंकों के सामान्यीकरण की आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि किसी विषय की दोनों परीक्षा एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। सामान्यीकरण एक छात्र के अंक को इस तरह से संशोधित करने की एक प्रक्रिया है कि वह दूसरे के अंक के साथ तुलनीय हो जाए।

नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को 30 सप्ताह के गर्भ के समापन की अनुमति मिली

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने रद किया बंबई हाईकोर्ट का फैसला

- कहा, ये असाधारण मामला डॉक्टरों के दल का तत्काल गठन किया जाए

उच्चतम न्यायालय ने करीब 30 सप्ताह की गर्भावस्था वाली 14 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता को चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति देते हुए सोमवार को कहा कि किशोरी का कल्याण सर्वोच्च महत्व रखता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं। न्यायालय ने कहा, स्थिति की तात्कालिकता और नाबालिग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए, उसकी सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण है...हमने बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया है। सुनवाई की शुरूआत में पीठ ने कहा, हम गर्भ के चिकित्सकीय समापन की अनुमति देते हैं क्योंकि पीड़िता 14 साल की है और यह दुष्कर्म का मामला है। कोर्ट ने इसे असाधारण मामला माना।

न्यायालय ने मुंबई के सायन स्थित एलटीएमजीएच के डीन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग के गर्भपात के लिए चिकित्सकों के दल का तत्काल गठन करें। न्यायालय ने कहा, मेडिकल बोर्ड ने राय दी है कि नाबालिग की इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने से महज 14 साल की किशोरी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कोर्ट ने 19 अप्रैल को नाबालिग की चिकित्सकीय जांच का आदेश दिया था। गर्भ का एमटीपी के तहत, विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए भी गर्भावस्था समाप्त करने की ऊपरी सीमा 24 सप्ताह है। इन विशेष श्रेणियों में बलात्कार पीड़िताएं और दिव्यांग एवं नाबालिग शामिल हैं।

दिव्यांग बच्चों के लिए छुट्टी न देना संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि दिव्यांग बच्चों की कामकाजी माताओं को चाईल्ड केयर लीव (सीसीएल) देने से इनकार करना कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने हिमाचल प्रदेश की एक सरकारी कॉलेज में भूगोल विभाग की सहायक प्रोफेसर शालिनी धर्माणी की याचिका पर यह टिप्पणी की।

पीठ ने हिमाचल प्रदेश सरकार को विशेष जरूरतों वाले बच्चों का पालन-पोषण करने वाली माताओं के लिए छुट्टियों के नियमों पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया। इसके अलावा मामले के सभी पहलुओं को देखने के लिए राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति के गठन का भी निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाया और उससे जवाब मांगा। अदालत ने इस मामले में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से मदद करने को कहा। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि समिति की रिपोर्ट जुलाई तक तैयार की जानी चाहिए। इस मामले को अगली सुनवाई अगस्त 2024 के बाद की जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि यह सिर्फ विशेषाधिकार का मामला नहीं है, बल्कि संवैधानिक अधिकार का मामला है। सहायक प्रोफेसर ने अधिवक्ता प्रगति नीखरा के माध्यम से हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने केंद्रीय सिविल सेवा (अवकाश) नियम, 1972 के नियम 43-सी के संदर्भ में सीसीएल की मांग करने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता प्रोफेसर धर्माणी का 14 वर्षीय बेटा, जो दुर्लभ आनुवंशिक विकार ओस्टियोजेनेसिस इम्परफेक्टा से पीड़ित है। जन्म के बाद से उसकी उसकी कई सर्जरी हो चुकी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के बेटे को जीवित रहने और सामान्य जीवन जीने के लिए निरंतर उपचार और सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि अपने बेटे के इलाज के कारण याचिकाकर्ता ने अपनी सभी स्वीकृत छुट्टियां समाप्त कर ली। आगे केंद्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम 1972 के नियम 43-सी में सीसीएल देने का प्रावधान है। पीठ ने कहा, केंद्र सरकार ने (एक कार्यालय ज्ञापन 3 मार्च, 2010 द्वारा) महिला कर्मचारियों को 22 वर्ष (18 वर्ष के बजाय) की आयु तक के दिव्यांग बच्चों की देखभाल के लिए सीसीएल की अनुमति दी, लेकिन हिमाचल प्रदेश ने इस प्रावधान को नहीं अपनाया है। हाई कोर्ट ने उस महिला प्रोफेसर की याचिका इस आधार पर खारिज कर दी थी कि नियम 43 (सी) को राज्य में नहीं अपनाया गया है।

> शीर्ष अदालत ने कहा कि महिलाओं को बाल देखभाल अवकाश (सीसीएल) का प्रावधान एक महत्वपूर्ण संवैधानिक उद्देश्य को पूरा करता है और विकलांग बच्चों की माताओं को इससे वंचित करना कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन होगा।

मुकाबला: बरेली लोकसभा क्षेत्र से 13 और आंवला से नौ प्रत्याशी मैदान में

निर्दलीय प्रत्याशी सुप्रिया ऐरन ने नामांकन लिया वापस, आंवला से कोई पर्चा वापस नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली लोकसभा क्षेत्र से 13 और आंवला लोकसभा क्षेत्र से नौ प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। सोमवार को नामांकन पत्रों की वापसी हुई, जिसमें बरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन ने नामांकन वापस लिया। वहीं आंवला लोकसभा क्षेत्र से किसी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया। नामांकन वापसी के बाद सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के प्रत्याशियों को पार्टी का चिन्ह और निर्दलीय प्रत्याशियों को अलग-अलग चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। मास्टर छोटेलाल गंगवार का पर्चा खारिज होने से बरेली लोकसभा सीट से इस बार बसपा प्रत्याशी मैदान में नहीं है। नामांकन वापसी के बाद बरेली लोकसभा क्षेत्र से अब सपा से प्रवीण सिंह ऐरन, भाजपा से छत्रपाल गंगवार, पीस पार्टी से इरशाद अंसारी एडवोकेट, सम्राट मिहिर भोज पार्टी से जगपाल सिंह यादव, भारत जोड़ो पार्टी से मो. नाजिम अली, पीपल्स पार्टी आफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से भूपेन्द्र कुमार मौर्य, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से रवि कुमार, जन शक्ति एकता पार्टी से रोहताश कश्यप और निर्दलीय उम्मीदवार आयशा बी, आशीष गंगवार, नितिन मोहन, बुद्ध प्रिय कर्मराज और वसीम मियां चुनावी मैदान में हैं।

नामांकन वापसी के दौरान मौजूद पुलिस।

आंवला लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी

आंवला लोकसभा क्षेत्र से बसपा से आबिद अली, भाजपा से धर्मेंद्र कश्यप, सपा से नीरज मौर्या, पीस पार्टी से कौसर खां, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से निर्मोद कुमार सिंह, वंचित समाज इंसाफ पार्टी से प्रेमपाल सागर, भारत जोड़ो पार्टी से मोहम्मद आमिर खां, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से राजकुमार पटेल और निर्दलीय उम्मीदवार मक्खन लाल चुनावी मैदान में हैं।

प्रत्याशियों को आवंटित किए गए चुनाव चिह्न

बरेली लोकसभा क्षेत्र से छत्रपाल गंगवार को कमल का फूल, प्रवीण सिंह ऐरन को साइकिल, इरशाद अंसारी को कांच का ग्लास, जगपाल सिंह यादव को बेंच, नाजिम अली को बिजली का खंभा, भूपेंद्र कुमार को फलों से युक्त टोकरी, रवि कुमार को कटहल, रोहताश कश्यप को लेटर बॉक्स और निर्दलीय आयशा बी को साइकिल का पंप चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। वहीं आंवला लोकसभा क्षेत्र से आबिद अली को हाथी, धर्मेन्द्र कश्यप को कमल का फूल, नीरज मौर्य को साइकिल, कौसर खां को कांच का गिलास, निर्मोद कुमार सिंह को बांसुरी, प्रेमपाल सागर को ऑटो रिक्शा, मोहम्मद आमिर खां को बिजली का खंभा, राजकुमार पटेल को कटहल और मक्खन लाल को चारपाई चुनाव चिह्न आवंटित किया है।

प्रधानमंत्री के रोड शो की तैयारी में जुटे अधिकारी

बरेली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शहर में 26 अप्रैल को होने वाले रोड शो की तैयारियों में पुलिस-प्रशासन के अधिकारी जुटे हुए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से खुफिया विभाग भी सक्रिय हो गया है। सुरक्षा के लिए दूसरे जिलों से भी फोर्स मांगी गई है। प्रधानमंत्री बरेली लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल सिंह गंगवार के पक्ष में रोड शो करेंगे। वह करीब एक घंटा मौजूद रहेंगे। इससे एक दिन पहले बदायूं और शाहजहांपुर में उनकी चुनावी रैली होंगी। दो दिन लगातार प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की वजह से मंडल के अलावा जोन के जिलों से भी फोर्स की मांग की गई है।

रोड शो के मार्ग में खुले में रखे हैं ट्रांसफार्मर

बरेली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के रूट पर तीन जगहों पर बिजली के ट्रांसफार्मर खुले हुए रखे हैं। बिजली विभाग ने इन्हें अभी तक ढका नहीं किया है। वहीं नगर निगम मार्ग की मरम्मत और प्रकाश विभाग स्ट्रीट लाइटों को ठीक कर तारों को हटवा रहा है।

अखिलेश को दिन में सपने देखने की आदत : भूपेंद्र चौधरी

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने सपा और इंडिया गठबंधन पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को दिन में सपने देखने की आदत है। वह कई चुनाव हारने के बाद भी अपनी यह आदत छोड़ नहीं पाए हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में उनको एक और हार मिलेगी। ये बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक में कहीं।

प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव संचालन समिति के सदस्यों से प्रचार अभियान का फीडबैक लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर चुनाव अभियान तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, सेक्टर अध्यक्ष और सेक्टर प्रभारी के अलावा 11 सदस्यीय बूथ की टीम प्रत्येक मतदाता के घर जाकर मोदी और योगी सरकार की उपलब्धियां बताएं। सभी पन्ना प्रमुख मतदान के दिन बूथ पर तैनात रहकर मतदाताओं को घर से बाहर निकलकर वोट डालने के लिए प्रेरित करें।

एक पन्ना प्रमुख कम से कम 60 वोटरों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी ले। बैठक में सांसद संतोष गंगवार, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, लोकसभा प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह, जिला प्रभारी राकेश गुप्ता, जिला संयोजक राजकुमार शर्मा, सह संयोजक डॉ. केएम अरोड़ा, अनिल कुमार एडवोकेट, नन्हेलाल गंगवार, तेजेश्वरी गंगवार मौजूद रहे।

भाजपा कार्यालय पर चुनाव संचालन समिति की बैठक में बोलते भूपेंद्र चौधरी।

रोड शो के रूट का किया निरीक्षण

26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के होने वाले रोड शो के मार्ग का प्रदेश अध्यक्ष ने निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर मेयर उमेश गौतम, जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह, विधायक संजीव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, लोकसभा संयोजक राजकुमार शर्मा, डॉ. के एम अरोरा, गुलशन आनंद, अंकित शुक्ला, विष्णु अग्रवाल, राहुल साहू, अभय चौहान, मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी व बंटी ठाकुर उपस्थित रहे।

हम चार सौ पार का लक्ष्य हासिल करेंगे

लोकसभा संचालन समिति की बैठक के बाद प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है, जबकि विपक्ष के पास प्रधानमंत्री पद के लिए कोई चेहरा नहीं है। उनमें आपस में ही फूट पड़ गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जनता से जो वादे किए थे, उन्हें पूरा किया है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता मोदी और योगी सरकार का रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के सामने जा रहा है। भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 पार का लक्ष्य हर हाल में हासिल करेगी। उन्होंने सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स के सम्मेलन में भी हिस्सा लिया।

राहुल और प्रियंका गांधी कर सकते हैं शहर में रोड शो

बरेली, अमृत विचार : कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने सोमवार को नेहरू युवा केंद्र में प्रेसवार्ता कर बताया कि पार्टी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जल्द शहर में रोड शो कर सकते हैं। इससे पहले कांग्रेस महासचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पांडे बुधवार को नेहरू युवा केंद्र में सभा को संबोधित करेंगे। महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता बरेली लोक सभा सीट जिताने का प्रयास कर रहा है। यूथ कांग्रेस पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पारस शुक्ला, पंडित राज शर्मा, महेश पंडित, जुनैद हसन, सुरेश वाल्मिकी, दिनेश दद्दा, कौसर अली, रमेश श्रीवास्तव, उल्फत कठेरिया, कमरूद्दीन सैफी, योगेश जौहरी, फिरोज खान आदि मौजूद रहे।

निष्पक्ष और सकुशल चुनाव के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर दें जोर

- बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र के प्रेक्षकों ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर चुनाव तैयारियों की ली जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र का चुनाव निष्पक्ष और सकुशल कराने के लिए सोमवार को प्रेक्षकों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया गया।

लोकसभा क्षेत्र आंवला के सामान्य प्रेक्षक मुकेश कुमार अहूजा, लोकसभा क्षेत्र बरेली के सामान्य प्रेक्षक जीवन बाबू, लोकसभा क्षेत्र आंवला और बरेली के पुलिस प्रेक्षक वी रत्ना, लोकसभा क्षेत्र के आंवला के व्यय प्रेक्षक लोके योगेश गुनाजी और एम रविशंकर, बरेली के व्यय प्रेक्षक अमितवा सेन और वी राजेंद्र ने जिला प्रशासन के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने प्रेक्षकों को निर्वाचन संबंधी सभी नोडल अधिकारियों के कार्यों के बारे में जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी (कार्मिक) जग प्रवेश ने बताया कि मेन पावर का सेकेंड रेंडमाइजेशन हो गया है।

प्रेक्षक ने पूछा कि मतदान बढ़ाने के लिए क्या प्रयास किये गये हैं। जिस पर बताया गया कि बरेली शहर और कैंट विधानसभा क्षेत्र का पोलिंग प्रतिशत कम रहता है उसे बढ़ाने के लिए माइ बूथ एप बरेली बनाया गया है, जिसे लगभग 35 हजार लोगों ने अब तक डाउनलोड कर लिया है। दातागंज और शेखूपुर के नोडल अधिकारियों ने बताया कि मतदाता सूची डाउनलोड कर ली गई है। दिव्यांग, 85 से अधिक उम्र के मतदाताओं को मतदान कराने की संबंधित तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। अपर जिलाधिकारी नगर ने बताया कि परसाखेड़ा में वेयर हाउस बना गया है।

बैठक में एसएसपी घुले सुशील चन्द्रभान, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह, एसपी यातायात शिवराज सिंह मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रेक्षक। ● अमृत विचार

सपा नेताओं को दी चुनाव जिताने की जिम्मेदारी

बरेली, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के विधायक एवं प्रदेश महासचिव अताउर रहमान को बरेली लोकसभा क्षेत्र के चुनाव संचालन और पर्यवेक्षण करने का निर्देश मिला है। प्रदेश प्रवक्ता मोंटी शुक्ला ने बताया कि पूर्व जिलाध्यक्ष अगम मौर्य को बरेली लोकसभा क्षेत्र में और महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता नेहा यादव को आंवला लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी दी गई है।

भाजपा में शामिल हुए ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी

बरेली, अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के शेरगढ़ ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी समर्थकों के साथ सोमवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने भाजपा कार्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ब्रज क्षेत्रीय प्रभारी संतोष सिंह और जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। इसके अलावा भाजपा कार्यालय पर मीरगंज के पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुदेश पाल सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कन्नौजिया, भूपेंद्र शर्मा, गौरव चौधरी, अंशु शर्मा, रिटायर डिप्टी एसपी सर्वेंद्र, मुकेश पांडेय पूर्व प्रधान, विजय वीर सिंह, सुरेश पाठक और कई प्रधानों और बीडीसी सदस्यों ने भाजपा की सदस्यता ली।



शहर में आज

- श्री बालाजी दरबार समिति द्वारा श्री बालाजी महाराज के जन्म उत्सव पर शोभायात्रा रामपुर गार्डन स्थित जैन मंदिर से दोपहर 1 बजे।
- श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सिटी गार्डन में हनुमान जयंती पर भजन संध्या और भंडारा दोपहर 12 बजे से।
- नाथ नगरी जलाभिषेक समिति द्वारा सेठ गिरधारी लाल मंदिर में सुंदरकांड और पत्रिका का विमोचन सुबह 9 बजे।
- श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मारवाड़ीगंज स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में भजन संध्या शाम 7 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में हनुमान जयंती पर कार्यक्रम शाम 7 बजे।

गोरक्षा दल के कार्यकर्ता की सिर में गोली मारकर हत्या

प्लाट में मिट्टी डलवाने का ठेका लेता था अमन पटेल, बिथरी पुलिस ने एक युवती समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर की पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात गोरक्षा दल के कार्यकर्ता की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। कार्यकर्ता का शव नवदिया हरिकिशन के पास बड़ बाईपास से चार सौ मीटर दूर लिंक रोड पर देव स्थान के पास मिला। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस तीन युवकों और एक युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

गांव महेशपुर शाह इमामुद्दीन निवासी राजेन्द्र पटेल ने बताया कि उनका बेटा अमन पटेल (25) रविवार दोपहर तीन बजे कपड़े खरीदने के लिए शहर गया था। रात आठ बजे फोन पर अमन ने बताया था कि वह नौ बजे तक घर पहुंच जाएगा। रात 11 बजे तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो फोन किया लेकिन नहीं उठा। रात में 12.50 बजे के करीब बिथरी चैनुपर पुलिस ने उनके मोबाइल पर फोन करके बताया कि अमन के सिर में चोट लगी है और उसे बिथरी सीएचसी पर लेकर आए हैं। वह लोग बिथरी सीएचसी पर पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

राजेन्द्र पटेल ने बताया कि उनकी किसी से रंजिश नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सिर में पीछे की ओर गोली लगने से अमन की मौत हुई है। अमन की मौत के बाद से मां ममता, पिता राजेन्द्र पटेल, बहन रुचि, स्वाति, भाई विवेक और गजेन्द्र का रो-रोकर बुरा हाल है।

पहले हादसा मान रही थी पुलिस : जब अमन का शव मिला तो पुलिस ने पहले हादसा माना लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली लगना आने पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस के रवैये पर पिता राजेन्द्र कुमार ने नाराजगी जताई।

उनका कहना है कि पुलिस ने उनके पहुंचने से पहले शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि अमन की मौत सिर में गोली लगने से हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

चाबी से खुल सकता है हत्या का राज

स्थानीय लोगों ने बताया कि अमन का एक रिश्तेदार से कुछ दिन पहले लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। घटना स्थल पर एक बड़ी चाबी पड़ी थी, जिसे रिश्तेदार ने पुलिस के पहुंचने से पहले उठा लिया। परिजनों ने उसे टोका भी था। अब सवाल है कि रिश्तेदार की चाबी घटना स्थल पर कैसे पहुंची। वहीं जिस वक्त अमन का शव सीएचसी पर ले जाया गया, उस वक्त रिश्तेदार ने बताया था कि उसकी जेब में 13 सौ रुपये थे, जबकि परिजनों का कहना है कि अमन को रविवार को भुगतान मिलना था। अंत्येष्टि के दौरान जब पुलिस ने रिश्तेदार को बुलवाया तो उसने फोन नहीं उठाया। अमन के पिता के फोन करने पर वह शर्त के साथ मौके पर आया। पुलिस रिश्तेदार से भी पूछताछ कर रही है। उसके कई बयान भी विरोधाभासी हैं।

मोबाइल में मिली व्हाट्सएप चैटिंग

पुलिस ने इस प्रकरण में एक युवती समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस जांच में पता चला है कि युवती, अमन और उसके तीन दोस्तों के बीच व्हाट्सएप पर अश्लील चैटिंग होती थी। इसके अलावा पुलिस को अमन के मोबाइल में भी बातचीत की रिकार्डिंग व्हाट्सएप चैट पर मिली है। पुलिस चैटिंग की जांच कर रही है। पुलिस ने पूछताछ के बाद युवती को छोड़ दिया है।

अमन पटेल

प्रेम प्रसंग या लेनदेन में हत्या की आशंका

बताया जाता है कि अमन पटेल का एक युवती से प्रेम प्रसंग था। युवती को लेकर अमन और उसके दोस्त में कहासुनी हुई थी। अमन पटेल ठेके पर लोगों के प्लॉट में मिट्टी डलवाने का कार्य करता था। दो महीने पहले अमन का खनन के रुपयों को लेकर किसी से विवाद हुआ था। पुलिस इन्हीं दोनों वजह से हत्या की आशंका जता रही है।

> अमन हत्याकांड में युवती समेत तीन युवकों से पूछताछ की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> –नितिन कुमार, सीओ हाईवे

बीच-बचाव में पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

- फरीदपुर के गांव ढकनी में ईंट भट्टे पर मजदूरों में हुआ था विवाद
- पुलिस ने गोली मारने वाले को पकड़ा, लेनदेन का भी था विवाद

अमृत विचार : फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव ढकनी में मजदूरों के विवाद में बीच-बचाव करने पहुंचे पूर्व प्रधान की सीने में गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने तमंचा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गोली मारने वाले से भट्टा मालिक का रुपयों के लेन-देन का भी विवाद बताया जा रहा है। परिजनों ने अभी किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी है।

गांव ढकनी के रहने वाले पप्पू ने बताया कि उनके चचेरे भाई मोहम्मद मजहर हुसैन उर्फ बॉबी के दो ईंट भट्टे हैं। वह दो बार प्रधान भी रह चुके हैं। मजहर का गांव पदारथपुर में नहर पर न्यू हैदरी ब्रिक फील्ड के नाम से भट्टा है। उनके भट्टे पर सोमवार को घोड़ा बुग्गी को लेकर मजदूरों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर सुबह साढ़े नौ बजे के करीब मजहर खान भी पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत करा दिया। थोड़ी देर बाद मजदूर फिर से झगड़ने लगे। मजहर फिर बीच-बचाव करने पहुंचे। इस पर एक पक्ष ने अपने दोस्तों को बुला लिया। इस पर भट्टा मालिक ने एक को एक थप्पड़ मार दिया, जिससे गुस्साए युवक ने उनके सीने में गोली मार दी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि मजहर सभी के सुख-दुख में साथ खड़े होते थे। मजहर हुसैन के दो बेटे यावर और बाबर और एक बेटी है। तीनों की शादियां हो चुकी हैं। एक बेटे ने अलीगढ़ यूनिवर्सिटी से पीएचडी और दूसरे ने एलएलएम की पढ़ाई की है।

घटना स्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

> रुपयों के लेन-देन में भट्टा मालिक से विवाद चल रहा था। जिसके कारण युवक ने गोली मारकर हत्या की है। पुलिस ने युवक को बाइक और तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल अभी तक परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।
> –मानुष पारीक, एसपी देहात दक्षिणी

बरेली से मैलानी लखीमपुर के रास्ते चलेगी तीसरी ट्रेन

बरेली, अमृत विचार : पीलीभीत से मैलानी के बीच आमान परिवर्तन के बाद रेल प्रशासन इस रूट पर लगातार ट्रेनें चलाने का निर्णय ले रहा है। इज्जतनगर रेल मंडल ने सोमवार को लालकुआं-वाराणसी के बीच ट्रेन चलाने का एलान किया। यह ट्रेन इज्जतनगर होते हुए मैलानी-लखीमपुर के रास्ते वाराणसी तक जाएगी। बरेली होते हुए तीसरी ट्रेन इस रूट पर चलाने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले दो ट्रेनें चलाने का पहले ही निर्णय लिया जा चुका है। अभी तक इस रूट पर 4 अप्रैल को मालगाड़ी चली थी।

करीब आठ साल से बंद पड़े इस रूट पर गुरुवार से यात्री ट्रेनों का संचालन शुरू होगा। 05055 लालकुआं-वाराणसी सिटी स्पेशल ट्रेन 29 अप्रैल से 24 जून के बीच प्रत्येक सोमवार को लालकुआं से 15:00 बजे चलकर इज्जतनगर से 16.55 बजे, भोजीपुरा से 17.57 बजे, पीलीभीत, पूरनपुर, मैलानी, लखीमपुर के रास्ते जाएगी। वापसी में 05056 वाराणसी सिटी-लालकुआं स्पेशल ट्रेन 30 अप्रैल से 25 जून के बीच प्रत्येक मंगलवार को वाराणसी सिटी से 14:15 बजे चलकर लखीमपुर, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत के रास्ते भोजीपुरा से 04:15 बजे, इज्जतनगर से 05:05 बजे रवाना होगी। इससे पहले इस रूट पर रेल प्रशासन ने 05043/05044 रामनगर-लखनऊ-रामनगर इज्जतनगर के रास्ते और 05060/05059 लालकुआं-हावड़ा-लालकुआं एक्सप्रेस भोजीपुरा के रास्ते चलाने का एलान किया गया है।

कूड़ा डालने के विवाद में महिला को पीटकर मार डाला

संवाददाता, बरेली/शाही

- शाही थाना क्षेत्र के गांव भमोरा की घटना, तीन पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : शाही थाना क्षेत्र के भमोरा गांव में घूरे पर कूड़ा डालने के विवाद में एक महिला की पड़ोसियों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। भमोरा गांव निवासी मोहनलाल ने बताया कि सोमवार की सुबह 6:30 बजे उनकी बेटी क्रांति घूरे पर कूड़ा डालने के लिए गई थी। गांव के ही रहने वाली माया से क्रांति का कूड़ा डालने को लेकर विवाद हो गया। इस पर माया, उसके पति हेमपाल उर्फ बाबू और बेटी शांति देवी ने उनकी बेटी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करना शुरू कर दिया। वहां से क्रांति वापस आने लगी तो तीनों ने उसे रास्ते में घेर लिया। क्रांति की मां चंपा देवी (55) बेटी को बचाने पहुंची तो तीनों ने मिलकर चंपा देवी पर लात-घूंसों से हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन चंपा देवी को अस्पताल लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही चंपा देवी की मौत हो गई। थाना प्रभारी सतीश नयन ने बताया कि एक दूसरे के घूरे में कूड़ा डालने पर विवाद हुआ था। जिसमें चंपा देवी की पिटाई के दौरान गंभीर चोटें आने के कारण मौत हो गई।

डॉ. निशांत का हृदय गति रुकने से निधन

बरेली, अमृत विचार : हृदय गति रुकने से शहर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) और गंगाशील ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल एंड इंस्टीट्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. निशांत गुप्ता (49) का सोमवार को निधन हो गया। इससे चिकित्सकों में शोक की लहर दौड़ गई। वह तीन साल से लिवर संबंधी बीमारी से ग्रसित थे।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल ने बताया कि डॉ. निशांत गुप्ता सुबह करीब 11 बजे अस्पताल में बने अपने केबिन से बाहर आए और स्टाफ से आईसक्रीम लेकर आने की बात कही। स्टाफ जब आईसक्रीम लेकर लौटा तो वह केबिन के अंदर बेहोशी की हालत में जमीन पर गिरे हुए मिले। स्टाफ ने दूसरे डॉक्टरों को सूचना दी और वेंटिलेटर पर रखकर उनका इलाज शुरू किया गया, लेकिन शाम करीब 4 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। डॉ. राजीव ने बताया कि दिल की धड़कन रुकने के साथ ही उनके दिमाग ने भी काम करना बंद कर दिया था। उनके घर में वरिष्ठ फिजिशियन पिता डॉ. नवल किशोर गुप्ता, पत्नी डॉ. शालिनी और उनका एक बेटा और बेटी है। उनका सिटी श्मशान भूमि पर शाम 6 बजे अंतिम संस्कार हुआ।

खतरे में डाल रहे छात्रों की जिंदगी

वाहन चालक स्कूली बच्चों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, क्षमता से अधिक बच्चों को वाहनों में बैठा रहे हैं। सोमवार को कैंट स्थित बिशप कोनरॉड स्कूल के बाहर खड़े एक ऑटो की छत पर बच्चा बैग रखने के लिए चढ़ा। इस दौरान चालक भी मौजूद था। बच्चा गिरकर चोटिल हो सकता था, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। ● फोटो एवं विवरण : मोहित कुमार सिंह

किसान आंदोलन की वजह से घंटों देरी से पहुंचीं ट्रेनें, परेशान हुए यात्री

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पंजाब हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान कर रहे हैं आंदोलन
- पंजाब मेल, सियालदह एक्सप्रेस समेत 15 ट्रेनों का संचालन प्रभावित

अमृत विचार: पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन की वजह से पांचवें दिन बरेली जंक्शन पर कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं। सियालदह, पंजाब मेल, शहीद और गंगा सतलज जैसी ट्रेनों के इंतजार में गर्मी में यात्री परेशान हो गए। सोमवार को 15 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों को एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की।

किसान आंदोलन के कारण सोमवार को 13006 पंजाब मेल चार घंटे 21 मिनट, 13152 सियालदह चार घंटे 19 मिनट, 13308 गंगा सतलुज 11 घंटे 48 मिनट, 12203 सहरसा अमृतसर गरीबरथ 12 घंटे, 12332 हिमगिरी आठ घंटे, 12358 दुर्गियाना पांच घंटे 12 मिनट, 12491 मोरध्वज एक्सप्रेस एक घंटा और 14674 शहीद एक्सप्रेस दो घंटे 35 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची। इसके अलावा 15212 जननायक एक्सप्रेस शार्ट ओरिजनेट और 15211 शार्ट टर्मिनेट की गई। ट्रेनों के इंतजार से गुस्साए यात्रियों ने एक्स पर रेलवे अधिकारियों से शिकायतें कीं उन्हें पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन की जानकारी दी गई।

जंक्शन पर भीड़ के चलते ट्रेन में चढ़ने के दौरान यात्रियों को परेशानी से जूझना पड़ा।

भीड़ की वजह से भी हो रही परेशानी

ट्रेनों में भीड़ की वजह से यात्रियों को परेशानी हो रही है। रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों का भी संचालन शुरू कर दिया है लेकिन इसके बावजूद यात्रियों को राहत नहीं मिल रही है। सोमवार को बरेली जंक्शन से जाने वाली त्रिवेणी एक्सप्रेस, सियालदह एक्सप्रेस, अवध असम एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के अंदर पैर तक रखने की जगह नहीं थी। ठसाठस भरी इन ट्रेनों में यात्रियों ने दरवाजे पर लटककर सफर किया।

समय पर नहीं हो सका प्रसव, गर्भवती की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला महिला अस्पताल में रविवार सुबह शाहीन को भर्ती कराया गया था
- एक महिला चिकित्सक कर रही थीं ऑपरेशन, मौके पर नहीं था कोई स्थाई डॉक्टर

अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में भर्ती गर्भवती छह घंटे तक दर्द से कराहती रही। इस दौरान उसे ठीक से इलाज नहीं मिल सका। समय पर प्रसव न होने के कारण गर्भवती की मौत हो गई।

पुराना शहर निवासी फुरकान ने प्रसव पीड़ा होने पर पत्नी शाहीन को रविवार सुबह 6 बजे जिला महिला अस्पताल लेकर आए। यहां प्राथमिक उपचार देकर ईएमओ ने शाहीन को भर्ती कर लिया। जांच में बच्चा उल्टा होने की बात सामने आई। इस पर ईएमओ ने सूचना स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ को दी, लेकिन वह ऑपरेशन कर रही थीं। अन्य कोई भी स्थाई डॉक्टर अस्पताल में मौजूद नहीं था।

परिजनों के अनुसार करीब 6 घंटे तक शाहीन को ठीक से इलाज नहीं मिल पाया। लेबर रूम में तैनात नर्सिंग स्टाफ ने गर्भवती की गंभीर हालत की सूचना सीएमएस को दी। सीएमएस ने तुरंत डॉक्टर से संपर्क कर गर्भवती का प्रसव कराने का आदेश दिया। दोपहर 12 : 10 बजे गर्भवती ने दम तोड़ दिया। जबकि स्टाफ गर्भवती को हायर सेंटर रेफर करने की तैयारी कर रहा था।

जब शाहीन को भर्ती किया तो बेहोशी की हालत में थीं

सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि शाहीन को जब भर्ती किया गया, तब वह बेहोशी की हालत में थीं, उनका तुरंत इलाज शुरू कर दिया गया। वह कई अन्य बीमारियों से भी ग्रसित थीं। वहीं ड्यूटी पर डॉक्टर की मौजूदगी थी। उन्होंने मरीज को देखा भी था।

आठ साल की बच्ची से किशोर ने किया दुष्कर्म

फरीदपुर, अमृत विचार : फरीदपुर क्षेत्र में आठ साल की बच्ची को किशोर टॉफी दिलाने के बहाने झाड़ियों में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बच्ची की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने किशोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि 14 साल का किशोर उनकी आठ साल की बेटी को टॉफी दिलाने के बहाने झाड़ियों में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी के चंगुल से छूटने के बाद खून से लथपथ बच्ची घर पहुंची। पूछताछ करने पर उसने पूरी बात बताई।

फर्जी नामांकन के मामले में प्रपत्रों की जांच के बाद होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : आंवला लोकसभा क्षेत्र से बसपा उम्मीदवार बता कर फर्जी नामांकन करने के मामले में चुनाव अधिकारी को दिए गए प्रपत्रों की जांच की जाएगी। जांच में मिले तथ्यों को आधार बना कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेगी। पुलिस चुनाव अधिकारी से सभी प्रपत्रों को लेने के लिए पत्राचार भी करेगी। आंवला लोकसभा से बसपा के प्रत्याशी आबिद अली ने शाहजहांपुर के जलालाबाद के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी सत्यवीर सिंह और सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य आरोपों में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि सत्यवीर सिंह ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर फॉर्म ए और बी को सिंबल अथॉरिटी के रूप में अपने नामांकन पत्र के साथ लगाया है। आरोप है कि सपा प्रत्याशी ने ही सत्यवीर सिंह का फर्जी तरीके से नामांकन कराया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर बाहर आते सपा नेता।

पार्टी प्रत्याशी पर रिपोर्ट दर्ज होने पर सपा नेता एसएसपी से मिले

सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सोमवार को पार्टी नेताओं ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से मुलाकात की। सपा नेताओं ने एक साजिश के तहत रिपोर्ट दर्ज करने का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। साथ ही आरोप लगाया कि मामले में अन्य पार्टी के लोग भी शामिल हैं, जो बेवजह मामले को तूल देने में लगे हैं। एसएसपी ने सभी को मामले में निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही एसएसपी ने कहा कि कोई भी बेगुनाह जेल नहीं जाएगा। पीलीभीत से सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार, सपा विधायक अताउर रहमान, जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, पूर्व सांसद वीरपाल यादव, पूर्व विधायक विजय पाल यादव आदि मौजूद रहे।

> फर्जी नामांकन के मामले में पुलिस सभी प्रापत्रों की जांच करेगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसे आधार बनाकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कोई भी बेगुनाह जेल नहीं जाएगा।
> –घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

आरएसएस का मतदान से पहले 120 बस्तियों में समन्वय बैठक का लक्ष्य

बरेली, अमृत विचार : बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र के लिए 7 मई को मतदान होना है। इससे पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने 120 बस्तियों में समन्वय बैठक कर अधिक से अधिक मतदान कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभी तक करीब 60 से अधिक समन्वय बैठक हो चुकी है। शहर में भी बैठकों का दौर शुरू हो गया है। संघ से जुड़े लोग अधिक से अधिक मतदान करने के लिए बस्तियों के लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसमें राष्ट्रवाद के पक्ष मतदान करने का आग्रह किया जा रहा है। बैठकों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सुझाव भी मांगे जा रहे हैं। इसको लेकर भारत राष्ट्र अभियान, आओ करें मतदान आदि स्लोगन तैयार किए गए हैं। स्वयं सेवक अनुसूचित जाति मोर्चा के जरिए दलित बस्तियों में संपर्क और संवाद कर रहे हैं। वहीं पिछड़ा वर्ग मोर्चा पिछड़ी जातियों को भी राष्ट्रवाद के नाम पर मतदान के लिए प्रेरित कर रहा है। वहीं, प्रबुद्ध वर्ग को दिव्यांग और महिला मतदाताओं का शत प्रतिशत वोट डलवाने के लिए जागरूक किया रहा है।

भाजपा की बी टीम बनकर काम कर रही बसपा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रेसवार्ता में बोले- आंवला सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य
- सत्यवीर के नामांकन को लेकर कहा कि उसमें उनका कोई रोल नहीं

अमृत विचार : रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आंवला लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य ने सोमवार को सिविल लाइंस के एक होटल में प्रेस वार्ता की। जिसमें उन्होंने कहा कि बसपा भाजपा की बी टीम बनकर काम कर रही है। वहीं, सत्यवीर के नामांकन को लेकर कहा कि उसमें उनका कोई रोल नहीं था।

उन्होंने कहा कि बसपा उम्मीदवार आबिद अली कल तक सपा में थे, लेकिन आज वह सपा का विरोध कर रहे हैं। कहा कि आंवला में उनके पक्ष में रुझान है, इस वजह से भाजपा घबराई हुई है। बोले-मेरे खिलाफ चुनाव लड़ने वाले साजिश रच रहे हैं। उन्हें क्षेत्र से मुस्लिम समाज का पूरा समर्थन मिल रहा है। कहा कि अगर जांच में वह गलत पाए जाते हैं तो वह राजनीति छोड़ देंगे। कहा कि भाजपा आंवला के समीकरण से घबरा गई है। जनता आंवला में बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि रोंधी गांव को सांसद ने गोद लिया है, लेकिन गांव में विकास दिखाई नहीं दे रहा है। पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, सपा जिलाध्यक्ष शिव चरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, नेहा यादव, मयंक शुक्ला, संजीव यादव, रविंद्र यादव, आदेश यादव, डॉ. देवेंद्र यादव, अशोक यादव, प्रमोद यादव, भारती चौहान आदि मौजूद रहे।

पैसे लेकर चुनाव लड़कर जनता को मूर्ख बना रहे आबिद अली : आंवला लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य ने कहा कि लोकसभा या विधानसभा का चुनाव आते ही कुछ लोग दूसरों को चुनाव जिताने के लिए खिलौना बनकर काम करते हैं। यह लोग सौदेबाजी करके टिकट लाते हैं।

दूसरों के पैसे से चुनाव लड़कर जनता को मूर्ख बनाने की कोशिश करते हैं। इन्हीं में से एक हैं बसपा के प्रत्याशी आबिद अली। आंवला के चेयरमैन पहले सपा में ही थे, लेकिन लोकसभा चुनाव आते ही उनको पैसा कमाने की राह दिखाई दी। भाजपा से डील करके बसपा से लोकसभा का टिकट ले आए। यह बात हम नहीं कह रहे हैं बल्कि पूरे आंवला क्षेत्र में इस बात की चर्चा है।

प्रेस वार्ता में बोलते आंवला लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य।

आबिद अली कोई चुनाव जीतने के लिए चुनाव नहीं लड़ रहे हैं बल्कि वह भाजपा के डमी कैंडिडेट हैं। कहा कि आबिद अली खुद चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।

पर्दे के पीछे से भाजपा उनको चुनाव लड़ा रही है। उनका सारा खर्च भी वहीं से चल रहा है। आबिद अली के चुनाव लड़ने का सीधा मतलब यह है कि मुस्लिम वोटों का बंटवारा कराकर भाजपा को चुनाव जिताया जा सके। आबिद अली ने भाजपा के इशारे पर उनके खिलाफ पुलिस में झूठी तहरीर देकर एफआईआर कराई है। कहा कि आने वाले दिनों में यह मुझ पर हमला कर सकते हैं, या फिर सपा कार्यकर्ताओं पर हमला करने के झूठे आरोप लगा सकते हैं। पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव ने कहा कि प्रशासन को पहले पूरे मामले की जांच करनी चाहिए थी। उसके बाद में एफआईआर दर्ज करने का निर्णय लेना था। जांच पूरी होने से पहले एफआईआर करने के मामले में सपा की ओर से रिटर्निंग ऑफिसर से मिलकर आपत्ति दर्ज कराई गई है।

संकट मोचन मंदिर से निकली शोभायात्रा

देव स्वरूपों की झांकियां ने मोहा मन, लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पीलीभीत बाईपास स्थित गार्डन सिटी में संकट मोचन मंदिर से सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा बीसलपुर चौराहा, यूनिवर्सिटी गेट, ग्रीन पार्क, पवन विहार, सनराइज कॉलोनी, तुलसी नगर, डोहरा, आकाश पुरम से होते वापस मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में रामदरबार , शनि देव, शिव परिवार और हनुमान स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा में बैंडबाजे और भजनों की धुन पर श्रद्धालु नाचते गाते हुए चल रहे थे। महिलाओं की टोलियां भजन कीर्तन और मंत्र जाप के साथ आगे बढ़ रही थीं। हनुमान के जयकारे गूंज रहे थे।

लोगों ने जगह जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इससे पहले हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा की गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार ने झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। सचिव नरेश चंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में भाग लिया।

शोभायात्रा में सजी रामदरबार की झांकी। ● अमृत विचार

संकट मोचन मंदिर से निकली शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

राधाकृष्ण मंदिर से श्रद्धालुओं ने धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

बरेली, अमृत विचार : हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मारवाड़ीगंज स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर से सोमवार को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहामतगंज समेत तमाम मार्गों से होते हुए दोबारा मंदिर पर आकर समाप्त हुई। भजनों की धुन पर श्रद्धालु नाचते गाते हुए चल रहे थे। संदीप बियानी ने बताया कि मंगलवार को सुबह मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। संजय झवर, रामदयाल मोहता, सीताराम, नितिन काबरा, सत्य प्रकाश परवाल, अनुपम टेबड़ीवाल, सुरेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

आज मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

बरेली, अमृत विचार : नाथनगरी जलाभिषेक समिति मंगलवार को शहामतगंज स्थित गिरधारी लाल मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाएगी। सोमवार को बैठक में पदाधिकारियों ने तैयारियों पर चर्चा की। समिति के अध्यक्ष ब्रजवासी लाल अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर पुरोहित आशुतोष शर्मा नाथनगरी दर्पण पत्रिका का विमोचन करेंगे। सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ होगा। आशुतोष अग्रवाल, मनोज देवल, अनूप अग्रवाल, कपिल गुप्ता, धर्माथ सक्सेना, पंकज देवल, धर्मेश अग्रवाल, रोहित, राधिका शर्मा, तुषार, मनोज देवल आदि मौजूद रहे।

पोस्ट पेमेंट बैंक के लिए खोले जाएंगे काउंटर

बरेली, अमृत विचार : डाकघरों में जल्द ही काउंटर पर ही इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की योजनाओं की सुविधा मिलेगी। डाक प्रशासन इसकी तैयारी कर रहा है।

डाकघरों में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की बीमा सुविधा और अन्य उत्पादों के बारे में गांव-गांव शिविर लगाकर बताया जा रहा है। अब यह सुविधा प्रत्येक डाकघर, शाखा डाकघर और उपशाखा डाकघर में काउंटर लगाकर दी जाएगी। प्रवर डाक अधीक्षक अमित दत्त ने बताया कि जल्द ही सुविधा सभी ग्राहकों को काउंटर पर ही मिलेगी।

कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपैन्डिसाइट्स, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया

फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसे:-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)

दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
Lifelines OF BAREILLY MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE

डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
● मेडिसिन विभाग ● सर्जरी विभाग ● स्त्री एवं प्रसूति विभाग ● मानसिक रोग विभाग ● हड्डी रोग विभाग ● न्यूरो विभाग ● बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध

डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
समय: प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
स्वास्थ्य परामर्श
- डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
- दिल सम्बन्धित बीमारियां
- शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
- बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
- थायराइड, गठिया, खून की कमी
- जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
- दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
- लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
- गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
पता:- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्र:- 7895161674, 7906502059

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. पुनीत सरपाल (वरिष्ठ चिकित्सक)
डॉ. सोनम सरपाल (चिकित्सक)
समय-प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक
विशेषज्ञ
कैंसर, गुर्दे रोग, पथरी, बांझपन, हाईड्रोसीफलस, चर्म रोग
PILES, FISSURE, FISTULA, AVN, PANCREAS, ITP
Since 1978
सरपाल होम्योपैथी
ए-92, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के पास, एकता नगर, बरेली
9837318170, 6397009532
डॉ. प्रियम सरपाल
youtube channel : www.youtube.com/user/drPunitSarpal/Videos

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
बृहस्पतिवार
समय 4 से 6 बजे तक

नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण

1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
    - 24 घंटे के अन्दर
    - 14 दिन के बाद भी
    - हथेली व तलुवे का भी पीला होना
    - Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना

(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

तेज धूप और गर्मी में बेहाल हो रहे स्कूली बच्चे

दोपहर में 1 से 2 बजे के बीच स्कूलों की छुट्टी से हो रही ज्यादा दिक्कत, अभिभावक भी हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : दिन में तापमान बढ़ रहा है। भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों को हो रही है। दोपहर के समय तेज धूप में घर लौटते समय बच्चों का हाल बेहाल हो जाता है। शहर के अधिकांश निजी स्कूलों में दोपहर 1 से 2 बजे के बीच बच्चों की छुट्टी हो रही है। बच्चों को धूप से बचाने में अभिभावकों को भी परेशानी से सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार को दिन में 37.8 डिग्री तापमान रहा । 12.30 बजे से शहर के तमाम स्कूलों में बच्चों को लेने के लिए उनके अभिभावकों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। पीलीभीत बाईपास स्थित वुडरो स्कूल में बच्चों की छुट्टी 1 बजे होती है। यहां बच्चों को लेने पहुंचे अभिभावक बाहर पेड़ की छांव में धूप से बचाते दिखे। अभिभावक स्कूल की छुट्टी का समय बदलने के मुद्दे पर आपस में बातचीत कर रहे थे। बाहर ही एक कोने में अपने बच्चों के बाहर आने का इंतजार कर रही महिलाएं धूप से बचाने के लिए छाता और टोपी लेकर पहुंची थीं। जब बच्चों की छुट्टी हुई तो अभिभावक उन्हें धूप से बचाने को लेकर परेशान दिख रहे थे। जीआरएम स्कूल, राधा माधव पब्लिक स्कूल, जनता पब्लिक आदि स्कूलों में भी बच्चों की छुट्टी 1 से 2 बजे के बीच हुई, जबकि परिषदीय स्कूलों में बच्चों की छुट्टी का समय 2 बजे निर्धारित है।

छुट्टी के बाद वुडरो स्कूल के बाहर बच्ची को धूप से बचाती अभिभावक। ● अमृत विचार

जीआरएम स्कूल की छुट्टी होने के बाद गर्मी में परेशान होते बच्चे। ● अमृत विचार

छुट्टी के समय स्कूलों के सामने लगता है जाम

ज्यादातर स्कूलों के बाहर छुट्टी के समय अभिभावक और बच्चों को सड़कों पर जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। बच्चों को भी परेशानी होती है। पीलीभीत बाईपास, अलख नाथ रोड, नैनीताल रोड, सिविल लाइंस आदि स्थानों पर स्कूलों की छुट्टी के समय बाहर जाम के हालात बन जाते हैं।

शिक्षक संगठन स्कूलों के समय परिवर्तन की कर रहे मांग

परिषदीय स्कूलों का समय परिवर्तन करने को लेकर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, यूटा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से दो हफ्तों से मांग की जा रही है। शिक्षकों का कहना है कि ज्यादातर स्कूलों में बिजली, पंखा और पर्याप्त कक्ष नहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को स्कूल आने के लिए 1 से दो किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। गर्मी में उनका स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

अभिभावक बोले- स्कूलों के समय में किया जाए बदलाव

स्कूलों में बच्चों की छुट्टी 12 बजे होनी चाहिए, ताकि बच्चों को कड़ी धूप का सामना न करना पड़े।– **मयंक कपूर**, अभिभावक

इन दिनों गर्म हवाएं भी चल रहीं हैं। ऐसे में बच्चों के बीमार होने का खतरा भी बना रहता है। स्कूलों के समय में परिवर्तन होना चाहिए।– **सुनीता बोरा**, अभिभावक

अभी स्कूलों के समय परिवर्तन को लेकर शासन की ओर से कोई आदेश नहीं मिला है, लेकिन बढ़ते तापमान को देखते हुए उम्मीद है कि जल्द इस संबंध में समय परिवर्तन का निर्देश जारी हो सकता है। –**संजय सिंह**, बीएसए

गर्मी में अभिभावक भी बेहाल नजर आए।

सिर पर कपड़ा डालकर धूप से बचती छात्रा।

धूप से बचने को छाते का सहारा।

गर्मी से बचाव के लिए आइस्क्रीम खाते बच्चे।

डायरिया से बचाव के लिए सभी सीएचसी पर बनेंगे ओआरएस कार्नर

बरेली, अमृत विचार : गर्मी में डायरिया का हमला तेज हो गया। सबसे अधिक बच्चे डायरिया से ग्रसित मिल रहे हैं। इसको देखते हुए सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने सभी सीएचसी प्रभारियों को अस्पताल में ओआरएस कार्नर बनाने का आदेश दिया है। ओआरएस पैकेट की उपलब्धता बनाए रखने को भी कहा है।

डायरिया ग्रसित 16 बच्चे भर्ती : जिला अस्पताल स्थित बच्चा वार्ड में एक माह से लगातार डायरिया से ग्रसित भर्ती हो रहे हैं। सोमवार को वार्ड में कुल 23 बच्चे भर्ती थे, इसमें 16 बच्चे डायरिया और अन्य बुखार से ग्रसित थे।

ओपीडी में बुखार और डायरिया के मरीज अधिक पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मौसम में उतार चढ़ाव लोगों की सेहत पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है। सोमवार जिला अस्पताल की ओपीडी में 1200 से अधिक मरीज पहुंचे। इनमें सबसे अधिक संख्या वायरल बुखार और डायरिया के रोगियों की रही।

जिला अस्पताल के एनसीडी क्लिनिक के प्रभारी डॉ. मयंक ने बताया कि पहले रोजाना 40 से 50 मरीज जांच के लिए आ रहे थे, लेकिन अब यह आंकड़ा 100 से 120 तक पहुंच गया है। जांच में मरीजों का ब्लड प्रेशर और मधुमेह असंतुलित मिल रहा है। इसका मुख्य कारण मौसम का बदलाव है, क्योंकि दिन तेज धूप और रात में ठंड का अहसास हो रहा है। इसलिए लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। वहीं, सोमवार को ओपीडी में डेढ़ सौ मरीज बुखार और 50 से 60 रोगी डायरिया के सामने आए।

जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की लगी कतार। ● अमृत विचार

- जिला अस्पताल में पहुंचे 1200 से अधिक मरीज
- मौसम में उतार चढ़ाव से ब्लड प्रेशर, मधुमेह हो रहा असंतुलित

शिविर में अव्यवस्थाएं हावी, परेशान हुए दिव्यांग

सीएमओ कार्यालय में सोमवार आयोजित दिव्यांग जन शिविर में अव्यवस्थाएं हावी रहीं। इससे दिव्यांगों को परेशानी हुई। कार्यालय में जिस कमरे में दिव्यांगों की जांच के लिए बोर्ड में शामिल सदस्य बैठते हैं, वहां दो दिव्यांगों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं है। कार्यालय के बाहर दिव्यांगों के लिए न रैंप है और न ही व्हीलचेयर। जमीन पर घिसटते हुए दिव्यांग नजर आए। पास से ही स्वास्थ्य विभाग के अफसर गुजरते रहे, मगर इस ओर ध्यान नहीं दिया।

जल्द मरीजों की राह होगी आसान

जिला अस्पताल में सीवर लाइन मरम्मत के चलते खराब हुईं सड़कों को ठीक किया जा रहा है। इस वजह से मार्ग पर बैरियर लगा दिए गए हैं। मरीजों को ओपीडी और वार्डों तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि सड़क मरम्मत कार्य अंतिम चरण में है। एक सप्ताह में कार्य पूरा हो जाएगा।

छात्र स्क्रूटनी के लिए 14 मई तक कर सकते हैं आवेदन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : परीक्षाफल से असंतुष्ट हाईस्कूल और इंटर के विद्यार्थियों को एक और मौका दिया गया है। ऐसे विद्यार्थी जिन्हें यह लग रहा है कि उन्हें किसी विषय में कम अंक दिए गए हैं, या अनुत्तीर्ण हों, उन छात्रों की कॉपियों की दोबारा जांच (स्क्रूटनी) कराई जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से छात्र 14 मई तक आवेदन कर सकते हैं। परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय के सचिव डा. नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि छात्र ऑनलाइन आवेदन के साथ चालान और आवेदन की हार्ड कापी रजिस्टर्ड डाक से बोर्ड कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। स्क्रूटनी के लिए प्रति प्रश्नपत्र शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है। लिखित और प्रयोगात्मक खंड के लिए अलग शुल्क निर्धारित है। क्षेत्रीय कार्यालय में परीक्षा से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए ग्रीवांस सेल का गठन किया गया है। सुबह 10 से शाम को 5 बजे तक सेल में छात्रों की समस्या का समाधान होगा। छात्र या स्कूल के प्रधानाचार्य छात्रों की समस्याओं से संबंधित दस्तावेज तैयार कर ग्रीवांस सेल में जमा कर सकते हैं।

आरटीई : चयनित बच्चों का प्रवेश नहीं देने पर तीन स्कूलों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बीएसए ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत चयनित बच्चों को प्रवेश न देने पर तीन स्कूलों को नोटिस दिया है। अफसरों के अनुसार नोटिस के बाद भी चयनित बच्चों को प्रवेश नहीं देने पर स्कूलों के खिलाफ मान्यता रद्द करने संबंधी कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को बीएसए की ओर से नैनीताल रोड स्थित गुलाब राय मांटेसरी स्कूल, सेक्रेट हार्टस किडूकेशन और मैकेनियर रोड स्थित श्री डॉट्स स्कूल के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों को नोटिस भेजा गया है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि अभिभावकों की शिकायत पर यह कदम उठाया गया है। यदि जल्द से बच्चों का दाखिला स्कूल में नहीं लिया जाता है तो संबंधित स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- अभिभावकों की शिकायत पर बीएसए ने की कार्रवाई

अफसर सख्त हुए तो सोबती पब्लिक स्कूल ने चयनित बच्चों को दिया प्रवेश

बीते दिनों ग्रीन पार्क स्थित सोबती पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने आरटीई के तहत चयनित बच्चों का दाखिला लेने से मना कर दिया था। इस पर विभागीय अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू की तो स्कूल प्रबंधन बैकफुट पर आ गया है। स्कूल में चयनित 18 बच्चों का प्रवेश होना था। शनिवार को स्कूल प्रबंधन से सभी चयनित बच्चों को दाखिला लेने पर सहमति देने के साथ प्रवेश फार्म भी अभिभावकों को दे दिए।

प्लास्टिक के उपयोग पर पूरी तरह लगे अंकुश

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह और प्रो. वेल्लादुरई नारायनन ने की।

मुख्य अतिथि रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान रहे। प्रधानाचार्य ने वर्ल्ड अर्थ डे मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। नर्सिंग ट्यूटर निलेश विलसन और निकिता ठाकुर ने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। इस दौरान विद्यालय के छात्र एवं शिक्षक मौजूद रहे।

बरेली कॉलेज में 25 से होगी मिड टर्म परीक्षा

कार्यालय संवाददाता,बरेली

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में सभी मेजर विषयों की मिड टर्म परीक्षा 25 अप्रैल से शुरू होगी। कॉलेज की ओर से परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। वहीं एक फर्जी परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किया गया, जिस पर छात्र परेशान हुए। बरेली कॉलेज की परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि मिड टर्म परीक्षा पांच पालियों में कराई जाएगी। सभी छात्र-छात्राओं को निर्धारित तिथि पर परीक्षा देनी होगी, नहीं तो उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा। उनकी परीक्षा दोबारा संपन्न कराना संभव नहीं है। चतुर्थ सेमेस्टर की माइनर इलेक्टिव, द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की माइनर वोकेशनल परीक्षा की तिथि भी जल्द घोषित की जाएगी। छात्र कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा कार्यक्रम के आधार पर ही परीक्षा में शामिल हों।

नकल सामग्री के साथ छात्र पकड़ा : बरेली कॉलेज में सुबह की पाली में बीकॉम के छात्र को सचल दल ने नकल सामग्री के साथ पकड़ा। छात्र के पास हाथ से लिखी पर्चियां मिलीं। सचल दल ने छात्र को बुक कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी है।

बरेली कालेज में परीक्षा देकर बाहर आते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

25 से कम छात्रों की परीक्षा दूसरे कॉलेज में करा सकेंगे

बरेली, अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक की प्रयोगात्मक परीक्षा में 25 से कम छात्र होने पर महाविद्यालय दूसरे महाविद्यालय से परीक्षा करा सकेंगे। इसके लिए दूसरे महाविद्यालय की सहमति जरूरी है।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने बताया कि परीक्षा दूसरे महाविद्यालय से कराने पर भी परीक्षक को ही पोर्टल पर अंक अपलोड करने होंगे।

- परीक्षक को ही पोर्टल पर अंक अपलोड करने होंगे

सार-संक्षेप

मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : सुभाष नगर स्थित आर्य पुत्री बालिका इंटर कॉलेज का बोर्ड परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। सोमवार को स्कूल में हाईस्कूल में सर्वाधिक अंक पाने वाली छात्रा सृष्टि राठौर, मीनाक्षी शर्मा, खुशबू यादव और इंटर में मेघा रस्तोगी, रिंकी और राधिका गोस्वामी को पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक डा. मिथिलेश भदोरिया, प्रधानाचार्या प्रवेश कुमारी ने मेधावी छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

गर्म हो रही पृथ्वी को बचाने के लिए पौधरोपण जरूरी

बरेली, अमृत विचार : विश्व पृथ्वी दिवस पर मानव सेवा क्लब की ओर से सोमवार को कहरवान स्थित कार्यालय सभागार में गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस मौके पर इन्द्रदेव त्रिवेदी और प्रकाश चन्द्र सक्सेना ने कहा कि पृथ्वी की गर्माहट कम हो, इसलिए पौधरोपण बेहद जरूरी है। क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने कहा कि विकास के नाम पर हरे पेड़ काटे जा रहे हैं, जो घातक है। महासचिव सत्येन्द्र सक्सेना, निर्भय सक्सेना, डॉ. सुरेश रस्तोगी, जितेन्द्र सक्सेना, शकुन सक्सेना, संजय रस्तोगी ने भी विचार रखे।

शिविर में हुई 70 बच्चों के दांतों की जांच

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से मालपुर बस्ती में निशुल्क दंत शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 70 बच्चों के दांतों की जांच की गई। इस दौरान चिकित्सकों ने बच्चों को दांतों की सफाई कैसे करनी चाहिए, दिन में कितनी बार ब्रश करना चाहिए आदि के बारे में जानकारी दी। जिन बच्चों के दांतों में कैविटीज थी, उन्हें दवा दी गई। बच्चों को खेल के माध्यम से स्वस्थ और अस्वस्थ भोजन के बारे में बताया गया। इसके साथ ही सभी बच्चों को टूथपेस्ट वितरित किए गए।

इंटर में शिवा साहू को मिले 87.6 प्रतिशत अंक

बरेली, अमृत विचार : राजकुमारी इंटर कॉलेज के छात्र शिवा साहू ने इंटर में 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। शिवा ने सफलता का श्रेय पिता परमेश्वरी प्रसाद और माता विमला देवी को दिया। उन्होंने हिंदी, अंग्रेजी, गणित, फिजिक्स, केमिस्ट्री समेत सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त की है।

बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई

बरेली,अमृत विचार : पृथ्वी दिवस पर नारायणा ई टेक्नो स्कूल में सोमवार को कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर प्रधानाचार्य भावना कौशिक और एजीएम हर्षित शर्मा ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। डीजीएम आशुतोष कुमार सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

MEDHAVI PUBLIC SCHOOL
(A English Medium School Based on C.B.S.E. Pattern)
Play Group to VIIIth ADMISSION OPEN
Features & Facility ●Decorated and Beautiful Play Group Class ●Highly Qualified Teaching Staff ●Colourful and Airy Classrooms ●RO Drinking Water ●Regular Health Check-Up ●Computer Lab, Library
MES Colony, 100 Fita Road, Delapeer By Pass, Bareilly
Mob.: 9412260961, 7505542291

Basubaral Saraswati Vihar
Senior Secondary School, Affiliated to C.B.S.E., Delhi
With Maths, Science, Commerce and Humanities Stream
Admission Open For Classes I to XIIth Session 2024-25
HURRY! Limited Seats are available
Special Features : ● Pollution Free 5 Acre Campus ● Normal Fees with Highest Values ● Smart Classes ● Digitization of School Administration ● CCTV Secured Campus ● Online Feedback of Students with Parent ● Transport Facility ● Leading School in Sports activities
Please Note : ● Admission will be on merit base/entrance exam ● New Session will be commenced from 1 April 2024 ● Regular Classes are running - Hurry up! ● Prospectus/Admission Forms are available in school
Apna Ghar Parisar, Bisalpur Road, Bareilly-243006
Mob.: 7983035601, 8791688082, 8869098082

M.S. Convent School
Gopal Nagar, Near Abhishek Sweets, Sanjay Nagar, Bareilly
Pre NC to 8th English Medium Co-Education (Based on CBSE Pattern)
Features : ● Education By Smart Classes (projector) ● Well Educated Teachers ● Fully Airy Classroom ● Vehicle Facility is Available (Van, Rickshaw)
ADMISSION OPEN
M.: 9411007501, 8410361612, 8218345868

समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

• Growth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolactin Hormone
• Suger/• B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE

सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर बैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।

धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

निःसंतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™ An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेली : किशोरी को बहलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी बहेड़ी ग्राम डंडिया नगला निवासी संजीव कुमार की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट कुमार मयंक ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के भाई ने थाना बहेड़ी में तहरीर देकर बताया कि 23 फरवरी को बहन को आरोपी बहलाकर ले जा रहा था। उनकी मां ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी। विवेचना में पीड़िता ने दुष्कर्म की बात कबूल की।

रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ
उत्तर प्रदेश व भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
महेन्द्र गायत्री नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी कालेज
धनवन्तरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज
फतेहगंज पश्चिमी, बरेली मो. 7599203105
G.N.M. योग्यता-इण्टरमीडिएट, अंग्रेजी अनिवार्य
A.N.M. योग्यता-इण्टरमीडिएट
B.Sc. Nursing योग्यता-इण्टरमीडिएट, बायो ग्रुप
DIPLOMA O.T. ❖ DPT ❖ D.OPT.
योग्यता-इण्टरमीडिएट, मैथ या बायो ग्रुप
D. Pharma 12th Pass Science Side
B.A.M.S.
• उच्च शिक्षा • उच्च प्रैक्टिस • उच्च क्लीनिक ट्रेनिंग

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

नशा देकर जमीन का बैनामा कराने के मामले में तीन आरोपी बरी

विधि संवाददाता, बरेली : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार यादव की अदालत ने कारचोबी कारखाना पार्टनर का अपहरण कर नशे की गोली और इंजेक्शन देकर जमीन के बैनामा कराने के मामले में इज्जतनगर के ग्राम मल्लपुर निवासी धर्मेन्द्र, पत्नी प्रेमलता उर्फ पिंकी, सोबरन समेत तीन आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। नवाब खां ने थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर बताया था कि दिल्ली खानपुर मोहल्ला देवली में धर्मेंद्र कारचोबी का कारखाना चलाते थे। उसमें उन्होंने पार्टनरी में कार्य किया था। पैसे का लेनदेन धर्मेंद्र ही करते थे। कुछ समय बाद मजदूरों के भुगतान के लिए उन्होंने धर्मेंद्र से रुपये मांगे तो लाखों का घाटा दिखाकर पैसे के लेनदेन से मना कर दिया। इस पर उन्होंने काम अलग कर लिया था। धर्मेन्द्र ने 14 जनवरी 2007 को हिसाब के लिए कारखाने पर बुलाया। आरोपियों ने बंधक बनाकर धमकाया, नशे के इंजेक्शन और गोलियां खिलाकर कार में डाल लिया। जमीन बैनामा के कागजात तैयार कराकर उन्हें रजिस्ट्री कार्यालय ले आए। डर की वजह से धर्मेन्द्र की पत्नी के नाम से कराए गए जमीन के बैनामा पर अंगूठा लगा दिया था। 16 जनवरी 2007 को वह आरोपियों के चंगुल से बचकर भाग गए। वकील संजय कुमार वर्मा ने वादी पर झूठा फंसाने देने का तर्क दिया था।

गैर इरादतन हत्या में दोषी को 10, माता-पिता को तीन वर्ष कैद

कोर्ट ने 17 हजार का जुर्माना भी लगाया, गांव असदनगर का मामला

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : 10 वर्ष पूर्व रंजिश में ग्रामीण की गैर इरादतन हत्या करने के मामले में आरोपी मीरगंज के गांव असदनगर निवासी रामजीत को दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने 10 वर्ष सश्रम कारावास और 17 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। वहीं, रामजीत के पिता रामस्वरूप और माता शांति देवी को भी 3-3 वर्ष सश्रम कारावास और प्रत्येक को 5-5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील सुनील पांडेय ने बताया कि गांव असदनगर निवासी सत्यवीर ने 10 सितंबर 2014 को थाना मीरगंज में तहरीर देकर बताया था कि 6 माह पूर्व रामजीत घर में चोरी करने के लिए रात में घुस आया था, जिसे पकड़ लिया था। बाद में समझाकर उसे छोड़ दिया था। इससे वह रंजिश मानने लगा। 10 सितंबर 2014 शाम को 6 बजे उनके पिता किशनलाल व भाई रामचरन व सत्यपाल मीरगंज से वापस बाइक से आ रहे थे, तभी रामस्वरूप, रामजीत, शांति देवी आदि ने तमंचे से फायर किया, जिससे सभी बाइक से गिर पड़े, आरोपियों ने भाले, तलवार, लोहे की छड़ से बेरहमी से पिता व भाइयों को गोद दिया। घटना की सूचना पर वह मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनपर भी हमला किया। गांव के लोग आए तो आरोपी भाग गए और बाइक छीन ले गए। इलाज के दौरान पिता किशनलाल की मौत हो गई थी।

धोखाधड़ी कर मकान का बैनामा करने के मामले में आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

विधि संवाददाता, बरेली : धोखाधड़ी से मकान का बैनामा करने के मामले में जिला जज विनोद कुमार ने थाना प्रेमनगर शाहबाद निवासी अकील अहमद की जमानत अर्जी खारिज कर दी। डीजीसी क्राइम सुनीति कुमार पाठक ने बताया कि मो. यूनिस ने थाना कोतवाली में 31 अक्टूबर 2023 को तहरीर देकर बताया कि उनके दादा के पिता किफायतउल्ला 301 शाहबाद स्थित मकान के मालिक थे। दादा उस्मान बहेड़ी चले गए थे। उन्होंने अपनी बहन छम्मो को शाहबाद वाला मकान रहने को दे दिया था, लेकिन उनके वारिसान अकिल, शकील अहमद, पुत्रवधू नियाज बानो, नसरीन बेगम व दो अन्य पुत्रों सलीम अहमद, नदीम अहमद ने 17 अप्रैल 2021, 5 अप्रैल 2022 को आलिया मजहर और मो. हसन को मकान का बैनामा कर दिया। जबकि इन लोगों को बैनामा करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं था। पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी।

गैंगस्टर ने स्पेशल कोर्ट के समक्ष कबूला जुर्म

विधि संवाददाता, बरेली : जीआरपी जंक्शन थाने के गैंगस्टर मो. सुहेल उर्फ लक्की ने स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट कोर्ट राकेश त्रिपाठी के समक्ष जुर्म कबूल कर लिया। अदालत ने आरोपी के कबूलनामे पर उसे दोषसिद्ध करते हुए 3 वर्ष जेल में गुजरे समय को पर्याप्त माना। इसके अलावा पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को 3 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सरकारी वकील अचल सक्सेना ने बताया कि जीआरपी ने वर्ष 2021 में सलमान के गिरोह पर गैंगस्टर कार्रवाई की थी, जिसमें लक्की को आरोपी बनाया गया था, तभी से वह जेल में बंद था।

बसपा की नई टीम तैयार, नरेंद्र सागर को दी मंडल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिलाध्यक्ष ने कई अन्य पदों पर भी किया बदलाव

अमृत विचार : मंडल कोआर्डिटेनटर और जिलाध्यक्ष को निष्कासित किए जाने के बाद बसपा की नई टीम का गठन किया गया है। जिसमें नरेंद्र सागर को मंडल कोआर्डिटेनटर की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं संगठन में अन्य पदों पर भी जिलाध्यक्ष ने बदलाव किए हैं।

गौरतलब है कि बरेली लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी मास्टर छोटे लाल गंगवार का नामांकन जांच में खारिज हो गया था। जबकि आंवला लोकसभा क्षेत्र बसपा के नाम से फर्जी तरीके से सत्यवीर नाम के व्यक्ति ने नामांकन दाखिल कर दिया था। जिससे बसपा प्रत्याशी आबिद अली का नामांकन खतरे में पड़ गया था। हालांकि, बाद में उनका पर्चा वैध माना गया था। इसके बाद पार्टी ने रविवार को मंडल कोऑर्डिनेटर ब्रह्म स्वरूप सागर और जिलाध्यक्ष राजीव सिंह को निष्कासित कर दिया था। इनपर अनुशासनहीनता का आरोप था। वहीं, ओमकार कातिब को नया जिलाध्यक्ष बनाया गया। जबकि नरेंद्र सागर को मंडल कोआर्डिटेनटर की जिम्मेदारी दी गई है। बसपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि नई टीम का गठन करके कुछ बदलाव किए गए हैं। संगठन आंवला लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी को चुनाव लड़ा रहा है।

बरेली नहीं, अब बदायूं में जनसभा करेंगी मायावती

बसपा प्रमुख मायावती की जनसभा 29 अप्रैल को देवचरा में होनी थी, लेकिन अब जनसभा का स्थान बदल दिया गया है। जिलाध्यक्ष ओमकार कातिब ने बताया कि अब बसपा प्रमुख 29 अप्रैल को बदायूं के इस्लामनगर में जनसभा को संबोधित करेंगी। जिसको लेकर पार्टी के नेताओं ने तैयारी शुरू कर दी है।

सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य के समर्थन में उतरी क्षत्रिय महासभा, दिया समर्थन

करगैना में क्षत्रिय महासभा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। • अमृत विचार

- पूर्व सांसद सर्वराज सिंह के निर्देश आयोजित हुई बैठक

बरेली, अमृत विचार : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा बरेली की ओर से सोमवार को करगैना स्थित बरातघर में सर्वसमाज की बैठक पूर्व सांसद कुंवर सर्वराज सिंह के निर्देश पर आयोजित की गई। पूर्व सांसद अस्वस्थ होने के कारण बैठक में प्रतिभाग नहीं कर पाए। बैठक में आंवला लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य के समर्थन की घोषणा की गई। महासभा के इंजीनियर भुवनेश्वर सिंह, धर्मवीर सिंह राठौर, सर्वेश्वर पाल सिंह, प्रधान एमपी सिंह, प्रेमपाल सिंह सोलंकी, जुगेंद्र पाल सिंह, केपी सिंह भदौरिया, योगेन्द्र पाल सिंह भदौरिया, पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, सपा जिलाध्यक्ष शिव चरण कश्यप आदि ने विचार रखे। प्रत्याशी नीरज मौर्य ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके विजयी होने पर सभी का मान-सम्मान सुरक्षित रहेगा और समुचित विकास किया जाएगा। अध्यक्षता जय गोविंद सिंह और संचालन अमित चौहान ने किया। सुधीर कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, प्रशांत सिंह, प्रदूम सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, ग्राम चौबारी में जयवीर सिंह की अध्यक्षता और छुट्टन सिंह और जयपाल सिंह के संयोजन में सभा हुई।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
क्षारसूत्र चिकित्सा (धागा विधि)
सही उपचार आयुर्वेद के साथ
धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर/पाइल्स, नासूर, मस्से PNS आदि का सफल इलाज
दिनांक: 24 अप्रैल से 27 अप्रैल 2024, समय : सुबह 9 से सायं 4 बजे तक
यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।
• शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/मस्से/Piles)
• गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
• कब्ज़ की शिकायत रहना
• शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
• बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना
• धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
• आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
डॉ. राहुल कुमार B.A.M.S., M.S. (Ayu) DSRRAU JODHPUR नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
निःशुल्क परामर्श
निःशुल्क क्षारसूत्र चिकित्सा
जांचों में 50% तक छूट
डॉ. गीता B.A.M.S. (NIA JAIPUR), M.S. (AY) IMS-BHU नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309
परामर्श स्थान : कमरा नं०-10, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल । मो. 8077808309

भाजपा के झूठे वादों से हर वर्ग परेशान : ऐरन

मीरगंज क्षेत्र में सभा में बोलते इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन।

बरेली, अमृत विचार : बरेली लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने सोमवार को मीरगंज क्षेत्र के लभारी, मनकरा, चुरई, सुजादपुर, नन्दगगां, शीशमखेरा, रमया नगला, बहादुरपुर, कपूरपूर, विलायतगंज, समसपुर, मंदनापुर, सिमरिया, धन्तिया गौटिया, रामपुरा, लभेरा, दियोरिया अब्दुल्लाहगंज, गौटिया आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभाएं कीं। मीरगंज के पूर्व विधायक सुल्तान बेग भी उनके जनसंपर्क में शामिल हुए। लोगों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर प्रवीण सिंह ऐरन ने कहा कि भाजपा झूठे वादे करती है, जिसकी वजह से किसान और नौजवान सब परेशान हैं। भाजपा की गलत नीतियों की वजह से कोई भी उनके साथ नहीं है। किसान खाद-बीज की बढ़ती कीमतों के कारण परेशान, आम जनता महंगाई के कारण भाजपा से नाराज है। जिसका खामियाजा भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में भुगतान पड़ेगा। सुरेश गंगवार, अफसन खां, डॉली गुप्ता, इल्यास अंसारी, मुराद बेग, संदीप गुप्ता, हरभजन सिंह, अजीम मलिक, रकम सिंह, समीर मिश्रा, देवकी नंदन कश्यप, केहरी सिंह, केन्द्रपाल सिंह, दीपक यादव आदि उपस्थित रहे।

सेवक बनकर जनता के बीच रहूंगा : छत्रपाल गंगवार

शहर में मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल के साथ जनसंपर्क करते भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार। • अमृत विचार

- भाजपा प्रत्याशी ने शहर और भोजीपुरा क्षेत्र में किया जनसंपर्क

बरेली, अमृत विचार : बरेली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार ने सोमवार को शहर और भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र के इलाकों में लोगों से जनसंपर्क किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया और समर्थन देने का एलान किया।

गोपालपुर, उदयपुर, इटौआ, रोहिली, गनूनगलाख, खाता बसुधरन रहपुरा, सेडा पखुन्नी, छटिया आदि गांवों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि किसान का सम्मान और महिलाओं की सुरक्षा मोदी राज में ही सुरक्षित है। बरेली की जनता उन्हें सांसद नहीं, सेवक बनाने जा रही है। वह चुनाव जीतने के बाद सांसद नहीं, सेवक बनकर जनता की सेवा करेंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष वीरपाल ठाकुर, बुद्धसेन मौर्या, हरिशंकर गंगवार, भूपराम, राधा कृष्ण, भागवत शरण, रामपाल मौर्या, धर्मेंद्र मौर्या, दीप प्रकाश, रवि सिंह, चमन सिंह, महिपाल गंगवार, मनोज पटेल, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, भाजपा प्रत्याशी ने मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल के साथ कांकर टोला, पुराना शहर, राबड़ी टोला, रोहिली टोला आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। इस दौरान गुलशन आनंद, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, पार्षद अरविंद वर्मा, मंडल अध्यक्ष कन्हैया राजपूत, अरुण कश्यप, राजकिशोर कश्यप, जय नारायण गुप्ता, सोम नारायण शर्मा, हर्षित गुप्ता, सतीश यादव, प्रत्तेश पांडे, बंटी ठाकुर आदि मौजूद रहे।

माहौर वैश्य सभा का छत्रपाल को समर्थन

बरेली, अमृत विचार : माहौर वैश्य सभा ने भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को समर्थन दिया है। सोमवार को माहौर वैश्य धर्मशाला में छत्रपाल गंगवार को स्वागत किया गया। माहौर वैश्य सभा के अध्यक्ष रामेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, मोनू गुप्ता, सुशील गुप्ता, चंद्रप्रकाश गुप्ता ने समर्थन की घोषणा की और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

एक नजर

मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

आंवला, अमृत विचार : रंजिश दो पक्षों में लाठी-डंडे चल गए मारपीट में एक युव घायल हो गया। घायल के भाई ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बे के मोहल्ला पक्का कटरा निवासी शवावउद्दीन ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि रंजिशन रविवार सुबह उसके भाई अमीरउद्दीन को रोककर मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। उसका बरेली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर नाजिम, बबुआ, आसिफ निवासी मोहल्ला फूटा दरवाजा आंवला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

धूमधाम से मनाया जाएगा बालाजी का जन्मोत्सव

नवाबगंज, अमृत विचार : हनुमान जन्मोत्सव पर श्रीबालाजी धाम सेवा ट्रस्ट मनोकामना पूर्ण बालाजी मन्दिर का 23वां स्थापना दिवस मनाएगा ।संस्था की ओर से मंगलवार को मनोहारी झांकियों के साथ नगर में बालाजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी । मंदिर परिसर से शाम 5 बजे शोभायात्रा होगी, इसके बाद तहसील चौराहे पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बुधवार शाम को मंदिर परिसर में श्री बालाजी संकीर्तन महोत्सव होगा, जिसमें वृन्दावन धाम के विपिन श्याम दीवाना और देवू श्याम दीवाना, शाहजहांपुर के विकास सक्सेना और बरेली के आकाश शर्मा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देंगे ।

स्कूल में शिविर लगाकर बच्चों के दांत किए चेक

बहेड़ी, अमृत विचार : रोहिलखंड इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस के बैनर तले स्थानीय गाडविन स्कूल में ओरल एंड डेंटल हेल्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्थान की ओर से आई टीम ने 1117 छात्रों के दांतों का चेक अप किया, साथ ही उन्हें ओरल हेल्थ के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में स्कूल के प्रबंधक रंजीत सिंह, प्रधानाचार्य संजय भंडारी, इशान ठकराल गुरविन्दर सिंह व आलम खान आदि मौजूद रहे।

शेरगढ़ से बहेड़ी तक ई बस सेवा शुरू करने की मांग

शेरगढ़, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच शेरगढ़ से बहेड़ी के लिए ई-बस सेवा की मांग एक बार फिर उठने लगी है। बीते वर्ष बरेली जंक्शन से फतेहगंज पश्चिमी होकर शाही के रास्ते शेरगढ़ को ई- बस सेवा शुरू हुई थी, जिसे बहेड़ी तक बढ़ाने की मांग क्षेत्र वासियों ने उठाई हैं। छात्रों का कहना है कि शेरगढ़ से बहेड़ी का सफर तकरीबन 21 किमी है यहां निजी बस से पहुंचने में कठिनाई होती हैं। ऐसे में ई- बस सेवा की रफ्तार को बहेड़ी तक बढ़ाया जाना जरूरी है ताकि कॉलेज पहुंचने के साथ ही तहसील मुख्यालय पहुंचने वालों की राह आसान हो जाए । शेरगढ़ के व्यापारी किच्छा -हल्द्वानी रुद्रपुर समेत उत्तराखंड के कई स्थानों से व्यापार करते हैं। शेरगढ़ से बहेड़ी तक इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू होने से उन्हें राहत मिलेगी।

तेज रफ्तार बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल

अज्ञात वाहन को ओवरटेक करते समय दोनों बाइकों में हुई टक्कर

संवाददाता, भोजीपुरा

● हादसे में बाइक पर बैठा पांच साल का बच्चा सुरक्षित

अमृत विचार: धौंराटांडा अटामांडा रोड पर तेज रफ्तार दो बाइकों में भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, वहीं तीन लोग घायल हो गए। साथ में बैठा एक बच्चा बाल- बाल बच गया।

भोजीपुरा के धौंराटांडा अटामांडा रोड पर दोपहर एक बजे अटामांडा की ओर बहेड़ी क्षेत्र के गांव अकबराबाद निवासी अशोक कुमार पत्नी आरती के साथ धौंराटांडा की जा रहे थे। उधर भोजीपुरा के गांव सागलपुर निवासी शिवकुमार पत्नी के साथ अटामांडा की तरफ जा रहे थे। रोड ठीक होने की वजह से दोनों की बाइक काफी रफ्तार में थी। किसी वाहन को ओवरटेक करते समय दोनों बाइकें आमने सामने से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों के अगले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। दोनों चालक हेल्मेट नहीं पहने थे, जिसकी वजह से बाइक चालक शिवकुमार और अशोक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। अशोक की पत्नी आरती शिवकुमार की पत्नी रानी मामूली रूप से घायल हो गई। जबकि शिवकुमार का पांच वर्षीय पुत्र लकी को बिल्कुल चोट नहीं आई।

सूचना पर चौकी धौंराटांडा से चौकी इंचार्ज संजीव कुमार यादव और भोजीपुरा थाने से प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह फोर्स को लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भोजीपुरा में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार दो घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल पुलिस ने अभी दोनों पक्षों में से किसी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, रिपोर्ट

आंवला, अमृत विचार : बाइक से ससुराल जा रहे एक युवक की पत्नी को ट्रक ने टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतका के पति ने घटना के दो दिन बाद अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रेवती गांव निवासी इसरार अहमद ने बताया कि दो दिन पूर्व सुबह करीब 10 :30 बजे वह बाइक से पत्नी शहीदन को लेकर अलीगंज के गांव किशनसिंहपुर जा रहा था। आंवला-अलीगंज मार्ग के फुलासी गांव की मोड़ के समीप एक ट्रक ने उसकी पत्नी को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शादी से दो दिन पहले दहेज के लिए तोड़ा रिश्ता, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, गुलड़िया

अमृत विचार : अलीगंज थाना क्षेत्र के एक परिवार ने शादी से दो दिन पहले दहेज कम मिलने पर रिश्ता तोड़ दिया। लड़की पक्ष ने युवक और उसके परिवार वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लड़की के पिता कंचन सिंह का कहना है कि उन्होंने बेटी रेखा का रिश्ता 6 महीने पहले खटेटा निवासी सुनील से तय किया था।

उस समय वर पक्ष को दो लाख रुपये दहेज में दिए और बाकी का सामान विवाह के समय देने का वादा किया था। अब जब विवाह का समय करीब आया तो सुनील, अनिल, रेशमावती, कल्लू ने शादी से इन्कार करने लगे कि हमें दूसरी जगह से पांच लाख दहेज मिल रहा है। लड़की के पिता बेटी की दहेज की सारी तैयारी कर ली थी और बरात 22 अप्रैल सोमवार को आनी थी। लड़की के घर से लग्न की चिट्ठी भी भेज दी थी और उसके बाद भी उन लोगों से बाइक देन को भी कहा था। लड़की के पिता ने अपनी सभी रिश्तेदारियों में दावत बांट दी है और अब लड़के वाले दहेज की खातिर शादी से इनकार कर रहे हैं लड़की के पिता ने अलीगंज थाना में लड़के सहित चार लोगों पर प्राथमिक की दर्ज कराई है।

दबंगों ने घर में घुसकर की तोड़फोड़ और लूट

बरेली, अमृत विचार : भुता निवासी एक युवक ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर भुता पुलिस पर आरोपियों से मिली भगत कर मामूली धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि 18 अप्रैल को वह परिवार समेत चचेरी बहन की शादी से घर जा रहा था। रास्ते में कस्बे के ही पांच लोग मिल गए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। किसी तरह वह बचकर घर आ गया। कुछ देर बाद पांचों आरोपी हाथों में लाठी, डंडा, तमंचा और धारदार हथियार लेकर घर में घुस आए। आरोपियों ने घर में तोड़फोड़ की और 20 हजार रुपये नकद और जेवर ले गए। जाति सूचक गालियां दी। आरोपियों ने पीड़ित की पत्नी से छेड़छाड़ की। शिकायत पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर ली। पीड़ित ने एसएसपी से तहरीर के आधार पर धाराएं बढ़वाने की मांग की है।

सार-संक्षेप

फतेहगंज पश्चिमी में टीम ने किया निरीक्षण

बरेली, अमृत विचार : डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए सोमवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फतेहगंज पश्चिमी के गांवों में सर्वे किया। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष फतेहगंज पश्चिमी में 60 मलेरिया केस निकले थे। इस साल अभी तक कोई भी मलेरिया का मरीज सामने नहीं आया है। मलेरिया या अन्य मच्छर जनित बीमारियां न हों, इसके लिए विभाग ने तैयारी की है। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉ. संचित शर्मा एवं मलेरिया निरीक्षक गुलशन गुप्ता भी उपस्थित रहे।

यूपीएससी में चयन होने पर यशवर्धन का सम्मान

बरेली अमृत विचार : एक गूंज सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह ने सोमवार को संस्था कार्यालय पर संघ लोक सेवा आयोग में यशवर्धन सिंह चौहान का चयन होने पर उन्हें सम्मानित किया। जय नारायण इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रवि शरण सिंह चौहान के पुत्र यशवर्धन ने सफलता का श्रेय गुरुजन और माता पिता को दिया है। विनय कुमार सिंह राठौड़, संजीव अवस्थी, अर्चना सिंह, डॉ तृप्ति गुप्ता, श्रवण गुप्ता, अमित पंत, आलोक सिंह, रश्मि जोशी, पारस सिंह, प्रधानाचार्य अर्चना सिंह चौहान, प्रमोद रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

स्कूल में होनहार छात्रों का हुआ सम्मान

भुता, अमृत विचार : कस्बे के जीटीआर इंटर कॉलेज में 12वीं कक्षा में 90 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। विद्यालय के संस्थापक टीआर गंगवार ने कहा अब किसानों के बच्चे भी किसी से कम नहीं है, उन्होंने इनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी है। प्रधानाचार्य सीपी गंगवार, डायरेक्टर राजीव गंगवार, उप प्रधानाचार्य दिनेश गंगवार आदि लोग उपस्थित रहे।

वातावरण को संरक्षित करने के लिए जागरूकता जरूरी

रिठौरा, अमृत विचार : कस्बे के दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज, पीएन दीवान पब्लिक स्कूल, जीएलबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, श्रीकृष्ण चन्द्रवती हायर सेकंडरी स्कूल, राजश्री कॉलेज ऑफ फार्मेसी में पृथ्वी दिवस मनाया गया। भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें छात्रों ने प्रतिभाग किया। चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि पृथ्वी पर हो रहे तापमान की वृद्धि का मुख्य कारण प्रदूषण और अधिक संख्या में पेड़ों का कटान है। प्रधानाचार्या डॉ. सुचेता गौतम ने पृथ्वी दिवस को मनाने का उद्देश्य के बारे में विस्तार से चर्चा की उन्होंने कहा धरती के वातावरण को संरक्षित करने के लिए सभी लोगों को जागरूक होना चाहिए ।प्लास्टिक का पूर्णता उपयोग में नहीं करना चाहिए। पोस्टर प्रतियोगिता में विजयी हुए छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया।

घूमने निकले युवक को पीटा ,रिपोर्ट दर्ज

मीरगंज, अमृत विचार: घर से घूमने निकले युवक को कुछ लोगों ने बुरी तरह से पीटने के बाद बेहोशी की हालत में सड़क के किनोर फेंक दिया। घर नहीं लौटने पर परिजनों को वह सड़क के किनारे मिला। पीड़ित पिता ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई। हीरालाल निवासी ग्राम मोहम्मदगंज ने बताया कि उनका बेटा प्रमोद पिछले दिनों शाम को घूमने निकला था। काफी देर तक जब घर नहीं लौटा तो उसे खोजने के लिए निकला तब उन्हें सड़क के किनारे बेहोश मिला। अगले दिन 18 अप्रैल को सुबह सीएचसी मीरगंज ले गए जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था, वहां होश में आने पर उसने बताया कि प्रेमपाल सिंह, ढाकन लाल और राजेश ने पीछे से सिर पर लाठी मारकर गिरा दिया। आरोपी उसे कमरे में खींचकर ले गए और लाठी डंडों से पीटा, जिससे उसके उसके दाए जांघ की हड्डी टूट गई।

आंवला में जाम से लोग परेशान

संवाददाता, आंवला

बड़े वाहनों के कस्बे में प्रवेश की वजह से जाम में फंसे वाहन चालक। ● अमृत विचार

अमृत विचार : कस्बे में दिन में भारी वाहनों के प्रवेश से आए दिन जाम के हालात बन रहे हैं। प्रशासनिक उपेक्षा की वजह से व्यापारियों के साथ ही आम जनता परेशान हैं। परंतु अधिकारी समस्या का समाधान करने के बजाय इस ओर से मौन साधे हुए है।

सोमवार को कई घंटे तक जाम लगा रहा। राहगीरों को अन्य रास्तों का प्रयोग करना पड़ा हैं। कस्बे से वजीरगंज अड्डे पहुंचने के लिए एक मार्ग है। पूर्व में इस मार्ग को बाइपास के रुप में प्रयोग किया जाता था। समय बदलने पर इस मार्ग के भुर्जी टोला और पक्का कटरा मोड़ पर विकास हो गया और व्यापारियों ने इस मार्ग पर दुकानें खोलकर व्यापार शुरू कर दिया। इस समय अधिकतर इस मार्ग से वजीरगंज, बिसौली जाने वाले और मनौना जाने वाले श्रद्धालु गुजरते हैं। सबसे बड़ी मुसीबत उस समय हो जाती है जब इस मार्ग से कार समेत बड़े वाहन गुजरते हैं, इससे पक्का कटरा मोड़ पर जाम लग जाता है। ग्राहक भी भीड़ से बचने के लिए अन्य दुकानों का रुख करने लगा है। इससे इस मार्ग के व्यापारियों को आर्थिक छति होती है। व्यापारी काफी दिनों से दिन में बड़े वाहनों का नगर में प्रवेश प्रतिबंध करने की मांग कर रहे है। तत्कालीन एसडीएम गोविंद मौर्य ने उस समस्या के समाधान के लिए नगर के पुरैना पार्क के समीप और वजीरगंज अड्डे पर बैरियर लगाकर दिन में वाहनों को रोकने के लिए नगरपालिका परिषद आंवला अधिशासी अधिकारी और आंवला थानाध्यक्ष को पत्र जारी किया था। परंतु अधिकारियों ने समस्या का समाधान नहीं किया। व्यापारी अधिकारियों से मौखिक और पत्र के माध्यम से जाम की समस्या से मुक्त दिलाने की मांग करते आ रहे है।

मारपीट के मामले में साधु पर रिपोर्ट दर्ज

आंवला, अमृत विचार : एक साधु पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप एक ग्रामीण ने लगाया हैं। पीड़ित ने थाने पहुंचकर साधु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आसपुर गांव निवासी अमरसिंह ने बताया कि कुछ दिन पूर्व गांव के एक देव स्थान पर यज्ञ हुआ था। समापन के बाद कमेटी ने बची हुई सामग्री उसके घर पर रख दी। रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे देव स्थान के बाबा दीवारी उर्फ ब्रहमपाल पहुंचे और चोरी का आरोप लगाकर मारपीट करने लगे। उसकी बेटी छवि ने उसे बचाया तो उसे भी चिमटे से मारा, जिससे वह घायल हो गई। वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बाबा दीवारी उर्फ ब्रहमपाल निवासी आसपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सड़क पर बेहोश होकर गिरा घोड़ा श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा के दौरान बग्गी का घोड़ा बेहोश होकर गिर गया।

बियर और कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर पुलिस ने शराब तस्कर को पकड़ा। उसके पास से 12 केन बियर और पांच लीटर कच्ची शराब मिली। करगैना चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र देशवाल ने बताया कि वह टीम के साथ करेली अंडर पास के नीचे पहुंचे तो एक युवक बोरी लेकर जाता दिखा। पूछताछ की तो आरोपी ने अपना नाम प्रमोद निवासी खनगावा श्याम थाना आंवला बताया।

हादसे में कई लोग घायल, नाबालिग चला रहा था ऑटो

बरेली, अमृत विचार : बैंड कर्मियों को ले जा रहा टेंपो पलट गया, जिससे चालक समेत कई लोग घायल हो गए। फरीदपुर लाइन पार मठिया निवासी धर्मेंद्र कुमार ऑटो चलाते हैं। रविवार रात को उनका टेंपो बैंड वालों ने बुक किया था। धर्मेंद्र ने 17 वर्षीय भतीजे आयुष को ऑटो लेकर बंसतपुर भेज दिया। रास्ते में मोड़ आने पर टेंपो पलट गया। जिसमें आठ लोग घायल हो गए। सबसे अधिक चोट आयुष को लगी है।

दिल्ली-बरेली पैसेंजर से गिरकर युवक घायल

बरेली, अमृत विचार : आंवला स्टेशन पर दिल्ली-बरेली पैसेंजर में चढ़ने के दौरान पैर फिसलने से युवक घायल हो गया। युवक स्टेशन पर पानी पीने के लिए उतरा था। आरपीएफ ने उसे आंवला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल में रेफर किया गया। आरपीएफ के मुताबिक संभल के मानिकपुर नरौली बनियाठेर निवासी मेहंदी हसन को चंदौसी से निसोई जाना था। वह आंवला और निसोई रेलवे स्टेशन के बीच ढकौरा गांव के पास पड़ने वाले रेलवे पुल पर मजदूरी कर रहा है। सोमवार सुबह दिल्ली-बरेली पैसेंजर आंवला स्टेशन पहुंची तो मेहंदी हसन उतरकर पानी पीने लगा, इतने में ट्रेन चल दी। उसने ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन रफ्तार अधिक होने के कारण पैर फिसल गया और वह प्लेटफार्म के नीचे चला गया। उसके दाएं पैर का एक अंगूठा और बाएं पैर का अंगूठा और तीन उंगली कट गई। उसका दायां हाथ कंधे के पास से टूट गया।

प्रधानमंत्री मोदी के आरोप गलत, कांग्रेस ने मुसलमानों को कुछ नहीं दिया: शहाबुद्दीन

● 10 साल में कांग्रेस लागू नहीं कर पाई सच्चर कमेटी की सिफारिशें

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कांग्रेस पर मुसलमानों के तुष्टिकरण के आरोपों पर कहा कि प्रधानमंत्री के बयान में कोई सच्चाई नहीं है। हकीकत यह है कि कांग्रेस ने मुसलमानों के उत्थान के लिए कुछ नहीं किया। मुसलमानों की दुर्दशा के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है।

तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के शासन काल में सच्चर कमेटी के नाम से एक आयोग बनाया गया। जिसके माध्यम से देश के मुसलमानों की आर्थिक, शैक्षिक आदि स्थिति का आकलन किया गया। इसकी रिपोर्ट तत्कालीन सरकार को दी गई, लेकिन मनमोहन सिंह ने अपने 10 साल के कार्यकाल में सच्चर कमेटी की सिफारिशों पर काम करने की जहमत नहीं उठाई। जबकि रिपोर्ट में बताया गया है कि मुसलमानों की स्थिति दलितों से ज्यादा बुरी है। उन्होंने कहा कि देश में सबसे ज्यादा शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने हमेशा चुनाव के मौके पर मुसलमानों के मुद्दों पर लीपापोती की है। मौजूदा समय में सरकारी नौकरियों में मुसलमान सिर्फ 1.75 प्रतिशत हैं।

पत्नी से परेशान युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर के गणेशनगर में युवक ने पत्नी से परेशान होकर जहर खाकर जान देने की कोशिश की। युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गणेशनगर निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे की शादी डोहरा रोड निवासी युवती से साल 2020 में की थी। युवती के परिजनों ने यह कहते हुए कि आठ दिन में विवाह करा दिया कि लड़की के पिता हृदयरोगी हैं, लेकिन युवती की बिना मर्जी की शादी हुई थी। शादी के बाद से ही उनके बेटे की पत्नी परेशान करने लगी। तब बेटे ने तलाक का वाद कोर्ट में दायर किया। युवती भी तलाक के लिए सहमत थी, लेकिन बाद में उसने दहेज एक्ट में रिपोर्ट दर्ज करा दी। अब 10 लाख रुपये की रंगदारी मांग रही है। इससे परेशान होकर बेटे ने जहर खा लिया।

महिला से देवर ने की दुष्कर्म की कोशिश

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर क्षेत्र में महिला ने देवर पर दुष्कर्म की कोशिश का आरोप लगाया। महिला ने शिकायत की तो पुलिस ने फोर्स कम होने का बहाना बनाकर टाल दिया। सोमवार को महिला ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है। उसने बताया कि उसके पति की दो साल पहले मौत हो चुकी है। उसके तीन बच्चे हैं। पति की मौत के कुछ दिन बाद से ही देवर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। सास से शिकायत की तो वह भी घर से निकालने की धमकी देने लगी। 21 अप्रैल को रात आठ बजे वह अपने कमरे में सो रही थी। इसी दौरान देवर आया और दुष्कर्म की कोशिश की।

प्रियंका ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर रेल मंडल में कार्यालय अधीक्षक के पद पर तैनात एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने पेरिस में होने वाले ओलिंपिक के लिए मिक्स रेस वॉक में क्वालीफाई कर लिया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि प्रियंका ने साथी अक्शदीप सिंह के साथ मिक्स मैराथॉन रेस वॉकिंग के लिए क्वालीफाई किया है। एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से इस संबंध में जानकारी दी गई। प्रियंका इससे पहले कॉमनवेल्थ गेम्स में भी रजत पदक हासिल कर चुकी हैं। यह दूसरा मौका होगा जब प्रियंका ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। इससे पहले उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन किया था।

आईफोन चुराकर भाग रहे युवक को पकड़कर पीटा

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन पर सोमवार को आईफोन चोरी कर भाग रहे एक युवक को यात्रियों ने पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की और फिर उसे जीआरपी के हवाले कर दिया ।सि कलापुर निवासी दिव्यांशु ने बताया कि वह तिलहर में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। उन्होंने ट्रेन में आईफोन चार्जिंग पर लगाया हुआ था। ट्रेन बरेली जंक्शन आउटर पर पहुंची तो धीमी हो गई। इसी दौरान एक युवक मोबाइल निकालकर ट्रेन से कूदकर भागने लगा। उन्होंने चोर का पीछा किया और अन्य यात्रियों की मदद से पकड़ लिया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना

मैने अपने पुत्र राजेन्द्र व पुत्रवधु राजवती को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से वेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। वह दोनो अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगें। **रमेश पुत्र मैकूलाल, 252, जज साहब का हाता, स्टेट बैंक के पास, सुभाषनगर, बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सलमान एवं उसकी पत्नी नरगिस उर्फ गुड़िया को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **एहसान बक्श पुत्र बच्चू निवासी मौ. अंसारी वार्ड नं. 7 कस्बा फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्कूल के अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम भूलवश SMAIRA MALIK दर्ज हो गया है जोकि गलत है जबकि उसका वास्तविक नाम SAMAIYRA MALIK (समायरा मलिक) है। भाविष्य में मेरी पुत्री को समायरा मलिक के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **मो. मुशर्रफ पुत्र श्री अखलाक अहमद निवासी ग्राम कुर्रा मु., पीलीभीत।**

आवश्यकता है

शिक्षक/शिक्षिकाओं की
कक्षा NC से 8 तक
हिन्दी, अंग्रेजी, मैथ का ज्ञान हो।
आवेदन सहित शीघ्र सम्पर्क करें
Hena Convent School
Nadosi (C.B. Ganj)
Rampur Road, Bareilly
Mob : 9760936161, 7466921242

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

हिमांशु ने इंटर तो तौसीफ ने किया हाईस्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन

भोजीपुरा, अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का रिजल्ट में साहू ठाकुरदास इंटर कॉलेज में हिमांशु गंगवार पुत्र सोमपाल ने 90 .40 फीसदी अंक लाकर कॉलेज टॉप किया है। अभिषेक कटिहार ने 87 . 40 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं हाई स्कूल में मोहम्मद तौसीफ ने 85 प्रतिशत अंक लाकर कॉलेज टॉप किया है । संस्था का हाई स्कूल का 92 फीसदी रिजल्ट रहा तो इंटरमीडिएट कक्षा में 80 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए सभी सफल छात्रों को संस्था के प्रबंधक देव मूर्ति और प्रधानाचार्य आदेश तिवारी सहित स्टाफ ने बधाई दी। वहीं पटेल इंटर कॉलेज में हर्ष कटियार ने 87फीसदी अंक लाकर इंटरमीडिएट कक्षा में कॉलेज टॉप किया है, हिमांशु ने 77 .6 फीसदी अंक लाकर इंटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है आकाश गंगवार ने 76 .3 फीसदी अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया अतुल कुमार निवासी ग्राम चकदहा ने 76 .3 फीसदी अंक लाकर कॉलेज में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है वही हाई स्कूल में प्रशांत गंगवार ने 83 फीसदी अंक लाकर कॉलेज टॉप किया है मंदाकिनी गंगवार ने 80 .83फीसदी नंबर लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है ।

सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत किया जागरूक

बरेली, अमृत विचार : परिवहन विभाग ने डीटीआई (ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट) में सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़े की शुरुआत की। पखवाड़े के दौरान विभाग की ओर से 4 मई तक वाहन चालकों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार ने दो पहिया चालकों को हेलमेट पहनने, कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का न इस्तेमाल न करने, तेज गति से और नशा करके वाहन न चलाने के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में एआरटीओ प्रवर्तन संदीप जायसवाल, एआरटीओ, संभागीय निरीक्षक मानवेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री की जनसभा के लिए हुआ भूमि पूजन

भमोरा, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंवला लोकसभा क्षेत्र के आलमपुर जाफराबाद में सैनिक पड़ाव मैदान में 25 अप्रैल को जनसभा को संबोधित करेंगे। इसको लेकर सोमवार को मैदान में भूमि पूजन किया गया। इस दौरान मंत्री धर्मपाल सिंह, आंवला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

हिस्ट्रीशीटर के बेटे ने घर में घुसकर युवती को पीटा

● थाने शिकायत करने जा रहे उसके पिता और चाचा को घेरकर पीटा

भुता , अमृत विचार : भुता थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा निवासी छाया पुत्री जुगेंद्र पाल ने पुलिस को दिए एक शिकायती पत्र में गांव के ही हिस्ट्रीशीटर के बेटों पर आरोप लगाया है कि जब वह घर में अकेली थी, उसी समय नशे में धुत्त धर्मेंद्र घर में घुस आया और मेरे साथ मारपीट की। जाते हुए आरोपी ने लिंटर पर रखे पुआल में आग लगा दी, जिससे पास में रखे गेहूं, चारपाई सहित अन्य सामान जलकर राख हो गए। जानकारी होने पर जब मेरे पिता और चाचा शिकायत करने थाने आ रहे थे तो हिस्ट्रीशीटर के तीनों बेटे धर्मेंद्र, अर्जुन और शरद पीछे से आ गए, और लाठी डंडों से उन पर हमला कर उनकी बाइक को नहर में फेंक दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। थाना अध्यक्ष सतीश कुमार का कहना है आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई ।मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश की जा रही हैं।

चारों वेदों के ज्ञाता थे हनुमान

भगवान श्रीराम का वन गमन धरती पर ज्ञान, शील, आदर्श, संस्कार, नैतिकता आदि गुणों की स्थापना के लिए माता सरस्वती की इच्छा से हुआ। देवताओं के कहने पर मां सरस्वती मंथरा के मस्तिष्क में प्रवेश कर गयी थीं। वन में पत्नी सीता के हरण के बाद भगवान श्रीराम की भेंट ऋष्यमूक पर्वत पर रहने वाले सुग्रीव के मंत्री श्रीहनुमान से होती है। श्रीराम हनुमानजी से पहली मुलाकात में ही जान जाते हैं कि हनुमान चारों वेदों के ज्ञाता हैं।

वाल्मीकि रामायण के किष्किन्धाकाण्ड के तृतीय सर्ग के 29 से 36 तक के श्लोक में खुद श्रीराम कहते हैं कि 'लक्ष्मण! हनुमान की बातों से प्रकट होता है कि इन्हें चारों वेदों, भाषा, व्याकरण का उत्कृष्ट ज्ञान है।' श्रीराम को उस पात्र की तलाश थी जिसके माध्यम से वे ज्ञान के प्रकाश को धरती के कोने कोने तक अधिष्ठापित कर सकें। रावण द्वारा ज्ञान के नकारात्मक प्रयोग को सकारात्मक बनाने के लिए ही भगवान ने हनुमान जी को लंका भेजा जिन्होंने मन-बुद्धि-चित्त और अहंकार से उत्पन्न विकृतियों को जलाने का काम किया।

दरलसल सत्ययुग में देवताओं का स्मरण करने से वे पृथ्वी पर आ जाते थे। इसका आशय है कि पृथ्वी पर ज्ञान का महत्व था। ज्ञान के बल पर दस मूर्त इंद्रियों एवं 4 मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार जैसे अमूर्त रूप में तालमेल बना रहता है। लेकिन युग में आए बदलाव के चलते त्रेतायुग में देवताओं का मंत्रों से जब आवाहन किया जाता था, तब देवता आते थे। इन मंत्रों का प्रयोग उच्च जीवनशैली जीने का विधिक तरीका है। लेकिन समय हमेशा बदलाव लाता है। द्वापर में यज्ञ-अनुष्ठान से देवता आते रहे। यज्ञ-अनुष्ठान व्यक्ति को कर्म से जोड़ता है। त्रेता का ज्ञान और द्वापर का कर्म ही विकास की प्रक्रिया है। युग बदला। भौतिक पदार्थों की महत्ता वाले कलियुग में सदाचरण से भगवान को वश में करने के लिए शास्त्रों ने ज्ञान, कर्म के साथ निर्मल मन तथा भाव बनाने पर जोर दिया। परपीड़ा से बचने के लिए भगवान के सद्गुणों का निरन्तर चिंतन करने पर बल दिया।

इस प्रकार श्रीराम का वनगमन का उद्देश्य प्रकृति से जुड़े रहने का भी सन्देश है। विज्ञान के वर्तमान युग में भगवान श्रीराम का श्री हनुमान को गले लगाने का आशय भी महर्षि पतंजलि के योग शास्त्र की महत्ता को प्रतिपादित करता है। श्री हनुमान पवन के पुत्र हैं। गोस्वामी तुलसीदास के 'हरि प्रेरित तेहि अवसर चले मरुत्त उनचास' (सुंदरकांड, 25) से स्पष्ट है कि पवन में उनचास प्रकार के गैसतत्व हैं। हनुमान जी प्राणतत्व (आक्सीजन) के रूप में हैं जिसके शरीर में प्रवेश करने पर विकार रूपी व्याधियां नष्ट होती है। हनुमानचालीसा में 'अस कहि श्रीपति कंठ लगावे' से भी स्पष्ट होता है कि मनुष्य के कंठ में स्थित थायराइड ग्लैंड मॉनव शरीर की बेहतरी में महत्त्वपूर्ण कार्य करता है। यह ऐसा ग्लैंड है जहां से T3, T4 नामक हार्मोन्स बनता है जो पूरे तन-मन को स्वस्थ करता है। यही हार्मोन्स ऋषियों की दृष्टि में 'श्रीहरि' जैसा है। दस इंद्रियों वाले इस शरीर में पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति का योग ही सबसे सशक्त माध्यम है तो भगवान श्रीराम के वनगमन का आशय प्रकृति से जुड़ना परिलक्षित होता है तथा वायुमंडल में व्याप्त 15 प्रतिशत प्राणवायु (आक्सीजन) की महत्ता की ओर इंगित करता है। चारों वेदों का पूरा ज्ञान न भी हो सके तो शस्त्रों में सदाचार के जो तौर-तरीके बताए गए हैं, उनपर अमल करने का किंचित प्रयास भी हनुमान जी की उपासना है। क्योंकि इसी से 'बल-बुधि-विद्या देहि मोहिं' को साकार किया जा सकता है। हनुमानचालीसा में 'भूत-पिशाच निकट नही आवें' चौपाई में जिस भूत और पिशाच का जिक्र है वह मानसिक विकारों से मुक्ति की ओर इंगित करता है। भूत जहां भ्रांति का सूचक है वहीं पिशाच यज्ञ-अनुष्ठान में व्यवधान डालने वाले राक्षस को नहीं कहते बल्कि जो मस्तिष्क का खून पीता है, उसे बताया गया है। काम-क्रोध-मद-लोभ ऐसे मानसिक पिशाच जीवन को नारकीय बनाते हैं। रावण से युद्ध में लक्ष्मण को शक्तिबाण लगने पर आई मूर्छा को हनुमान जी प्राकृतिक ढंग से संजीवनी बूटी लाकर करते हैं। लक्ष्मण के शरीर में विषैले गैसों से आई मूर्छा के इस उपचार को वर्तमान मेडिकल साइंस के मरणासन्न व्यक्ति को तत्काल आक्सीजन गैस के उपचार की पद्धति से लिया जाना चाहिए। प्रकृति के देवता शंकर के 11वें अवतार से भी स्पष्ट है कि हनुमान की कृपा से दसों इंद्रियों के साथ ग्यारहवें मन को शुद्ध एवं पवित्र रखा जा सकता है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

विश्व का भरण-पोषण एवं कल्याण करने वाले अग्निदेव

सवितादेव (सर्वश्रेष्ठ परमात्मा अपने संकल्प शक्ति से) सृष्टि रचना के समय प्रारंभ में मनस्तत्व एवं धी अर्थात् बुद्धि अथवा धारणा-शक्ति का विकास करके, अग्नि से ज्योति जाग्रत करके, उनसे भूमंडल को भर देते हैं। सर्व प्रेरक के रूप में वही सवितादेव व्यापक प्रकाश को समस्त विश्व में फैलाने के लिए सूर्य आदि देवों को प्रखर सामर्थ्य से ओतप्रोत कर देते हैं। एक मात्र वह परमात्म चेतना ही समस्त कर्मों का ज्ञाता है और संपूर्ण विश्व का सृजेता एवं धारणकर्ता है। सब के प्रकाशक उन सविता देवता की स्तुति माहिमामयी है। जिन सवितादेव के कर्म, महिमा और सामर्थ्य शक्ति का अन्य सभी देवता अनुभव करते हैं, जो अपनी उत्पादक-क्षमता से संपूर्ण लोकों के रचयिता है, वे स्रष्टा रूप सवितादेव अपनी सृजनशीलता से इस विश्व ब्रह्माण्ड में सर्वत्र संव्याप्त हैं।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे सवितादेव! यज्ञीय कर्मों की प्रेरणा आप सभी को दें। यज्ञ कर्म संपादित करने वालों को ऐश्वर्य-संपदा से युक्त करके सत्कर्म की ओर प्रेरित करें। दिव्य ज्ञान के संरक्षक, वाणी के अधिपति आप हमारे ज्ञान में पवित्रता का संचार करें और हमारी वाणी में मधुरता का समावेश करें। आप देवों के पोषक, मैत्री भाव के विस्तारक, यज्ञीय ऊर्जा के संयोजक और सुख समृद्धि प्रदान करने वाले हैं। आप हमारे इस यज्ञ को सफल बनाएं। श्रेष्ठ भावना से युक्त हमारी इस आहुति को स्वीकार करें। दिव्य प्रकाश के रूप में अखिल ब्रह्मांड में व्याप्त, तिरछी ज्योति से फैलने वाले, दीर्घकाल तक व्यापक विस्तार करने वाले हे अग्ने! अन्नादि आहुतियों से शक्तिशाली और प्रत्यक्षतः दृश्यमान आपको, योगस्थ मन से घृत द्वारा यज्ञ हेतु प्रज्वलित करते हैं। आप नष्ट न होने वाली ज्वालाओं से, इस प्रदत्त आहुति को ग्रहण करें।

अखिल विश्व का भरण-पोषण एवं कल्याण करने वाले हे अग्निदेव! सर्वप्रथम अथवा ऋषि ने आपको भली प्रकार मंथन द्वारा उत्पन्न किया और सम्मानपूर्वक उच्च स्थान पर स्थापित किया। हे होता रूप अग्निदेव! सब कर्मों के ज्ञाता आप अपने प्रतिष्ठित स्थान को सुशोभित करें और श्रेष्ठ कर्मरूपी यज्ञ को संपन्न करें। देवों की तरह तृप्त करने वाले हे अग्ने! आप याजकों द्वारा प्रदत्त आहुति से देवताओं को आनंदित करते हुए याजकों को धन-धान्य एवं दीर्घायुष्य प्रदान करें। आप मधुर, स्निग्ध, रसरूप जल को उत्पन्न करें जो वृष्टि द्वारा पृथ्वी को सिंचित करे। उससे उत्पन्न हुई फलवती औषधियां याजक के रोगों को रोकने में समर्थ हों।

ऊर्ध्वमुख (यज्ञकुंड) से युक्त हे पृथिवि! आपका जो विशाल हृदय है, आप उसको मातृवत् प्राणशक्ति की संचारक वायु, जल एवं वनस्पतियों से पूर्ण करें। हे वायुदेव! आप दिव्य प्राण-ऊर्जा के साथ संचालित होते हैं, अतः यह पृथ्वी आपके निमित्त कल्याणप्रद हो। हे अग्निदेव!

सर्वोत्पादक सविता देवता जिस प्रकार अंतरिक्ष से हम सब की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार आप भी ऊंचे उठकर अन्न आदि पोषक पदार्थ देकर हमारे जीवन की रक्षा करें। मंत्रोच्चारण पूर्वक हवि प्रदान करने वाले याजक आपके प्रज्वलित स्वरूप का आवाहन करते हैं।

शाश्वत, सत्यस्वरूप, अविनाशी अग्निदेव को अंगिरा के समान ही हम परिपुष्ट करते हैं। हे समस्त ओषधिरूप हवियों! आप मंगलमय यज्ञकुंड में स्थित अग्निदेव को समर्पित होकर आनंद प्रदान करें। हे ओषधियों! आप पुष्पयुक्त और उत्तम फलों से युक्त होकर यज्ञाग्नि रूपी ऊर्जा को ग्रहण करें। यह अग्नि गर्भरूप में ऋतु के अनुरूप उत्पन्न होती है। यह यहां प्राचीन समय से ही स्थित है। हे जलसमूह! आप सुख के मूल स्रोत हैं, अतः आप पराक्रम से युक्त, उत्तम, दर्शनीय कार्य करने के लिए हमे परिपुष्ट करें। आपका जो सबसे कल्याणप्रद रस यहां विद्यमान है, उस रस के पान में हमें वैसे ही सम्मिलित करें, जैसे वात्सल्य स्नेह से युक्त माताएं अपने शिशुओं को कल्याणकारी दुग्धरस से पुष्ट करती हैं। जिस प्रकार परमेश्वर, सूर्यदेव के द्वारा अंतरिक्ष और भूमि को प्रकाशित करते हैं, उसी प्रकार हम भी श्रेष्ठ गुणों से युक्त जातवेदस् अग्नि को प्रजाओं के आरोग्य लाभ हेतु प्रज्वलित करते हैं।

पौराणिक ग्रंथों में असुर

वाल्मीकि रामायण (उ.61/ 24) में उल्लिखित, मधुपुरी नरेश, कुख्यात असुर राज, लवण का उल्लेख है इसके पिता, भगवान शिव के भक्त मधु ने, अपने आराध्य की कृपा से यमुना के तटवर्ती भूभाग को विजितकर मधुवन के निकट मधुपुरी के नाम से नगर बसा एक स्वतंत्र राज्य की नींव डाली थी। लंकाधिपति राक्षसराज रावण की बहन कुंभीनसी मधु की पत्नी से लवण का जन्म हुआ था। स्पष्ट है कि रावण, लवणासुर का सगा मामा था। भगवान शिव से प्राप्त वरदान के कारण लवण के हाथों में शिव के वरद त्रिशूल के रहते वह अवध्य और अविजित था (वा.रा.उ.61/24)। इसी शूल के बल के अहंकार ने उसको आततायी बना दिया था। उसके विरूद्ध शस्त्रास्त्र धारी शत्रु की मृत्यु निश्चित थी।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

श्रीराम द्वारा वनवास की समाप्ति और लंका विजय के बाद अयोध्या का राज्य भार ग्रहण करने के कुछ दिनों बाद अयोध्या पहुंच ऋषिगण च्यवनभार्गवादि ने आततायी बन चुके लवणासुर के अत्याचारों शिकायत कर उससे अभय दान का अनुरोध किया था। श्रीराम के आदेश पर अयोध्या से ससैन्य शत्रुघ्न ने उस पर आक्रमण किया था। मार्ग में शत्रुगघ्न ने महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में रात्रि विश्राम किया था। वहीं बनी रणनीति के अनुपालन में शत्रुघ्न ने लवणासुर की अनुपस्थिति में उसके राज भवन पर आक्रमण कर पहले वरदान प्राप्त भगवान शिव के कालजयी त्रिशूल को लवण की पहुंच से दूर कर, उसको युद्ध के लिए आमंत्रित कर मार डाला और मधुपरी को जलाकर वहीं पर "मथुरा" नगर का निर्माण कर वहीं अपनी राजधानी स्थापित किया (ब्रह्माण्ड3/186,वायु88/184-186,भाग.9/11/14)। राज्य का भधुवन नाम बदल शूरसेन कर दिया। कालांतर में इसी नाम से 'शूरसेन' प्रदेश सुविख्यात हुआ। लवणासुर के विरूद्ध अभियान कर अतीत में चक्रवर्ती सम्राट मान्धाता त्रिशूलधारी लवण के समक्ष, सैन्य आत्मघात कर चुका था (महाभा.अनु.14/267_68)। पुराणों में, दैत्य, दानव एवं राक्षस, 'असुर'शब्द के पर्याय या समानार्थी हैं। ऋग्वेद में 'असुर' शब्द दिव्य शक्ति संपन्न, ऊर्जावान मानव समूह के लिए प्रयुक्त होता था और उन गुणों संपन्न मानवों-अदितपुत्र देवों, दितिपुत्र दैत्यों, दनु पुत्र दानवों की मानद उपाधिया संबोधन असुर हुआ करता था। बाद में स्वार्थ जनित परिस्थितियों ने, सुविधा भोगी, सुराप्रेमी सर्व सुविधा संपन्न स्वर्ग के सत्ताभोगी, विलास प्रिय देवताओं के विरूद्ध दैत्यों और दानवो को एक कर सशस्त्र संघर्ष को आमंत्रित कर दिया। यक्ष,गंधर्व, वानर, नाग आदि समूह के बहुत से लोगों ने बिना किसी श्रम, यज्ञों, कर्मकाण्डों आदि के नाम पर सुविधा भोगी देवताओं के विपरीत, यज्ञों, कर्म काण्डों का विरोध कर बिना पूर्व निर्धारित कर या उपहार लिए सर्वसमूह की रक्षा का व्रत लिया। उन्होंने "वयं रक्षामः" की घोषणा कर 'राक्षस' का सम्मानित विरूद् प्राप्त किया। कालान्तर में जब असुर समाज या समूह ने भी पर पीडन, लूटखसोट, अन्याय, अत्याचार एवं कामांधता का के कुमार्ग पर चलना शुरू कर दिया तब उनके गुणात्मक संबोधनों के सम्यक् अर्थ ही अनर्थ में बदल गए। यही नहीं दैत्य- दानवों के सशक्त और ऊर्जावान मान व समूह (परवर्ती जातिसंघ) असुर का अनर्थ प्रचलित हो गया।

आसपास

पीलीभीत : हादसों में छह की मौत, 13 घायल

गजरौला, बीसलपुर, दियोरियाकलां, न्यूरिया और सुनगढ़ी इलाके में हुईं दुर्घटनाएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: पीलीभीत में सोमवार को अलग-अलग हादसों में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हो गए। पुलिस घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी रामगोपाल (32) खेती करते थे। रविवार रात वह बाइक पर ससुराल ग्राम भिलैइया जा रहे थे। उधर, न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खरौंसा निवासी अरुण कुमार, उनके पिता माखनलाल और उसी गांव के सादिकराम जिरोनिया से काम निपटाकर बाइक से घर लौट रहे थे। असम हाईवे पर सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में सड़ा पुल के नजदीक लदपुरा गांव के पास दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर जा पहुंची। घायलों को फौरन जिला अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान रामगोपाल की मौत हो गई। जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी जिला अस्पताल पहुंच गए, जिससे कोहराम मचने लगा। दूसरा हादसा गजरौला क्षेत्र में हुआ। बरखेड़ा क्षेत्र के गांव जिरोनिया निवासी शिवम (22) पुत्र देवकीनंदन और सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम गौहनिया निवासी अरुण (21) रविवार रात करीब नौ बजे शादी में शामिल होने ग्राम बंजरिया जा रहे थे। असम हाईवे पर टोल प्लाजा से 300 मीटर आगे पहुंचने पर उनकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। गश्त पर निकली यूपी 112 पुलिस ने सड़क पर पड़े दोनों युवकों को देख एंबुलेंस को सूचना दी।

टोल प्लाजा की एंबुलेंस में दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। उधर, उन दोनों घर न लौटने पर परिवार वाले चिंतित हो गए। परिजनों को तलाशी के दौरान हादसे का पता चला। उन्होंने जिला अस्पताल की मोर्चरी जाकर शवों की शिनाख्त की। फिर तो दोनों परिवारों में चीख पुकार मच गई। अरुण की हाल ही में शादी हुई थी। जबकि शिवम अविवाहित था।

युवक की मौत हत्या का आरोप

सवारान,अमृत विचार: थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम पहाड़ापुर में कारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई जिसमें परिजन बीस दिन पूर्व हुए झगड़े में मारपीट के कारण हुई मौत का हवाला देते हुए गांव के ही तीन लोगों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक फरार है।

वहीं मृतक की बहन नेहा पांडे जिद पर अड़ी थी कि जब तक तीसरा आरोपी भी पकड़ा नहीं जाएगा तब तक वह अपने भाई का अंतिम संस्कार नहीं करेंगी। जिसका शव 48 घंटे के ऊपर हो जाने के बाद भी घर में रखा रहा।

स्कूल वाहन को डंपर ने मारी टक्कर, नौ लोग घायल

पसगवां ,अमृत विचार: थाना पसगंवा थाना क्षेत्र में मोहम्मदी शाहजहांपुर मार्ग पर सोमवार दोपहर स्कूल वैन में डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में सात बच्चे, वाहन चालक और एक शिक्षिका घायल हो गए। चालक की हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर किया गया है।

सोमवार दोपहर करीब तीन बचे पीबी इंटर कालेज बरैंचा के छात्रों को ले जा रही क्वालिस गाड़ी में ग्राम खजुआ के पास डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। क्वालिस आगे जा रहे डंपर में टकरा गई। हादसे के बाद बच्चों में चीख-पुकार मच गई। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग आ गए। ग्राम सुकुरूद्दीनपुर निवासी सोजल (पुत्री अंगद, सोनम पुत्री संजीव सिंह, सूर्यांश पुत्र राजेश कुमार, सुनैना पुत्री राजेश, ग्राम कोटा मुगल निवासी समीर अली पुत्र युनुस, इकरा खां पुत्री जीशान, आदर्श पुत्र दाताराम के अलावा गाडी चालक रेहान निवासी लखनपु और शिक्षिका शुचि पुत्री अरविंद यादव निवासी ग्राम बहेलिया खेड़ा थाना पसगवां घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्कूल प्रबंधक मौकै पर पहुंचे। सभी घायलों को सीएचसी भावलखेड़ा लाया गया।

खून से लथपथ मिला युवक का शव

शाहजहांपुर ,अमृत विचार: पुवायां-रधोली मार्ग पर रविवार रात ईंट भट्टे के पास खून से लथपथ मिले रधोली के युवक को जिला अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। युवक के परिवार वाले एक व्यक्ति पर रंजिशन हत्या किए जाने का आरोप लगा रहे हैं, जबकि मौके पर मिली क्षतिग्रस्त बाइक और साइकिल के आधार पर पुलिस घटना को हादसा मान रही है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया है। गांव रधोली निवासी परविंदर (26) ईंट-भट्टे पर ट्रैक्टर चलाता था। चाचा ओमप्रकाश ने बताया कि उसके साथ ईंट भट्ठे पर दूसरे गांव का एक व्यक्ति भी काम करता है।

लखनऊ प्राणि उद्यान भेजा गया जख्मी बाघ

अमृत विचार: महोफ रेंज के समीप रविवार को रेस्क्यू ऑपरेशन कर कैद किए गए जख्मी बाघ को लखनऊ प्राणि उद्यान भेजा गया है। वहां विशेषज्ञों की टीम जख्मी बाघ का इलाज करेगी। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सोमवार सुबह उप प्रभागीय वनाधिकारी के नेतृत्व में टीम बाघ को लेकर रवाना हो गई।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज में सप्ताह भर पूर्व एक बाघ लंगड़ाकर चलते देखा गया था। इसके बाद दो टीमों ने निगरानी शुरू कर दी थी। रविवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे जख्मी बाघ को महोफ रेंज से सटे मल्लपुर इलाके में देखा गया। दिनभर निगरानी के बाद शाम को डिप्टी डायरेक्टर के नेतृत्व में चलाए गए रेस्क्यू आपरेशन के दौरान बाघ को ट्रेंकुलाइज कर पिंजड़े में कैद कर लिया गया। इसके बाद जख्मी बाघ को रेंज लाया गया। डिप्टी डायरेक्टर ने बाघ के रेस्क्यू होने और उसके पैर की स्थिति के संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव को जानकारी दी। इस पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव ने बाघ की स्थिति के संबंध में विशेषज्ञों से राय मशविरा किया।

पिंजड़े में कैद बाघ।

साइबर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी,अमृत विचार: सदर कोतवाली और क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सोमवार को दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 160 सिम कार्ड, 02 फिंगर स्कैनर, 3 मोबाइल फोन, दो बाइक और 330 रुपये बरामद किया है।

सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि सदर कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर लालपुर बैरियर के पास घेराबंदी की और बाइकों से जा रहे थाना फरधान के गांव कोरैया जंगल निवासी इलियास और विशाल तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो बंडलों में कुल 160 सिम कार्ड, 02 फिंगर स्कैनर, 03 मोबाइल फोन, दो बाइक व 330 रुपये बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी साइबर अपराध में लिप्त थे।

नगला बूला में शहीद को दी अंतिम विदाई

एटा ,अमृत विचार : नगला बूला गांव में शहीद अंशुल यादव भारतीय सेना के 224वें राजपुताना राइफल्स में शामिल होकर देश की सेवा की। लेकिन पिछले 5-6 महीनों से उनके स्वास्थ्य में समस्या थी, जिसका इलाज दिल्ली के आरआर हॉस्पिटल में चल रहा था। दु:ख की बात यह है कि इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी पत्नी शिल्पी और छोटे दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार में मातम छाया हुआ है। मौत के बाद, उनके साथियों ने उनके पार्थिव शरीर को गांव लाकर उनका अंतिम संस्कार किया।

महिला की मौत, पति समेत चार पर रिपोर्ट

बदायूं,अमृत विचार : उझानी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की मौत हो गई। ससुरालीजनों ने फंदा लगाकर जान देने की बात कही, वहीं मायका पक्ष ने ससुरालीजनों पर हत्या करके शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने महिला के पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बरेली के थाना फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र के गांव हमूपुरा निवासी प्रदीप ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बहन सरिता की शादी एक साल पहले कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव अब्दुल्लागंज निवासी अंशुल पुत्र कैलाश के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों के बाद ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के लिए परेशान करने लगे। सरिता के असमर्थता जताने पर सरिता के पति अंशुल, सास सोमवती, ससुर कैलाश और देवर मोहित आए दिन उत्पीड़न करने लगे। उन्हें सोमवार को किसी ग्रामीण ने सरिता की मौत की सूचना दी। पुलिस ने पति, सास-ससुर और देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अवैध संबंधों के विरोध पर प्रेमी के साथ मिलकर की सास की हत्या

एटा,अमृत विचार : ग्राम मुमियाखेड़ा में अवैध संबंधों के विरोध के कारण पुत्रवधू ने प्रेमी के साथ मिलकर 70 वर्षीय सास की हत्या कर दी।

निधौलीकलां थाना क्षेत्र के ग्राम मुमियाखेड़ा निवासी उदयवीर सिंह के दो पुत्र हैं, योगेश कुमार और मुन्नेश कुमार। योगेश की पत्नी, दुर्गादेवी सास, बैकुंठी देवी, के साथ घर पर रहती है। योगेश के अनुसार, दुर्गादेवी के गांव के ही एक युवक से अवैध संबंध हो गए थे। उसने विरोध किया था। रविवार की रात लगभग 12:30 बजे, प्रेमी अपने चाचा के साथ दुर्गादेवी के घर पहुंचा। बैकुंठी देवी ने प्रेमी और दुर्गादेवी को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। आरोप है कि दुर्गादेवी ने प्रेमी और उसके चाचा के साथ मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। सोमवार की सुबह करीब 4 बजे, दुर्गादेवी ने शोर मचाया कि उसकी सास की मौत हो गई है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लिया और दुर्गादेवी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रेमी व उसका चाचा फरार बताए गए हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

अमृत विचार प्रेस, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज के सामने, नवादा जोगियान चक रोड, बरेली से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

निविदा की शर्तें निम्न हैं

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ-साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा बरेली स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 10.05.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 50000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।

1. अखबार रद्दी
2. मलाड
3. स्वीपिंग (रद्दी कागज)
4. डैमेज न्यूज प्रिन्ट पेपर (DNP)
5. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
6. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
7. प्लास्टिक बाल्टी 20 किग्रा.
8. खाली कैन 20 लीटर
9. लोहे का ड्रम 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.
11. कचरा (प्लास्टिक एवं पॉलीथीन)

पुलिस के कोई कार्रवाई न करने पर युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

एसएसपी कार्यालय पहुंचे गुलफाम ने अपने ऊपर डाला पेट्रोल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : मारपीट के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर युवक ने एसएसपी कार्यालय के बाहर अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। आग लगाने की कोशिश की लेकिन इससे पहले ही कार्यालय पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया और जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

सीओ सिटी आलोक मिश्रा ने युवक से जानकारी ली। युवक ने लगातार शिकायत करने के बाद भी पुलिस द्वारा उसके ससुरालीजन और पत्नी के रिश्तेदारों पर कार्रवाई न करने की बात कही। युवक के अनुसार वह पहले भी एसएसपी कार्यालय के बाहर आत्मदाह की कोशिश कर चुका है। इसके बाद भी ससुराल वालों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह आज आत्मदाह करने के लिए आया था। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई सराय निवासी गुलफाम अहमद पुत्र फिरोज अहमद सोमवार दोपहर एसएसपी कार्यालय के सामने पहुंचा। उसने साथ लाए पिपिया से अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया और जमीन पर लेट गया। माचिस निकालने के लिए उसने अपनी जेब में हाथ डाला लेकिन इससे पहले ही कार्यालय गेट पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। बताया कि उसने विषाख्त पदार्थ खा लिया है। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया।

जिला अस्पताल में भर्ती गुलफाम।

युवक ने बताया कि एक अक्टूबर 2023 को वह अपने साढ़ू थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव सेमरा बलवीरपुर निवासी आमिल की बहन सायरा की शादी में गया था। जहां किसी बात को लेकर उसका ससुराल वालों से विवाद हो गया था। इसे लेकर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी। आरोप है कि उसका मोबाइल और 8500 रुपये ससुराल वालों ने छीन लिए थे।

सपा ने कन्नौज से तेज प्रताप को मैदान में उतारा

लखनऊ। सपा ने सोमवार को कन्नौज और बलिया सीट के लिए भी अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी ने कन्नौज सीट से लालू यादव के दामाद तेज प्रताप यादव जबकि बलिया सीट पर सनातन पांडे को चुनाव मैदान में उतारा है। सपा का गढ़ समझी जाने वाली कन्नौज सीट को लेकर अभी तक चर्चा थी कि यहां से सपा प्रमुख अखिलेश यादव स्वयं चुनाव लड़ेंगे। तेज प्रताप ने 2014 में मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था व सपा को जीत दिलाई थी। इस बार यहां से डिंपल यादव प्रत्याशी हैं। वहीं, बलिया सीट पर सपा ने एक बार फिर सनातन पांडे पर अपना भरोसा जताया है।

पुलिस ने दो अपहृत लड़कियों को रोडवेज बस अड्डे से किया बरामद

संवाददाता, पुवायां

- 23 मार्च को लापता हो गईं थीं तीन बहनें, पहले गुमशुदगी फिर अपहरण में दर्ज हुई रिपोर्ट

अमृत विचार: 23 मार्च को क्षेत्र के गांव से तीन चचेरी बहनें लापता हो गई थीं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पहले गुमशुदगी में मुकदमा दर्ज किया। उसके बाद अपहरण में मुकदमे को तरमीम कर विवेचना शुरू की। रविवार देर रात रोडवेज बस अड्डे से दो लड़कियों को पुलिस ने बरामद कर लिया। अभी एक नाबालिग बरामद नहीं हुई है। तीनों को शहर का एक ई रिक्शा चालक हरियाणा ले गया था।

23 मार्च को पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी और उसके भाई की दो बेटियां घर से गायब हैं। उनका कोई पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन जब लड़कियों का कुछ पता नहीं चला तो अपहरण में मुकदमा तरमीम कर विवेचना जारी कर दी। इसी क्रम में पुलिस ने रविवार देर रात पुवायां के रोडवेज बस अड्डा से दो युवतियों को बरामद कर लिया है। वहीं बरामद हुई दो लड़कियों ने बताया कि उन्हें शाहजहांपुर में ई रिक्शा चलाने वाला युवक घर से ले गया था और उसने हरियाणा के झज्जर में एक किराए के मकान में रखा। जिस मकान में तीनों रहती थी। आरोपी ने वहां तीनों को अपनी बहन बताया था, लेकिन मकान मालिक को शक होने लगा। बार-बार पूछताछ करने लगा तो वह एक दिन एक लड़की को लेकर फरार हो गया और दोनों को छोड़कर चला गया। दोनों लड़कियां वहां से किसी तरह पुवायां पहुंची। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों को वहां से बरामद कर लिया।

सार-संक्षेप

कारों की भिड़ंत में दो लोगों की जान गई

हसनपुर/सैदनगली (अमरोहा), अमृत विचार : उझारी-हसनपुर मार्ग पर सोमवार दोपहर दो बजे कारों की आमने-सामने भिड़ंत में संभल के दो लोगों की मौत हो गई। तीन बच्चों सहित छह लोग घायल हो गए। सभी लोग गजरौला में लड़की की लग्न चढ़ाने जा रहे थे। जनपद संभल में हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव हाफिजपुर निवासी दीपचंद जाटव की बहन कृष्णा की शादी गजरौला थाना क्षेत्र के गांव बसेली में तय होनी थी। इस सिलसिले में दीपचंद का दोस्त समयसिंह उर्फ शंभू पुत्र दलवीर चौधरी व इंद्रपाल पुत्र हरद्वारी, कमल पुत्र सोहनलाल निवासी ऐंजरा व अजीत पुत्र नरेश सिंह निवासी मोहम्मदपुर टांडा भी कार से लग्न की रस्म में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही इनकी कार गांव भीकनपुर स्थित खुलैला पुल के पास पहुंची तो हसनपुर की ओर से आ रही कार (स्विफ्ट) से भिड़ंत हो गई। इससे कमल सिंह, इंद्रपाल, निसार व स्विफ्ट कार में सवार छोटू, ओम और गुल्फी घायल हो गए।

घर की खिड़की से गिरकर दो साल की बच्ची की मौत

सैदनगली, अमृत विचार : नगर में सोमवार को घर की खिड़की से गिरकर दो साल की बच्ची की मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना कार्रवाई उसे सुपुर्द खाक कर दिया। कस्बे के मोहल्ला दर्जियान निवासी दो वर्षीय एमन उर्फ अरीबा पुत्री चौधरी नासिर रविवार घर में खेल रही थी। इस दौरान कमरे की खिड़की खुलने से वह नीचे जमीन पर आ गिरी। बच्ची की चीख सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। आनन फानन घायल बच्ची को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

साइबर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : सदर कोतवाली और क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सोमवार को दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार आरोपी फर्जी सिम आदि का इस्तेमाल कर साइबर अपराध करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 160 सिम कार्ड, 02 फिंगर स्कैनर, 03 मोबाइल फोन, दो बाइक और 330 रुपये बरामद किया है। सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि सदर कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर लालपुर बैरियर के पास घेराबंदी की और बाइकों से जा रहे थाना फरधान के गांव कोरैया जंगल निवासी इलियास और विशाल तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो बंडलों में कुल 160 सिम कार्ड, 02 फिंगर स्कैनर, 03 मोबाइल फोन, दो बाइक व 330 रुपये बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी साइबर अपराध में लिप्त थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। सोमवार को गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

पुलिस ने 25 हजार के इनामी मोहित को किया गिरफ्तार

लखनऊ, अमृत विचार : उप्र. पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में सोमवार को 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया गया। मथुरा के वृंदावन थाने के वांछित अपराधी मोहित निवासी कैलाश नगर को पुलिस ने लूटे गए चांदी के आभूषणों, चोरी की मोटर साइकिल और अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं हरदोई के अतरौली थाना पुलिस ने दबिश के दौरान नवी, श्यामा, जाबिर, बलवीर, इरफान, संजीत और राहुल को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से पांच अवैध तमंचा भी बरामद किया गया है। इसके अलावा मैनपुरी के थाना किशनी 22 अवैध तमंचा बरामद करते हुए पुलिस ने पूरन और अजय को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नौ कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

सीवर में दम घुटने से दो मजदूरों की मौत

मुजफ्फरनगर, एजेंसी : जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के किदवईनगर इलाके में सोमवार को सीवर में काम के दौरान दम घुटने से दो मजदूरों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने संवाददाताओं को बताया कि मृतकों की पहचान समीर (70) और वाजिद (25) के रूप में की हुई है, जिनकी सीवर में काम करने के दौरान दम घुटने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

दिव्यांग खिलाड़ी आवाज के सहारे साधते हैं लक्ष्य

लखनऊ, अमृत विचार : इन्हें दिखता नहीं, लेकिन अनुभवों की उड़ान इन्हें ओलंपिक में मेडल पाने के लिए जोश भर रही है। पुनर्वास विश्वविद्यालय के दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को तीन कैटेगरी में बांटकर अभ्यास कराया जा रहा है। विवि के कुलपति बताते हैं कि कुछ अनुभवी खिलाड़ी पहले भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल पा चुके हैं, और अब इनका लक्ष्य ओलंपिक में मेडल पाने का है। ओलंपिक के लिए तैयार हो रही दिव्यांगों की टीम में जिन्हें बिल्कुल नहीं दिखता, उन्हें ए श्रेणी में शामिल किया गया है। दूसरी कैटेगरी में ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं, जिनकी आंखों के सामने धुंधली तस्वीर आती है। तीसरी श्रेणी के खिलाड़ियों को 40 फीसद तक दिखता है। चूंकि कोई एक दूसरे के साथ चीटिंग न करे, इसलिए खिलाड़ियों को आंखों में पट्टी बांधकर अभ्यस्थ कराया जा रहा है।

ग्राम प्रधान के पिता के सिर में गोली मारकर हत्या, रिश्तेदार पर शक

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव गालिबबड़ा में रविवार रात ग्राम प्रधान अरविंद यादव के पिता चंद्रपाल सिंह (62 वर्ष) की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। ग्राम प्रधान ने एक रिश्तेदार पर हत्या का संदेह जताया है। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने घटनास्थल पर लोगों से पूछताछ की।

घटना के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई हैं। गांव गालिबबड़ा के ग्राम प्रधान अरविंद कुमार के पिता चंद्रपाल सिंह जेएस हिंदू कॉलेज में दो साल पहले चपरासी के पद से सेवानिवृत हुए थे। चंद्रपाल के परिवार में पत्नी अंगूरी देवी व दो बेटे नीरज व अरविंद और दो बेटियां हैं। बड़ा बेटा नीरज गजरौला में हाइवे स्थित एक होटल में नौकरी करता है। चंद्रपाल गांव में दूध का काम करते थे। रविवार रात परिवार के सभी सदस्य घर में सोए हुए थे जबकि चंद्रपाल आंगन में चारपाई पर सो रहे थे। रविवार रात तीन बजे अज्ञात लोगों ने चंद्रपाल की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। सोमवार सुबह पांच बजे नींद से जागने के बाद परिजन कमरे से बाहर आए तो चंद्रपाल का शव बिस्तर पर पड़ा देखा। शव देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। सीओ अंजलि कटारिया ने भी घटना के बारे में जानकारी ली।

रामलला का दर्शन कर निहाल हुए 30 देशों के भक्त

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर में 30 देशों के 90 प्रवासी भारतीय और दिल्ली से आए करीब 400 लोगों ने सोमवार को रामलला के दर्शन किए। मंदिर की भव्यता-दिव्यता को देखकर सभी भाव-विभोर हो उठे। इस प्रतिनिधिमंडल में भूटान एंबेसडर और तिब्बत के स्पीकर भी शामिल रहे।

दिल्ली के स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष विजय जॉली के नेतृत्व में आया यह प्रतिनिधिमंडल सोमवार सुबह जन्मभूमि पर स्थित राम मंदिर ट्रस्ट के यात्री सुविधा केंद्र पर पहुंचा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख राम लाल जी, विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद जत्थे में शामिल लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। समूह के सदस्यों का अलग-अलग भाषा शैली में जय श्रीराम का उद्घोष आकर्षण का केंद्र रहा। यात्रा में प्रमुख रूप से भूटान राजदूत मेजर जनरल वेत्सोप नामग्याल, काउंसलर दोरजिक किंजांग, चीन गणराज्य (ताइवान) प्रतिनिधि कुमारी त्साई जेन चुन, भारत में रोमानिया महावाणिज्य दूत विजय मेहता व टुवालू महावाणिज्य दूत डॉ. दीपक जैन और निर्वासित तिब्बत संसद स्पीकर खेपो सोनम तेनफेल के साथ प्रवासी भारतीयों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, भूटान, कनाडा, कोलंबिया, कंबोडिया, जॉर्जिया, गुयाना, केन्या, कजाकिस्तान, मलेशिया, मोजाम्बिक, मकाऊ, नाइजीरिया, नेपाल, नॉर्वे, रोमानिया, रवांडा, स्पेन, सिंगापुर, सिंट मार्टेन, चीन गणराज्य (ताइवान), तजाकिस्तान, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, तुवालु, तिब्बत, युगांडा, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका से आये भक्त शामिल रहे।

राम मंदिर में दर्शन के पश्चात सीढ़ियों पर बैठे प्रवासी रामभक्त। ● अमृत विचार

बाबूराम को पद्मश्री अवार्ड मिलने से खुशी का माहौल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पीतल नगरी के दस्तकारों की बेहतरीन नक्काशी की बदौलत पूरी दुनिया में मुरादाबाद का अलग रुतबा है। इसी नक्काशी की बदौलत मुरादाबाद के शिल्प गुरु दिलशाद हुसैन को भारत सरकार ने साल 2023 में पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया था।

एक बार फिर मुरादाबाद के रहने वाले बाबूराम यादव को पद्मश्री अवार्ड मिला है। महानगर के नागफनी इलाके की तंग गलियों में रहने वाले 74 वर्षीय बाबूराम यादव को ये एहसास भी न था कि उनका चयन पद्मश्री के लिए हो जाएगा। बाबूराम यादव साल 1962 से पीतल के बर्तनों पर बेहतरीन नक्काशी कर उसे तराशते रहे हैं। पद्मश्री अवार्ड के लिए उनका चयन मरोड़ी आर्ट की वजह से हुआ है। बाबूराम यादव के परिवार में तीन बेटे हैं, जिनकी शादियां हो चुकी हैं। परिवार में उनकी 70 वर्षीय पत्नी मुन्नी यादव, बड़ा बेटा अशोक यादव, चंद्र प्रकाश यादव और हरिओम यादव हैं। जबकि दो पौत्र हिमाशु और गौरव यादव, तीन पौत्री प्रिया, हिमानी और सुनाक्षी हैं। बाबूराम के पद्मश्री अवार्ड मिलने पर उनके घर में खुशी का माहौल है। बाबूराम को यह अवार्ड राष्ट्रपति ने सोमवार को दिया।

शिल्पगुरु बाबूराम यादव को पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू।

ब्लॉकों में टैब से पुष्टाहार बनाने का तरीका सीखेंगी महिलाएं

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लॉकों पर संचालित टेक होम राशन यानी टीएचआर प्लांट की महिलाएं ई-लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से प्रशिक्षित की जाएंगी।

इसके लिए वर्ल्ड फूड प्रोग्राम एक-एक टैब देगा। जिस पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग व तकनीकी सपोर्ट करने वाली संस्थाएं समय-समय वर्चुअल बैठक और प्रशिक्षण देंगी। पुष्टाहार में कब क्या बदलाव, वजन व उम्र के हिसाब से उचित पुष्टाहार तैयार करना, मिनरल व विटामिन की मात्रा आदि तौर-तरीके ऑनलाइन सीखाएं जाएंगे। टैब से आर्डर लेना, आंगनबाड़ी केंद्रों पर आपूर्ति करना और ऑनलाइन हाजिरी लगाना, भुगतान के बिल सीधे जिला मुख्यालय को भेजना समेत सभी काम होंगे। इन कार्यों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। लखनऊ समेत कुछ जिलों में टैब वितरित हो चुके हैं। अब 12 मॉड्यूल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उत्तराखंड

उत्तराखंड बोर्ड के 10वीं, 12वीं के नतीजे 30 को

रामनगर, अमृत विचार : उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को घोषित होंगे। रामनगर स्थित उत्तराखंड बोर्ड के मुख्यालय में सोमवार को बोर्ड सभापति महावीर सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में परीक्षाफल समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने परीक्षाफल समिति की बैठक के बाद बताया कि 30 अप्रैल को पूर्वाह्न 11.30 बजे सभापति परीक्षाफल की घोषणा करेंगे। इसके बाद बोर्ड की वेबसाइट पर परीक्षाफल अपलोड कर दिया जाएगा। प्रदेश में 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 16 मार्च को संपन्न हो चुकी हैं। जिसके बाद 27 मार्च से 10 अप्रैल तक मूल्यांकन का कार्य भी पूरा हो चुका है।

बोलेरो खाई में गिरी, 4 लोगों की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

- विवाह समारोह से लौट रही थी छोलिया नर्तकों की टीम

अमृत विचार : सीमांत जिले पिथौरागढ़ से सोमवार की तड़के विवाह समारोह से लौट रही छोलिया नर्तकों की बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर करीब दो सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। रेस्क्यू टीम ने घायलों को खाई से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। मृतकों में दो सगे भाई शामिल हैं।

पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय से करीब तीस किमी दूर चमाली मोटर मार्ग पर बड़ाबे में विवाह समारोह था। विवाह कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सोमवार की तड़के करीब तीन बजे के आसपास बारात में शामिल छलिया नर्तकों का दल बोलेरो गाड़ी से चमाली की ओर वापस लौट रहा था। करीब चार बजे चमाली मोटर मार्ग के अंडाली बैंड के पास बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। करीब साढ़े पांच बजे जिला प्रशासन को हादसे की खबर मिली। जिसके बाद पुलिस, एसडीआरएफ, राजस्व विभाग की टीम और 108 एंबुलेंस मौके की ओर रवाना हुई।

एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू शुरू किया और घायल जगदीश प्रसाद (40) पुत्र दीवानी राम, राजेंद्र राम (36) पुत्र नारायण राम, हिमांशु (19) पुत्र सुरेंद्र लाल सभी निवासी ग्राम डूंगरी रावत और प्रियांशु (18) पुत्र सुरेंद्र लाल निवासी ग्राम रोड़ी पाली को अस्पताल भेजा। संयुक्त मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मिश्र ने बताया कि चार अन्य पवन कुमार (37) पुत्र जगत राम, अंगद कुमार (30) पुत्र जगत राम, कैलाश राम (42) पुत्र शोबन राम और अजय कुमार (31) पुत्र होशियार राम चारों निवासी ग्राम डूंगरी रावल की हादसे में मौत हो गई है। जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. आशु ने बताया कि हादसे के चारों घायलों की हालत भी काफी गंभीर है। जिनका अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

राष्ट्रपति मुर्मू 23 से दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर

देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 23 अप्रैल को दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड आ रही हैं। राष्ट्रपति 23 अप्रैल को एम्स ऋषिकेश के चौथे दीक्षांत समारोह व परमार्थ निकेतन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति यहां एमबीबीएस, एमडी व बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान करेंगी। 24 को राष्ट्रपति आईजीएनएफए में होने वाले आइएफएस के 2022-24 बैच के दीक्षा समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति विशेष विमान से जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचेंगी और सीधे राजभवन जाएंगी। एयरपोर्ट पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह व मुख्यमंत्री धामी राष्ट्रपति का स्वागत करेंगे।

पत्नी की गला घोंटकर हत्या फिर लेकर पहुंच गया अस्पताल

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : प्रेमनगर थाना क्षेत्र में नवविवाहिता की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। मौत के घाट उतारने के बाद पति उसे सरकारी अस्पताल ले गया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलनगर थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुरी निवासी दिग्विजय शर्मा की पुत्री प्रतिभा (24) का विवाह फरवरी माह में मीठी बेरी निवासी दीपक शर्मा के साथ हुआ था। रविवार रात्रि पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी के चलते दीपक ने गला घोंटकर प्रतिभा की हत्या कर दी। इसके बाद देर रात्रि दीपक उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचा। अस्पताल से 22 अप्रैल की तड़के करीब तीन बजे सरकारी अस्पताल से डेथ मेमो प्रेमनगर थाना पुलिस को भेजा गया। मेमो की जांच को पहुंची पुलिस ने दीपक से घटना के बारे में जानकारी ली तो वह टालता रहा। लेकिन सख्ती करने पर उसने सबकुछ उगल दिया।

पुलिस के मुताबिक शादी के कुछ दिनों बाद ही पति-पत्नी में विवाद होने लगा था। आए दिन उनमें कहासुनी होती थी। रविवार को हुए विवाद के दौरान दीपक ने वारदात को अंजाम दिया। मृतका के शव का पंचनामा मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में भरा गया। मृतका के पिता दिग्विजय शर्मा की तरफ से दामाद, बेटी के सास-ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के चलते हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने दीपक शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

खेत में फैला करंट, दो की मौत

किच्छा, अमृत विचार : धान की बुवाई के दौरान खेत में मोटर के तार से करंट फैलने से खेत स्वामी व एक महिला मजदूर की मौत हो गई। बरेली मार्ग स्थित नितिन इलेक्ट्रॉनिक्स के स्वामी राजकुमार खुग्गर अपने खेत में मजदूरों को लेकर धान की बुवाई करने के लिए जा रहे थे। रास्ते में मोटर की सप्लाई के लिए डाली गई तार को उठाकर खेत की बाउंड्री वॉल पर रखने के दौरान खेत स्वामी राजकुमार खुग्गर (62) करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। इसी बीच तार से करंट खेत में पड़े पानी में भी प्रवाहित हो गया। इससे खेत पर काम कर रही महिला मजदूर 64 वर्षीय जयंती देवी सहित चार मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। अस्पताल में चिकित्सकों ने राजकुमार खुग्गर एवं जयंती देवी को मृत घोषित कर दिया।

41 राजकीय महाविद्यालयों को मिलेंगे छात्रावास, निर्माण जारी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रदेश के 21 राजकीय महाविद्यालयों में छात्रावासों का निर्माण चल रहा है, जो जल्द बनकर तैयार हो जाएंगे। वहीं 20 महाविद्यालयों में छात्रावास बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिसे जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है। प्रत्येक छात्रावास के निर्माण में 5 करोड़ रुपये का बजट व्यय होगा।

योजना के तहत एक हजार से अधिक छात्र संख्या वाले महाविद्यालयों में छात्रावास बनाए जाएंगे। इनका निर्माण विशेष सहायता योजना के तहत होगा। इनमें एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी, महिला डिग्री कॉलेज हल्द्वानी, पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर रामनगर, राजकीय महाविद्यालय हल्दूचौड़, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेरीनाग, राजकीय स्नातकोत्तर चम्पावत, सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर, राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर और राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में छात्रावास बनेंगे।

कार्बन कणों से ग्लेशियर खतरे में

हल्द्वानी, अमृत विचार : वनों में लग रही आग जीव-जंतुओं के साथ ही हिमालयी पर्यावरण के लिए भी खतरा बन रही है। अप्रैल माह में ही उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों के जंगल धधक उठे हैं। आग की वजह से उठ रहे कार्बन कण दूर तक उड़कर ग्लेशियर तक पहुंच रहे हैं। इससे ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज हो जाती है। गर्मी बढ़ने के साथ ही उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाएं भी तेजी से बढ़ने लगी है। वन विभाग के अनुसार अब तक करीब 436 हेक्टेयर वन आग से प्रभावित हो चुके हैं। प्रदेश भर में अभी तक वनाग्नि की 373 घटनाएं हो चुकी हैं।

गला रेतकर बच्चे को झाड़ियों में फेंका

संवाददाता, काशीपुर

- जूस के स्टॉल में काम करने वाले युवक ने साथी व्यक्ति के बच्चे पर किया जानलेवा हमला

अमृत विचार : चैती मेले में जूस का स्टॉल लगाने वाले व्यक्ति के 13 महीने के बेटे का उसके साथ काम करने वाले युवक ने गला रेत दिया और उसे झाड़ियों में फेंक दिया। युवक बच्चे को घुमाने के बहाने अपने साथ लेकर गया था।

गंभीर अवस्था में बच्चे को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सहारनपुर के बासठकुटा रोड राशिद गार्डन निवासी मोहम्मद नदीम ने 9 अप्रैल से चैती मेले में अपने 10-12 साथियों के साथ जूस के अलग-अलग स्टॉल लगा रखे हैं। चैती मेले में नदीम अपनी पत्नी जीनत और 13 महीने के बच्चे आहद के साथ आया हुआ है। स्टॉल पर उसके साथ उसके गांव का ही आशु निवासी रहमानी चौक, हबीब गढ़ रोड, सहारनपुर काम कर रहा था।रविवार को नदीम अपने स्टॉल पर व्यस्त था और जीनत सभी लोगों के लिए खाना बना रही थी। इस बीच रात करीब आठ बजे आरोपी आशु उनके बेटे आहद को घुमाने की बात कहकर अपने साथ ले गया। देर रात वह नशे की हाल में लौटा तो उसके साथ आहद नहीं था। इस पर परिजनों ने बच्चे के बारे में पूछा, तो आरोपी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

नदीम ने मामले की सूचना पुलिस को दी और बच्चे की तलाश शुरू कर दी। सुबह 6 बजे बच्चा बाजपुर रोड पर झाड़ियों में किसी को रोता हुआ पड़ा मिला। इस पर उसने बच्चे को तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

कुमाऊं में धधक रहे जंगल, सांसों में भर रहा है जहरीला धुआं

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार: गर्मियां शुरू होते ही नैनीताल समेत कुमाऊं भर के जंगलों में आग लगने की घटनाओं में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है।

नैनीताल के लदियाखान, ज्योलिकोट, मंगोली, खुरपाताल, देवीधुरा, भवानी, भीमताल मुक्तेश्वर समेत आसपास के जंगलों में इन दिनों भीषण आग लगी है, जिससे अमूल्य वन संपदा जलकर खाक हो रही है तो वहीं दूसरी ओर वायुमंडल और इंसानों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। जंगल आग उगल रहे हैं। वनाग्नि के कारण चारों तरफ धुआं छाया हुआ है, जिससे हवा में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) 2.5 के स्तर में करीब पांच गुना बढ़ोत्तरी हो गई है । इन हालातों ने वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों को चिंता में डाल दिया है।

15 फरवरी से 15 जून तक का फायर सीजन प्रदेश के जंगलों के लिए बेहद संवेदनशील होता है। अप्रैल की शुरुआत से ही अनियंत्रित रूप से सामने आ रही वनाग्नि की घटनाओं ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी हैं। बीते वर्ष नवंबर से अब तक प्रदेश में 350 से अधिक वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं ।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

संपादकीय

मालदीव में मुइज्जू

हिंद महासागर में स्थित रणनीतिक रूप से अहम देश मालदीव के संसदीय चुनावों में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी की जीत को चीन समर्थक नेता के परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण करार दिया जा सकता है। चीन और भारत के साथ मालदीव का नाजुक संतुलन लंबे समय से इसकी राजनीति में एक केंद्रीय विषय रहा है। हिंद महासागर में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए चीन और भारत दोनों ने ही मालदीव में निवेश किया है। बीते साल राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया। वह मालदीव के कई बड़े प्रोजेक्ट चीन की कंपनियों को दे चुके हैं। संसद में उनकी पार्टी गठबंधन में थी परंतु उनके पास बहुमत नहीं था। मालदीव की संसद मजलिस में एमडीपी का बहुमत होने की वजह से राष्ट्रपति मुइज्जू की कई नीतियां लागू नहीं हो सकी थीं। अब संसदीय चुनाव में बंपर जीत के बाद उनकी ये भी परेशानी दूर हो गई है। नतीजों से साफ है कि मुइज्जू की ताकत बढ़ेगी। सरकार में चीन का दबदबा बढ़ सकता है। चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि चीन मालदीव के साथ अपनी परंपरागत दोस्ती को बनाए रखने के लिए काम करने का इच्छुक है। वह मालदीव के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के विस्तार का इच्छुक है तथा रणनीतिक भागीदारी को और मजबूत करना चाहता है। समझा जा सकता है कि मालदीव में चीन की सक्रियता बढ़ना भारत के हित में नहीं है। यानी मोहम्मद मुइज्जू की जीत भारत के लिए चेतावनी है। 1965 में मालदीव एक स्वतंत्र देश बना।

भारत इस द्वीपीय राष्ट्र को मान्यता देने वाला पहला देश था। 1972 में भारत ने मालदीव में अपना पहला उच्चायोग स्थापित किया, जबकि 2004 में मालदीव ने नई दिल्ली में अपना पहला पूर्ण राजनयिक मिशन खोला था। ठीक से देखा जाए तो भारत ने दो दशकों में मालदीव से उतार-चढ़ाव वाले कूटनीतिक संबंध बनाए रखे। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि चीन पर दोष मढ़ने की बजाय, भारत को अपने पड़ोसी देशों में चल रही गतिविधियों को ध्यान में रखकर दूरगामी रणनीति बनाने की जरूरत थी। विशेषज्ञ भारत को मालदीव के साथ रिश्तों में बदलाव की नसीहत दे रहे हैं। बता दें कि भारत के साथ मालदीव के रिश्ते तब और तनावपूर्ण हो गए जब भारतीय सोशल मीडिया पर लोगों ने मालदीव पर्यटन का बहिष्कार अभियान शुरू किया था। यह मालदीव के तीन उपमंत्रियों द्वारा लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के विचार को उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपमानजनक बयान देने के खिलाफ था। कुल मिलाकर मोहम्मद मुइज्जू की जीत का असर भारत के साथ मालदीव के रिश्तों पर भी पड़ सकता है। आशंका है कि भारत और मालदीव के रिश्ते अभी और खराब हो सकते हैं।

धधकती आग से जंगल हो रहे खाक

प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

वनों में आग की इन घटनाओं में करोड़ों रुपये मूल्य की वन संपदा जलकर नष्ट हो गई है। पौधे, दुर्लभ जड़ी- बूटियां और वनस्पति आग के भेंट चढ़ गई है। वनाग्नि ने पहाड़ के तापमान को बढ़ा दिया है। इस वर्ष जाड़ों में बारिश नहीं हुई। मौसम बेहद शुष्क है।

मौजूदा वक्त में पहाड़ के जंगलों का बुरा हाल है। जंगलों के क्षेत्रफल और वनावरण कागजों में भले ही बढ़ा हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। बेशक पहाड़ में वन क्षेत्र में इज़ाफ़ा हुआ है लेकिन जंगल सिमट रहे हैं। पहाड़ के राजस्व गांवों और वन सीमा पर लगे ब्रिटिशकालीन वन सीमा पिलर गायब हो चुके हैं। अव्यावहारिक वन कानूनों ने वनोपज पर स्थानीय निवासियों के नैसर्गिक अधिकारों को ख़त्म कर दिया है। इससे ग्रामीणों और वनों के बीच दूरी बढ़ी है। जंगलों से आम लोगों के सदियों पुराने रिश्ते को कायम किए बिना जंगलों को अवैध दोहन और दावानल से बचा पाना सरकार या वन विभाग के बूते से बाहर है।

उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। इन दिनों पहाड़ के अनेक स्थानों में जंगल आग की चपेट में हैं। अप्रैल महीने के तीसरे सप्ताह तक उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की सैकड़ों घटनाएं घट चुकी हैं। बहुमूल्य वन संपदा इस आग की भेंट चढ़ गई है। गर्मी बढ़ने के साथ दावाग्नि का दायरा भी बढ़ता जा रहा है।

कुमाऊं मंडल के नैनीताल, अल्मोड़ा, चंपावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों के अनेक जंगल आग में धधक रहे हैं। नैनीताल जिले के ओखलकांडा, बेतालघाट, भवाली और भीमताल आदि क्षेत्रों के जंगल दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। इस वर्ष अल्मोड़ा जिले के जंगलों में आग लगने की करीब दो दर्जन वारदातें हो चुकी हैं। पिथौरागढ़ जिले के अस्कोट क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। डीडीहाट के कई क्षेत्रों में हफ्ते भर से जंगल जल रहे हैं। चंपावत जिले के लोहाघाट क्षेत्र में भी जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। टनकपुर क्षेत्र के जंगल भी आग की तपिश से महफ़ूज नहीं हैं। मीडिया में छपी खबरों के अनुसार पिछले साल नवंबर से इस वर्ष अप्रैल महीने के तीसरे हफ्ते तक उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की करीब पौने चार सौ घटनाएं घट चुकी हैं। जिसमें करीब सवा चार सौ हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र की वन संपदा को क्षति पहुंची है। इस अवधि में कुमाऊं मंडल के जंगलों में करीब पौने दो सौ आग लगने की वारदातें हो गई हैं। जिसमें करीब डेढ़ सौ हेक्टेयर वन क्षेत्र के प्रभावित होने का अनुमान है।

वनों में आग की इन घटनाओं में करोड़ों रुपये मूल्य की वन संपदा जलकर नष्ट हो गई है। पौधे, दुर्लभ जड़ी-बूटियां और वनस्पति आग के भेंट चढ़ गई है। वनाग्नि ने पहाड़ के तापमान को बढ़ा दिया है। इस वर्ष जाड़ों में बारिश नहीं हुई। मौसम बेहद शुष्क है। जंगल का बिछावन एकदम सूखा हुआ है। कभी-कभार तेज हवाएं चल रहीं हैं। इस वजह से आग का दायरा और मारक क्षमता बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। जंगल बारूद की ढेर की तरह आग में धधक रहे हैं।

पहाड़ के जंगलों में आग लगना एक स्थायी समस्या है। जंगलों में हर साल आग लगती है। वनाग्नि में बेशकीमती वन संपदा स्वाहा हो जाती है। पेड़-पौधों, अनेक प्रजाति के जीव-जंतुओं और विभिन्न प्रजातियों की वनस्पति को अपूर्णीय क्षति पहुंचती है। वनों में शाखाओं, लताओं और झाड़ियों के जल जाने से पानी के प्राकृतिक जल स्रोतों के सूखने, भू-कटाव में बृद्धि और वृक्षों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जैव विविधता प्रभावित होती है। जंगल की अदृश्य दुनिया का वजूद ख़त्म हो जाता है, जिसे नुकसान में शामिल नहीं किया जाता है।

जंगल के सतह पर पत्तियों, टहनियों, गिरी हुई शाखाओं का बिछौना होता है। पहली नज़र में यह अकारण सड़ रहा मृतप्रायः ढ़ेर-सा लगता है। असल में यह जंगल की मिट्टी के भीतर अदृश्य दुनिया की छत के समान होता है। सबसे अधिक जीवन इन ढेरों के नीचे ही छिपा होता है। वनाग्नि में इन सूक्ष्म जीवों का विनाश हो जाता है।

उत्तराखंड के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का करीब सत्तर प्रतिशत हिस्सा वन क्षेत्र है। प्रदेश के राजस्व का एक बड़ा हिस्सा उत्तराखंड की वनोपज से आता है लेकिन दुर्भाग्य यह है कि वनों की आमदनी का एक छोटा-सा हिस्सा ही वनों की सुरक्षा में खर्चा जाता है। वन महकमे के हिस्से में आने वाली रक़म का बड़ा हिस्सा विभाग के अफसरों और दूसरे कारिंदों की तनख्वाह वग़ैरह में खर्च हो जाता है। वनों की हिफाज़त और पौध रोपण के काम में नाममात्र की धनराशि खर्ची जाती है। हर साल पहाड़ के जंगलों में आग लगती है। पर जंगल की आग को आर्थिक और पारिस्थतिकी की दृष्टि से नहीं देखा जाता है।

वनों को आग से बचाने की बुनियादी जिम्मेदारी वन विभाग की है लेकिन जंगलात के पास वनाग्नि के प्रबंध की तकनीकी प्रशिक्षण की पुख़्ता व्यवस्था नहीं है। वन महकमा वनों को आग से महफ़ूज रखने के लिए पूर्व से बनी विभागीय कार्ययोजना की बात करने से कतराता रहा है। जंगलात महकमे की कार्ययोजना में वनाग्नि से निपटने के लिए सभी कारगर उपाय तय किए होते हैं। इस वास्ते प्रत्येक स्तर पर उत्तरदायित्व तय हैं। इसके लिए बाकायदा बजट का प्रावधान होता है लेकिन वन विभाग यथासमय कार्ययोजना पर अमल नहीं करता है।

उत्तराखंड के वन महकमे में आला अफसरों की भरमार है। अविभाजित उत्तर प्रदेश में जहां एक प्रमुख वन संरक्षक पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी संभालते थे। अलग राज्य बनने के बाद इस छोटे से प्रदेश में प्रमुख एवं मुख्य वन संरक्षक स्तर के करीब ढाई दर्जन आला अफसर तैनात हैं। इसके उलट जमीनी स्तर पर कर्मचारियों की कमी है। आला अफसरों के अनुपात में फील्ड स्टाफ में बढ़ोतरी नहीं हुई है। परिणामस्वरूप साल भर वन संपदा का अवैध दोहन होते रहता है। गर्मियों के मौसम में दावाग्नि अवैध दोहन के सबूत नष्ट कर देती है।

1985 में कुमाऊं मंडल में विदेशी आर्थिक सहायता से 'मॉर्डन फायर प्रोजेक्ट' शुरू हुआ था। करोड़ों रुपये की इस 'वन अग्नि शमन परियोजना' में रामनगर, नैनीताल, हल्द्वानी आदि सात डिविजन शामिल किए गए थे। परियोजना के अंतर्गत एक हेलीकॉप्टर, दर्जनों अग्नि शमन गाड़ियां, टैंकर आदि तमाम आधुनिक उपकरण खरीदे गए। वॉच टॉवर बने। वन विभाग के वन संरक्षक स्तर के एक अधिकारी को परियोजना निदेशक बनाया गया। डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर को अग्नि शमन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया था। कई वनाधिकारी जंगल की आग में काबू पाने के गुर सीखने अमेरिका भेजे गए। 56 लोगों का 'अग्नि संगठित दल' बनाया गया। इन्हें वनाग्नि से निपटने के लिए बाकायदा छह महीने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दरम्यान वनाधिकारियों ने जमकर हवाई उड़ानें भरी। खूब सेमिनार हुए। यह योजना दस साल में ही दम तोड़ गई। वन विभाग के अधिकारी वापस मूल विभाग में लौट गए। परियोजना से जुड़े दूसरे कर्मचारियों को भी वन विभाग में समायोजित कर लिया गया।

मौजूदा वक्त में पहाड़ के जंगलों का बुरा हाल है। जंगलों के क्षेत्रफल और वनावरण कागजों में भले ही बढ़ा हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। बेशक पहाड़ में वन क्षेत्र में इज़ाफ़ा हुआ है लेकिन जंगल सिमट रहे हैं। पहाड़ के जंगलों में ब्रिटिश राज में बने ज्यादातर वन मार्ग और वन सीमा स्तंभों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। पहाड़ के राजस्व गांवों और वन सीमा पर लगे ब्रिटिशकालीन वन सीमा पिलर गायब हो चुके हैं। अव्यावहारिक वन कानूनों ने वनोपज पर स्थानीय निवासियों के नैसर्गिक अधिकारों को ख़त्म कर दिया है। इससे ग्रामीणों और वनों के बीच दूरी बढ़ी है। जंगलों से आम लोगों के सदियों पुराने रिश्ते को कायम किए बिना जंगलों को अवैध दोहन और दावानल से बचा पाना सरकार या वन विभाग के बूते से बाहर है। इस रिश्ते को बहाल करने के लिए सरकार और खुद वन महकमे को जंगलों के प्रति संवेदनशील दिखने और होने की आवश्यकता है। फिलवक्त इसके आसार नज़र नहीं आते हैं।

व्यंग्य

बच्चों के हक में हो शिक्षा

हमें याद रखना चाहिए कि घर अगर बच्चों की पहली पाठशाला है तो विद्यालय दूसरी। विद्यालय में शिक्षक ही बच्चों का अभिभावक है।

दिखावे और चकाचौंध के मौजूदा दौर में पारिवारिक और सामाजिक सिद्धांतों के बोझ तले बच्चों के जीवन की स्वाभाविकता लुप्त हो रही है। उनके कोमल मस्तिष्क में गलत सिद्धांतों का जहर भरकर और उन्हें अंधविश्वास की राह दिखा कर हम उनकी सामाजिक प्रकृति को प्रदूषित कर रहे हैं। घर में ही नहीं बल्कि विद्यालयों में भी अक्सर बच्चों को धर्म, जाति और संप्रदाय की दूरियों का एहसास कराया जाता है। इस तरह हम उनकी समझ को तोड़ मरोड़ देते हैं।

हमें याद रखना चाहिए कि घर अगर बच्चों की पहली पाठशाला है तो विद्यालय दूसरी। विद्यालय में शिक्षक ही बच्चों का अभिभावक है। शिक्षक को एक आदर्श स्थापित करना चाहिए क्योंकि छात्र और शिक्षक का संबंध पतंग और डोर की तरह होता है। यदि डोर कमजोर हो गई तो पतंग किन राहों में भटक जाएगी, कहना मुश्किल है।

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

हम आज भी यह मानते हैं कि प्रत्येक बच्चा एक प्रयोग है, पर बच्चा किसके लिए है? माता-पिता के लिए शिक्षक के लिए या अपने आप के लिए। इसी प्रश्न के उत्तर में शिक्षण की समस्या समाई हुई है। पहले यह माना जाता था कि बच्चा माता-पिता के लिए है लेकिन अब ऐसा नहीं है। समाजशास्त्री यह मानते हैं कि बच्चा अपने आप में एक पूर्ण व्यक्तित्व है। हालांकि संस्कार और परंपराओं में अटका एक तबका आज भी ऊहापोह की स्थिति में है। इस कारण सदैव खींचतान की स्थिति बनी रहती है और इसका शिकार होते हैं बच्चे। शिक्षण प्रक्रिया भी इससे प्रभावित होती है जिसके कारण ना उसकी सही दिशा बन पा रही है और ना ही पद्धति।

व्यापक रूप से बच्चा आज अपने अभिभावकों, शिक्षकों व समाज की शुभकामनाओं का पात्र बनकर रह गया है। चाहे परिवार हो या विद्यालय सभी जगह बड़ों का बच्चों के प्रति अधिकारवादी रुख रहता है। बच्चा हमारी मर्जी से चले, हम जो कहें या करें उसी का पालन करें, हमारी बात मानें। ऐसी सोच आज भी जिंदा है। शिक्षकों में भी बच्चों के प्रति मैं ही ठीक हूं तथा आदेश का व्यवहार अधिक हावी रहता है। यह अधिकार वाद का रुख बच्चों में दबाव की स्थिति पैदा कर उनमें कुंठा की भावना और उनके व्यक्तित्व को कमजोर कर देता है।

दरअसल आज भी हमारी शिक्षण व्यवस्था चंद नियमों के तहत चलती है जिसमें आदेश और उपदेश की प्रधानता है। कौशल और विवेक की शक्ति पर भरोसा कम है। भले ही नई तकनीक और बदलाव की बात बार-बार कही जाती है, पर असल में धरातल पुरानी परंपराओं का ही पोषक है। स्कूलों में पुस्तकों का बोझ है, परीक्षाएं हैं और देखा जाए तो शिक्षण मात्र नौकरी पाने की चाह है। हमारा शिक्षण चिंतन इसी में उलझ कर रह जाता है की कितनी कक्षाएं हो,कितने पीरियड हो, कौन सा विषय पढ़ाया जाए, कौन सी पुस्तक पढ़ी जाए और कब कब परीक्षाएं ली जाएं। परीक्षा में पास फेल का दबाव बच्चों पर बना हुआ है तात्पर्य है। ऐसी शिक्षण व्यवस्था किस काम की जो केवल पुस्तकीय ज्ञान तक ही सीमित हो।

पहले ज्ञान की परिधि का दायरा बहुत सीमित था, अनुभव भी सीमित था। लेकिन समय के साथ-साथ विज्ञान और टेक्नोलॉजी की प्रगति के कारण ज्ञान का जो विस्फोट हुआ है उसमें पहले का ज्ञान नई पीढ़ी के लिए काम का नहीं रह गया है। आज शिक्षक को भी ऑलराउंडर बनने की जरूरत है। विषय से इतर ज्ञान ही आपको एक सफल शिक्षक बन सकता है क्योंकि ज्ञान के पथ पर बैसाखी के सहारे नहीं चला जा सकता। जाहिर है रटने रटाने की प्रवृत्ति से हटकर परिवर्तन लाना होगा पर यह परिवर्तन बच्चों की इच्छानुसार ही होना चाहिए। साथ ही हमें उस पढाई का ढांचा भी बदलना होगा जहां भारी बस्ती का बोझ ढोते-ढोते बच्चों की कमर झुक गई है।

हमें यह समझ लेना होगा की हर बच्चे में एक विशिष्टता है, इसलिए प्रत्येक बच्चा महत्वपूर्ण है। शिक्षा बच्चों को दिशाहीन और दिगभ्रमित करने वाली नहीं होनी चाहिए, क्योंकि व्यक्तिगत और सामाजिक संबंध जोड़ने की जो क्षमता बच्चों में होती है वह दूसरों में नहीं। इसमें शिक्षा और शिक्षक अच्छी भूमिका निभा सकते हैं। शिक्षा ऐसी हो जो बच्चों की क्षमता को सही दिशा में बढ़ाएं और उनके जीवन में समृद्धि तथा इस स्थिरता लाए। हमें हमें यह भी समझना होगा की बच्चों की देखभाल करना विज्ञान ही नहीं कला भी है।

मतदान - महायज्ञ

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

राजनैतिक शुचिता पर हो रही अनंत बहसों के बाद आज भी मुख्य दलों के उम्मीदवारों की सूची देख मतदाता चकित है। सर्वगुणसंपन्न इन उम्मीदवारों से अब क्या आशा रखी जाए?

आदिम काल में कोई देवी, देवता की परिकल्पना नहीं थी। मनुष्य प्रकृति के कौतुक से डर कर उन्हें देवता मान कर उनका आदर व पूजन किया करता था। जैसे प्रतिदिन सूर्य का ताप व प्रकाश देखकर उन्हें देव मान लिया गया। उसी तरह चंद्रमा, वायु, जल, अग्नि आदि से डर कर या उनकी आवश्यकता देख उन्हें देव माना गया। ज्यों-ज्यों मनुष्य विकास करता गया, अपनी आवश्यकताओं तथा कल्पनाओं से नए-नए देव को गढ़ता गया। वैदिक काल में देवों की बढ़ी संख्या को देखकर वैदिक ऋषियों को यज्ञ में हविष्यान्न देने में कठिनाई होने लगी और वे पूछने लगे कि किस देवता को हम हविष्यान्न प्रदान करें (कस्मै देवाय हविषा विधेयम)। समय के साथ देवताओं की संख्या कम होने लगी और बहुदेव वाद से चल कर हम एक देव वाद होते हुए अद्वैतवाद तक पहुंचे।

आज हम प्रजातंत्र के युग में जी रहे हैं और इसमें मतदान सबसे बड़ा यज्ञ है। लोक के मत से हम आधुनिक देवों का निर्माण करते हैं। लोकसभा महायज्ञ का चुनाव सन्निकट होने के कारण देव पद पर चयनित किए जाने हेतु बहुत लोग मैदान में ताल ठोंक रहे हैं तथा मतदाता दिग्भ्रमित है। धर्म, जाति, परिवार, बाहुबल, धनबल के तीर से सभी इस युद्ध में विजय का वरण करना चाहते हैं। राजनैतिक दल उक्त पैमाने पर टिकट बांट चुके हैं और उम्मीदवार जनता के दरवाजे पर सर झुकाए घड़ियाली आंसू बहा कर मत मांग रहा है और जनता को लुभाने के लिए बढ़ चढ़ कर वायदे कर आकाश कुसुम खिला रहा है।

राजनैतिक शुचिता पर हो रही अनंत बहसों के बाद आज भी मुख्य दलों के उम्मीदवारों की सूची देख मतदाता चकित है। सर्वगुणसंपन्न इन उम्मीदवारों से अब क्या आशा रखी जाए? एक संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने जिसे टिकट दिया वह कांग्रेस के पूर्व मंत्री रहे हैं और उन पर कुछ माह पूर्व भाजपा ही भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर ईडी, सीबीआई की जांच की मांग कर रही थी। अब वह भाजपा में सम्मिलित होकर निष्कलंक होकर पुराने भाजपाइयों को पीछे ढकेल कर टिकट लेने में सफल हो गए हैं। सपा ने बसपा सरकार में रहे एक ऐसे पूर्व मंत्री को मैदान में उतारा है जो दूसरे जिले के हैं तथा एनआरएचएम में हुए अरबों के महा घोटाले में अन्य कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लंबे समय तक जेल में निरुद्ध भी रहे हैं। बसपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष को मैदान में उतारा है जो स्वयं तो बेदाग हैं लेकिन उनके पति की गणना पूर्वांचल के बाहुबलियों में है और वर्तमान में एक मुकदमें में दोषसिद्धि के पश्चात जेल में है। अभी यहां नामांकन प्रारंभ नहीं हुआ है, देखते हैं अन्य छोटे दलों या निर्दल प्रत्यासियों में कौन महाबली,धनबली इस सीट पर ताल ठोकता है। प्रदेश की अन्य बहुत सी सीटों पर धोषित उम्मीदवारों की छवि कमोवेश ऐसी ही है। मतदाताओं को स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार को ढूढना कठिन हो रहा है।

उत्तर प्रदेश में अभी पहले चरण का मतदान संपन्न हुआ है। इस चरण में शांति व्यवस्था की कोई गंभीर समस्या तो नहीं आई लेकिन पहले चरण में देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीट पर हुए मतदान का प्रतिशत 62.37 रहा जो वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में हुए 67.40 प्रतिशत तथा वर्ष 2014 के 66,44 प्रतिशत मतदान से कम है। चुनाव आयोग के अथक प्रयास,देश में बढ़ी साक्षरता एवं जागरूकता के बाद भी 37 प्रतिशत मतदाताओं का मतकेंद्र पर न आना गंभीर बात है। राजनैतिक दलों के खोखले आश्वासनों पर मतदाता का विश्वास घट रहा है। उम्मीदवारों का चाल, चरित्र, चेहरा मतदाता से छिपा नहीं है। चुनाव जीतने के बाद सांसद का मतदाताओं से किनारा कर लेने के कारण ' को नृप होइ हमहिं का हानी, वाले नजरिए से मतदाता मायूस और उदासीन होता जा रहा है। अच्छे उम्मीदवारों के अभाव में मतदाता के सामने पुनः वही प्रश्न उपस्थित है 'कस्मै उम्मीदवाराय मत विधेयम्'।

देश के अधिकांश हिस्सों में अप्रैल-मई माह में होने वाली प्रचंड गर्मी और लू भी मतदाता को मतदान केंद्र से दूर रखती है। अभी हमारे आसपास के जनपदों में 43-44 डिग्री सेल्सियस की गर्मी पड़ रही है जो क्रमशः बढ़ती ही जाएगी। ऐसी प्रचंड गर्मी में मतदाता दोपहर को घर से बाहर निकलना नहीं चाहते। चुनाव यदि फरवरी से 15 मार्च तक समाप्त हो जाएं तो मतदाताओं को गर्मी से राहत रहेगी और मत प्रतिशत भी बढ़ेगा। 15 मार्च से हाई स्कूल, इंटर की परीक्षा भी हो सकती है।

सोशल फोरम

मर्यादावादी बनाम स्वच्छंदतावादी

राम की मर्यादा उनके भीतर से पैदा हुई है। मर्यादा में रहना उनका स्वभाव है। इसलिए वे कभी स्वच्छंदतावादी की निंदा नहीं कर सकते। लेकिन जो स्वभाव से नहीं, परिस्थिति वश मर्यादावादी हुए हैं।

पूरी पृथ्वी पर और विशेषतः भारतीय परंपरा में प्रेम की दो धाराएं रही हैं- मर्यादावादी और स्वच्छंदतावादी। मर्यादावादी धारा का प्रतिनिधित्व राम करते हैं और स्वच्छंदतावादी का कृष्ण। भारत ने कृष्ण को राम से अधिक महत्व दिया है। कृष्ण को पूर्णावतार और राम को अंशावतार बताया है। कृष्ण बहुआयामी हैं। वे गीता का ज्ञान भी दे सकते हैं। युद्ध के मैदान में सुदर्शन चक्र भी धारण कर सकते हैं। बांसुरी बजा सकते हैं और गोपियों के साथ रास भी रचा सकते हैं। राम युद्ध तो कर सकते हैं, लेकिन न बांसुरी बजा सकते हैं और न रास रचा सकते हैं। इसलिए अधूरे हैं। राम और कृष्ण आपस में कभी लड़ नहीं सकते, क्योंकि वे दोनों किसी तरह के अभाव में नहीं हैं। अपने-अपने स्वभाव के अनुसार चल रहे हैं।

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राम की मर्यादा उनके भीतर से पैदा हुई है। मर्यादा में रहना उनका स्वभाव है। इसलिए वे कभी स्वच्छंदतावादी की निंदा नहीं कर सकते। लेकिन जो स्वभाव से नहीं, परिस्थिति वश मर्यादावादी हुए हैं, वे स्वच्छंदतावादी की निंदा अवश्य करेंगे, क्योंकि उसे भीतर ही भीतर यह सालता रहता है कि साला स्वच्छंदतावादी मौज कर रहा है और मैं वंचित हूं। अभाव, दुख और पीड़ा में जीने वाला हमलावर हो ही जाता है। स्वच्छंदतावादी अपने को बांधकर नहीं रखते, इसलिए उसके जीवन में अभाव नहीं के बराबर रहता है। जब अभाव नहीं, तो दुख भी नहीं और जब दुख नहीं, तो मर्यादावादी पर हमला करने की जरूरत भी नहीं। इसलिए आप देखेंगे स्वच्छंदतावादी कभी भी मर्यादावादी की आलोचना नहीं करते। उन्हें सुख भोगने से फुर्सत ही नहीं तो कौन, कब किस पर और क्यों हमला करे!

-फेसबुक वॉल से

प्रेम, परिवार और पितृसत्ता



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

प्रेम करो तो जरुरी नहीं है कि प्रेमिका या प्रेमी का प्रेम में पितृसत्तात्मक व्यवहार न हो। प्रेमी ने बहुत सोच-विचार और वैचारिक मंथन के बाद तय किया कि शादी करेंगे। सोचा नए क़िस्म का परिवार बनाएंगे। लेकिन यह सपना बहुत जल्द टूट गया। प्रेमिका शादी के बाद पुंसवादी तेवर के साथ आचरण करने लगी, उसे लगा कि घर के सारे कामकाज करना तो मर्द का काम है, उसका काम तो सिर्फ़ पढ़ना है। वह खाती और घूमती, प्रेमी जो अब पति बन चुका था वह मातहत की भूमिका निभाने लगा, समानता का नारा अचानक कहीं गुम हो गया। कुछ महीने बाद प्रेमिका के शहर में प्रेमी की नौकरी लगी, प्रेमी ने घर न मिलने तक ससुराल में रहने का फैसला किया, लेकिन उसके बाद वह सास-ससुर की क़ैद से निकल नहीं पाया। उस पर प्रेमिका दवाब बनाने लगी कि घर जमाई होकर रहो। सास-ससुर की सेवा करो, उनके सब खर्चे उठाओ और घर का भाड़ा भी दो। प्रेमी ने प्रेमिका से कहा कि हम दोनों ने स्वतंत्र होकर घर बसाने का निर्णय लेकर ही शादी की थी और तुमने सहमति भी दी थी फिर अचानक तुम पलट क्यों रही हो? उसने कहा मेरे साथ शादी की है तो घर जमाई होकर रहना होगा। इसके बाद प्रेमी के स्वतंत्र परिवार बनाने, गैर-पुंसवादी परिवार बनाने की हत्या हो गई। संक्षेप में यह कहानी है एक शिक्षित महिला की।

एक अन्य शिक्षित लड़की की राय जाने गैर शादी तय कर दी गई और सारे परिवार के कामकाज, देखभाल आदि का बोझा उसके ऊपर डाल दिया गया। वह पढ़ी लिखी होने के बावजूद अपने पैरों पर खड़ी नहीं हो पाई। तीसरे क़िस्म की वे लड़कियां हैं जो शिक्षित नहीं है लेकिन परिवार को सौंप दी गई हैं, उनकी शादी ऐसे परिवार में कर दी गई है जो खाते-पीते संपन्न परिवार हैं, इस तरह की लड़कियों के लिए परिवार ही धर्म है। चौथे क़िस्म की वे लड़कियां हैं जो शिक्षित हैं, पति भी शिक्षित है, और परिवार में वे पति की तरह ही कमाई करके लाती हैं, लेकिन मातहत की तरह रहती हैं। नौकरी करती हैं और घर के सभी दायित्व भी निभाती हैं। इन चारों क़िस्म की लड़कियों की धुरी है परिवार और सिर्फ़ परिवार। सवाल यह है क्या परिवार की संरचना में स्वतंत्रता, समानता और संप्रभु व्यक्तित्व के लिए कोई जगह है? क्या परिवार का ढांचा व्यक्ति को स्वतंत्र यूनिट के रुप में देखता है? क्या परिवार में लोकतंत्र, समानता और मित्रता के जीवन मूल्यों के लिए कोई नई जगह भारतीय समाज बना पाया है? हक़ीक़त यह है इन सभी सवालों के उत्तर हमारे पास नहीं हैं। क्योंकि परिवार को हम परम पवित्र मानकर चल रहे हैं। परिवार के बारे में सवाल खड़े करना गुनाह माना जाता है। अविवेकवाद के कारण ही परिवार के अंदर देखने, यथार्थ को देखने, स्त्री को देखने और सरकार को देखने के हमारे नज़रिए में विवेकवाद दाखिल नहीं होता। बिखरा और सड़ा परिवार हमारे राजनीतिक दलों के लिए भी समस्या नहीं है। स्त्री उत्पीड़न भी प्रमुख समस्या नहीं है, लोकतांत्रिक हक़ों पर हो रहे हमले भी समस्या नहीं हैं।

हमारे समाज की दो आंखें हैं पुंसवाद और अविवेकवाद। इन दोनों ने परिवार, समाज, लोकतंत्र और राजनीति को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में ले लिया है। आज प्रेम के विकास में परिवार सबसे बड़ी बाधा है। जो खुलेआम परिवार के सड़े गले ढांचे को बनाए रखने की वकालत कर रहे हैं, ऐसी स्थिति में आने वाले समय में स्त्रियों पर हमले बढ़ेंगे, प्रेमी-प्रेमिकाओं पर हमले बढ़ेंगे। कुछ राज्यों और पूरे देश में बलात्कार की घटनाएं जिस तरह तरह बढ़ी हैं उससे सबक़ लें, जिस तरह एक दल के नेता खुलेआम बलात्कारियों का समर्थन कर रहे हैं उससे सबक लें वरना वह दिन दूर नहीं जब औरतों को अकल्पनीय कष्टों का सामना करना पड़ेगा।

औद्योगिक प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग

दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

औद्योगिक प्रदूषण में वृद्धि के कारण हाल के वर्षो ग्लोबल वार्मिंग कि समस्या लगातार बढती जा रही है। रासायनिक अपशिष्टों, कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग, रेडियोधर्मी सामग्रियों के कारण औद्योगिक प्रदूषण पर्यावरण तथा इसके सभी घटकों को हानि पहुंचा रहा है। आज पानी भारी धातुओं, खतरनाक रसायनों, रेडियोधर्मी कचरे और कार्बनिक कचरे के कारण बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है। मृदा प्रदूषण के कारण फसलें प्रभावित हो रही हैं तथा अन्य वनस्पतियों को भी हानि पहुंच रही है। वायु प्रदुषण के कारण हमें श्वांस के लिए भी साफ़ हवा नहीं मिल पा रही है और हम अनेक समस्याओं से ग्रस्त हो रहे हैं। जैव विविधता नष्ट होती जा रही है तथा ग्लोबल वार्मिंग की दर लगातार बढ़ रही है। कुल मिलाकर औद्योगिक प्रदूषण के कारण आज हम एक भयानक खतरे की दिशा में आगे बढ़ते जा रहे हैं। स्पष्ट है कि औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करना अति आवश्यक है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी इस दिशा में प्रयास कर रहा है। हाल ही में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रदूषित उद्योगों को बंद करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संदर्भ में बोर्ड ने 'निरीक्षण, रिपोर्ट तैयार करने और कार्रवाई के लिए एक मानक प्रोटोकॉल' भी तैयार किया है। इस प्रोटोकॉल में निर्धारित दिशा निर्देशों के आधार पर उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। सामान्य तौर पर, मामूली नियम उल्लंघन के लिए, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप इकाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के अंतर्गत बंद करने के निर्देश जारी करने से पहले इकाई को एक अवसर दिया जाता है। वास्तव में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण अति आवश्यक है तभी हम और हमारी भावी पीढ़ियां सुखी जीवन जी सकते हैं।

संभल के दंगल में क्या खिलेगा कमल!

रामपुर, अमरोहा और मुरादाबाद जैसी सीटों से सटे हुए संभल लोकसभा क्षेत्र को सपा का गढ़ माना जाता है। यहां से सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और उनके भाई प्रोफेसर रामगोपाल यादव चुनाव लड़कर सांसद बने थे।

मनोज त्रिपाठी

करीब 19 लाख मतदाताओं वाली इस सीट पर 48 फीसदी मुस्लिम और 10 फीसदी यादव वोटों के चलते सपा चार बार चुनाव जीत चुकी है। दो बार बसपा का भी हाथी भी कामयाब रहा है। हालांकि 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने यहां सारे जातीय समीकरण ध्वस्त करते हुए भगवा लहरा दिया था। पहले की तरह इस बार भी सपा की सारी उम्मीदें यहां मुस्लिम-यादव समीकरण पर ही टिकी हैं जबकि भाजपा रालोद से गठबंधन की ताकत के बीच मोदी-योगी के नाम और काम के सहारे तथा जातीय सेंधमारी करके कमल खिलाने में लगी है। हालांकि सपा की वोटों की रणनीति में इस बार जानकारों के मुताबिक बसपा का मुस्लिम प्रत्याशी स्पीड ब्रेकर बनता नजर आ रहा है। संभल लोकसभा सीट से सपा ने पहले मौजूदा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को प्रत्याशी बनाया था, लेकिन 27 फरवरी को उनका निधन हो जाने के बाद अखिलेश यादव ने उनके पौत्र व कुंदरकी के विधायक जियाउर्रहमान बर्क को प्रत्याशी घोषित कर दिया था। भाजपा ने इस सीट पर एक बार फिर से परमेश्वर लाल सैनी पर भरोसा जताया है। सैनी 2019 का चुनाव 1.74 लाख मतों से सपा के शफीकुर्रहमान बर्क से हार गए थे। बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी सौलत अली इस सीट पर सपा के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। बसपा संभल सीट दो बार जीत चुकी है। 1996 में उसके टिकट पर डीपी यादव और 2009 में शफीकुर्रहमान बर्क जीते थे।

2014 का परिणाम

दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत	मत%
भाजपा	सत्यपाल सिंह सैनी	3,60,242	34.08%
सपा	शफीकुर रहमान बर्क	3,55,068	33.59%
बसपा	अकील उर रहमान खान	2,52,640	23.90%
आरपीडी	डीपी यादव	36,134	3.42%
कांग्रेस	प्रमोद कृष्णम	16,034	1.52%

2019 का जनादेश



दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
सपा	शफीकुर रहमान बर्क	658,006
भाजपा	परमेश्वर लाल सैनी	4,83,180
कांग्रेस	मेजर जगत पाल सिंह	12,105

सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के बाद मैदान में उतरे उनके पौत्र विधायक जियाउर्रहमान की राह में बसपा का मुस्लिम प्रत्याशी बन रहा स्पीड ब्रेकर

1989 से 2004 तक हुए छह चुनावों में यहां यादव बिरादरी के नेता ही जीतते रहे

- पिछले चार दशक से इस लोकसभा क्षेत्र में जीत दर्ज करने को तरस रही है कांग्रेस
- बहुजन समाज पार्टी 1996 व 2009 में संभल सीट पर फहरा चुकी विजय पताका

1998 और 99 में मुलायम सिंह यादव और 2004 में भाई रामगोपाल जीत थे चुनाव

आधी आबादी के पास भी किस्मत की चाबी

संभल सीट पर महिला मतदाता महत्वपूर्ण हैं। पांचों विधानसभा क्षेत्रों में महिला वोटरों की संख्या 8,82,282 है। चंदौसी विधानसभा में सबसे ज्यादा 1,83,072 महिला मतदाता किसी एक प्रत्याशी की तरफ झुकने पर परिणाम बदलने की ताकत रखती हैं। भाजपा के लिए राहत की बात है कि इस सीट से उसकी विधायक गुलाब देवी प्रदेश में मंत्री हैं।

चार दशक से कांग्रेस को जीत का इंतजार

- संभल लोकसभा सीट 1977 में अस्तित्व में आई थी। पहला चुनाव जनता पार्टी के टिकट पर लोकदल प्रत्याशी ने जीता। इसके बाद 1980 और 1984 में कांग्रेस को विजय मिली। इसके बाद से संभल सीट पर कांग्रेस को जीत का इंतजार है। यादव परिवार का गढ़ मानी जाने वाली इस सीट पर 1989 से 2004 तक लगातार छह चुनावों में यादव बिरादरी के नेता ही जीतते रहे। 1989 और 1991 में जनता दल के टिकट पर श्रीपाल यादव चुनाव जीते। वर्ष 1998 और 1999 में यह सीट हाई प्रोफाइल बन गई जब मुलायम सिंह यादव ने यहां से चुनाव जीता था। 2004 में प्रो. रामगोपाल यादव चुनाव जीते थे।
- साल 2009 में सपा ने यहां से इकबाल महमूद को टिकट दिया था। उस समय डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क सपा में थे और मुरादाबाद सीट से सांसद थे। उनकी और इकबाल महमूद के परिवार में लंबे समय से राजनीतिक अदावत थी। इसी कारण नाराज शफीकुर्रहमान बर्क बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे और इकबाल महमूद को हराकर सांसद बने थे। इससे सबक लेकर 2014 में सपा ने डॉ. बर्क को ही प्रत्याशी बनाया। लेकिन मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सैनी के आगे उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस चुनाव में डॉ. बर्क ने आरोप लगाया था कि इकबाल महमूद के समर्थकों ने उनका विरोध किया। साल 2019 में भी दोनों खेमों में बगावत सामने आई, लेकिन सपा-बसपा का गठबंधन होने के कारण डॉ. बर्क को बड़े अंतर से जीत मिली।

19 लाख के आसपास मतदाता हैं इस सीट पर

48% इस लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाता

11% प्रतिशत माने जाते हैं यादव बिरादरी के वोटर

20% आंकड़ा माना जाता है यहां दलित वोटर का

पांच विधानसभा सीटों में चार पर सपा काबिज, एक भाजपा के पास

- संभल लोकसभा सीट में जो पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं, उनमें कुंदरकी, बिलारी, असमोली व संभल सीट पर सपा का कब्जा है जबकि चंदौसी सीट भाजपा के पास है। चंदौसी से माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी विधायक हैं।

युवा और बुजुर्ग सांसद का रिकार्ड संभल लोकसभा क्षेत्र के ही नाम पर

- वर्ष 1980 में संभल लोकसभा सीट से सबसे युवा सांसद कांग्रेस के टिकट पर विजेंद्र पाल सिंह यादव बने थे। इसके बाद सबसे बुजुर्ग सांसद सपा के टिकट पर वर्ष 2019 में डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क बने और सांसद रहते हुए ही 94 साल की उम्र में उनका बीमारी से निधन हुआ।



भाजपा ने सपा से सीट छीनने के लिए जीत का समीकरण बनाया

- भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर सैनी को सैनी बिरादरी के डेढ़ लाख वोट एकमुश्त मिलने की उम्मीद है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी उनके लिए सैनी बिरादरी मतों को गोलबंद कर गए हैं। सैनी मतों के बाद परमेश्वर की कोशिश तीन लाख से अधिक दलित मतदाताओं में सेंधमारी की है। माना जा रहा है, यदि दलित मतदाताओं ने भाजपा के पक्ष में वोट किया और मुस्लिम वोट बंट गए तो भाजपा के लिए अपने परंपरागत मतों के साथ मोदी के नाम और काम के सहारे जीत की राह खुल सकती है।

कम मतदान से चौकन्ना दलों ने किया अब नए सिरे से माइक्रो मैनेजमेंट

दूसरे चरण की तैयारी

1977 से अब तक चार चुनावों में मतदान कम होने पर बदल गई सरकार पर एक बार नहीं हुआ सरकार को कोई खतरा

चुनाव डेस्क

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर कम मतदान की घबराहट भाजपा, सपा और बसपा को चैन नहीं लेने दे रही है, तो राजनीतिक विश्लेषक भी किसी सर्वमान्य नतीजे पर पहुंचने में नाकाम नजर आ रहे हैं। फिलहाल दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रमुख दल ज्यादा से ज्यादा वोटिंग कराने की रणनीति बनाने में जुटे हैं। भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस ने नए सिरे से अपनी चुनावी टीम को जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यकर्ताओं और बूथ प्रभारियों को नए सिरे से ज्यादा वोटिंग के संदेश पहुंचाए जा रहे हैं।

दिग्गजों के बूथों पर भी नहीं पड़े बंपर वोट, अब माइक्रो मैनेजमेंट

राजनीतिक दलों ने पहले चरण के मतदान का हिसाब-किताब लगाने पर पाया है कि ज्यादातर दिग्गजों, मंत्रियों, विधायकों, सांसदों, पूर्व सांसद, पूर्व विधायकों और यहां तक कि संगठन के बड़े पदाधिकारी भी अपने अपने बूथों पर बंपर वोटिंग कराने में नाकाम साबित हुए हैं। इसी कारण सभी दलों की चुनाव संचालन समिति और थिंक टैंक ने रणनीति में बदलाव करते हुए माइक्रो मैनेजमेंट पर जोर देना शुरू कर दिया है।

जोश बनाए रखने के लिए बताया जा रहा दूसरे का नुकसान: पहले चरण में मजबूत पकड़ होने का दावा करने वाली भाजपा और सपा का कम मतदान से मायूसी हाथ लगने के साथ संभावित परिणाम को लेकर गणित गड़बड़ा गया है। हालांकि हर दल अपना जोश बरकरार रखने के लिए आरोप-प्रत्यारोप के तहत कम मतदान से दूसरे का नुकसान बता रहा है। विपक्ष जहां इसे भाजपा के लिए खतरे की घंटी बता रहा है तो भाजपा नेता जनता द्वारा विपक्ष की चुनौती नाकारा जाना बता रहे हैं। हालांकि राजनीतिक जानकार कम मतदान को सभी दलों के लिए अच्छा संकेत नहीं बता रहे हैं। एक आंकड़ा यह भी आया है कि 1977 से लेकर अब तक चार चुनाव में वोटिंग कम हुई तो सरकारें बदल गईं। सिर्फ एक बार वोटिंग कम होने पर भी सरकार नहीं बदली थी।

इस बीच चुनाव आयोग ने भी जिला प्रशासनों को मतदान बढ़ाने के उपाय तेज करने को कहा है। भाजपा ने अपने मिशन 80 को देखते हुए बूथ पर सक्रियता बढ़ाने को कहा है। पन्ना प्रमुखों को हर बूथ पर मजबूती से तैनात रहने को कहा गया है। अब हर बूथ से वोटर निकलने का नया लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश सरकार के मंत्रियों और विधायकों के साथ संगठन के पदाधिकारियों को हर जिले में नए सिरे से जिम्मा दिया जा रहा है।

बसपा के लिए लालगंज सीट बचाने की चुनौती

विनय जायसवाल, मऊ

अमृत विचार। लालगंज संसदीय सीट इस पर बसपा के लिए नाक का सवाल है। 2019 में इस सीट पर कब्जा जमाने वाली भाजपा ने इस बार नए चेहरे को मैदान में उतारा है। जबकि पार्टी की सांसद सीमा आजाद ने टिकट न मिलने की वजह से ही भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा ने यहां से 2014 की मोदी लहर में जीतीं नीलम सोनकर पर फिर से विश्वास जताया है। जबकि सपा से पूर्व सांसद दरोगा प्रसाद सरोज तो बसपा से डॉ. इंदू चौधरी मैदान में हैं।

वैसे तो लालगंज सुरक्षित सीट पर कभी बसपा तो कभी सपा का कब्जा रहा, लेकिन 2014 में जब मोदी लहर आई तो भाजपा की नीलम सोनकर ने यहां अच्छे- खासे मतों से जीत दर्ज की। भाजपा ने इसीलिए 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें मैदान में उतारा पर पार्टी की अंतरकलह और सपा- बसपा के गठजोड़ की वजह से उन्हें हार का सामना करना पड़ा। नीलम को इस सीट पर सीमा आजाद ने हराया। इस बार सीमा आजाद को उम्मीद थी कि बसपा प्रमुख मायावती उन्हें दोबारा मैदान में उतारेंगी पर ऐसा नहीं हो सका। पार्टी ने उनका टिकट काटकर डॉ. इंदू चौधरी को अपना चेहरा बना दिया। सीमा ने पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। इसे बसपा के लिए बड़ा झटका माना गया। इस बार सपा और कांग्रेस का गठबंधन है। सीट सपा के खाते में है। पार्टी ने यहां से दो बार सांसद रह चुके दरोगा सरोज पर फिर से विश्वास जताया है।

अगर यहां हुए संसदीय चुनावों में जीत की बात करें तो चार बार बसपा, तीन बार कांग्रेस, जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी दो- दो बार, भाजपा और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी को एक- एक बार जीत मिली। जनता दल ने भी दो बार यहां से परचम लहराया।

- बसपा सांसद भाजपा के खेमे में जा चुकी हैं
- पूर्व सांसद पर भाजपा ने लगाया है इस बार दांव

पांचों विधानसभा सीटों पर सपा काबिज

- लालगंज संसदीय सीट के तहत 5 विधानसभा सीटें आती हैं। सभी सीटें आजमगढ़ जिले में ही पड़ती हैं। विधानसभा सीटों में अतरौलिया, निजामाबाद, फूलपुर- पवई, दीदारगंज और लालगंज सीटें शामिल हैं। खास बात यह है कि सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी का ही कब्जा है।

चार सीटों पर कांग्रेस की दांव पर प्रतिष्ठा

चुनाव डेस्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण के चुनाव में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इस चरण में आठ सीटों पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाने हैं। कांग्रेस सबसे ज्यादा चार लोकसभा सीटों पर इसी चरण में मैदान में है। गठबंधन के तहत सपा बाकी चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी मथुरा, गाजियाबाद, अमरोहा और बुलंदशहर सुरक्षित सीटों पर मैदान में हैं। कांग्रेस ने गाजियाबाद में ब्राह्मण महिला डॉली शर्मा, अमरोहा में बसपा से आए सांसद दानिश अली के रूप में मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में उतार रखा है। मथुरा की सामान्य सीट पर कांग्रेस ने दलित समाज के मुकेश धनगर पर दांव लगाया है, तो बुलंदशहर में शिवलाल वाल्मीकि को उतारा है। अब पार्टी चारों सीटों पर प्रचार के अंतिम चरण में पूरी ताकत झोंक रही है।

- मथुरा, गाजियाबाद, अमरोहा और बुलंदशहर सुरक्षित सीटों पर सपा के साथ गठबंधन में पार्टी लड़ रही चुनाव

इन चारों सीटों में सबसे ज्यादा उम्मीद पार्टी ने गाजियाबाद सीट पर लगा रखी है। वहां भाजपा द्वारा वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को उतारे जाने से कांग्रेस को जीत के लिए उम्मीद की किरण नजर आ रही है। मथुरा सीट कांग्रेस ने आखिरी बार 2004 में जीती थी। यहां 2009 और 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे थे। अमरोहा में कांग्रेस बसपा से आए सांसद दानिश अली पर दांव लगाकर जीत के लिए पूरी तरह उन्हीं पर निर्भर नजर आ रही है, इसकी वजह यह है कि इस सीट पर 1984 के बाद पार्टी का खाता ही नहीं खुला है। बुलंदशहर में कांग्रेस 2019 के चुनाव में तीसरे नंबर पर रही थी। इस बार यहां जातीय समीकरणों के सहारे पार्टी चुनौती देने की कोशिश करती नजर आ रही है।

'सीता' का रोड शो

मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के समर्थन में टीवी सीरियल रामायण में सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री दीपिका चिखालिया और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले सुनील लहरी ने रोड शो किया।

कन्नौज लोकसभा सीट | सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक की चुनौती दरकिनार कर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का चुनाव नहीं लड़ने का फैसला

सपाइयों को लगा झटका, भाजपा को आसान दिख रहा रास्ता

इरा अवस्थी, कन्नौज

अमृत विचारः समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लेकर सपा कार्यकर्ताओं को जोरदार झटका दिया है। सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक द्वारा निरंतर दी जा रही चुनौती को दरकिनार करते हुए सपा अध्यक्ष ने खुद को देश भर में प्रचार के लिए खाली रखने का फैसला लिया है। अखिलेश यादव के इस फैसले से सपा खेमे में मायूसी है। माना जा रहा है कि इस निर्णय ने भाजपा की राह इस सीट पर आसान कर दी है।

अभी तक प्रत्याशी की घोषणा न होने तथा अखिलेश द्वारा बार-बार कन्नौज से फिर से चुनाव लड़ने की संकेत देने से सपा कार्यकर्ता इस बार जीत का ताना-बाना बुनने में जुटे थे। माना जा रहा था कि 2019 के चुनाव में हुई पत्नी डिंपल यादव की हार का बदला लेने के लिए अखिलेश यादव इस बार कन्नौज के मैदान में ताल अवश्य ठोंकेंगे। इस भरोसे के दम पर ही सपाई खेमे में नामांकन से लेकर प्रचार तक की रणनीति बनाई जा रही थी। हालांकि विधानसभा चुनाव 2022 में सपा के हाथ से कन्नौज, तिर्वा, छिबरामऊ और रसूलाबाद विधानसभा चली गईं थीं। केवल बिधूना सीट पर ही 'साइकिल' दम दिखा सकी थी। कन्नौज विधान सभा क्षेत्र जिसे सपा के लिए अभेद्य माना जाता था, उसे भी नौकरी से इस्तीफा देकर आए आईपीएस अधिकारी भाजपा प्रत्याशी असीम अरुण ने छीन लिया था। हालांकि जीत का अंतर जिले की तीनों विधानसभाओं में खासा कम रहा था। लंबे समय से कन्नौज सपा का गढ़ रहा है, लेकिन 2019 से यह वर्चस्व खत्म हो गया। ऐसे में यह चुनाव कन्नौज में सपा के अस्तित्व की लड़ाई का माना जा रहा है। सपाई भाजपा की चुनौती से मुकाबले के लिए अखिलेश को अजेय प्रत्याशी मान रहे थे। राजनीतिक पंडित भी मान रहे थे कि सांसद व भाजपा प्रत्याशी से नाराज जनता चौंकाने वाला फैसला ले सकती है। लेकिन तेज प्रताप यादव के रूप में नये चेहरे की घोषणा से गणित गड़बड़ाता दिख रहा है। सपा के ही एक वरिष्ठ नेता की माने तो यह निर्णय पार्टी के भविष्य को लेकर आत्मघाती सिद्ध हो सकता है। उनका कहना है कि भाजपा से नाराज लोधी वोट तेजी से सपा की तरफ रुख कर रहा था। इस फैसले से इस वोट को भी झटका लगना तय है। उन्होंने यहां तक कहा कि पार्टी का यह फैसला कहीं न कहीं भाजपा के लिए राह आसान करने वाला है। हालांकि बताया यह जा रहा है कि मौजूदा समय में अखिलेश नेता प्रतिपक्ष हैं तथा पीडीए के प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के लिए खुद को खाली रखना चाहते हैं। इसलिए पार्टी के व्यापक हित और विधानसभा में अपनी जिम्मेदारी को देखते हुए लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया है।

- परिवार के प्रतिनिधि के तौर पर बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव के दामाद तेज प्रताप पर सपा ने लगाया दांव
- कभी सपा का गढ़ रहे कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की चार विस सीटों पर भाजपा ने जमा रखा है कब्जा

20 साल से परिदृश्य से गायब है कांग्रेस

- इस बार तो कांग्रेस का सपा से गठबंधन है और पीडीए के बैनर पर चुनाव लड़ा जा रहा है। कन्नौज की सीट सपा के खाते में है तो कांग्रेसी साइकिल को ही मजबूती प्रदान करेंगे। लेकिन इस बार भी ईवीएम में 'हाथ' का निशान नहीं दिखने से कांग्रेसी निराश हैं। आखिरी बार कांग्रेस के चुनाव निशान पर 2004 में विनय शुक्ला ने चुनाव लड़ा था। उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से 20 साल से कन्नौज में हुए लोकसभा चुनावों में कांग्रेस से प्रत्याशी मैदान में ही नहीं आया।

भाजपा ने 17 में से नौ लोकसभा सीटों पर टीआरएस से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा, कांग्रेस ने भी कई सीटों पर टीआरएस के नेताओं पर दांव लगाया

कांग्रेस- भाजपा की सीधी टक्कर में ठिकाने लगी टीआरएस

चुनाव डेस्क

अलग राज्य की मांग को लेकर चले लंबे आंदोलन के बाद देश के 29वें राज्य के रूप में तेलंगाना का गठन हुआ और यह राज्य दो जून, 2014 को अस्तित्व में आया। इस बार 18वीं लोकसभा के लिए तेलंगाना में चुनाव चौथे चरण में होगा। राज्य की 17 सीटों के लिए 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) जिसका नाम अब भारत राष्ट्र समिति हो चुका है, का आधार और प्रभाव विधानसभा चुनाव में हार के एक धक्के से इतनी जल्दी सिमटने लगेगा, किसी ने भी नहीं सोचा था, लेकिन तेलंगाना की हकीकत यही है। पार्टी को सत्ता से बाहर होने के बाद लगातार झटकों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में उसके सांसद, विधायक और नेता भाजपा या कांग्रेस में चले गए हैं। इसके चलते लोकसभा चुनाव में राज्य की अधिकतर सीटों पर मुकाबला कांग्रेस बनाम भाजपा की लड़ाई बदल गया है। इन हालात में टीआरएस प्रमुख केसीआर की कोशिश चुनावी संघर्ष को त्रिकोणात्मक बनाकर अपनी पार्टी के लिए कुछ सीटों पर रास्ता बनाने तक सीमित नजर आ रहा है।

2019 तेलंगाना में दलीय जनादेश

पार्टी	सीट	वोट	वोट %
टीआरएस	09	7696848	41.4
भाजपा	04	3626173	19.6
कांग्रेस	03	5496686	29.7
एआईएमआईएम	01	517471	2.8

2014 में प्रमुख दलों का वोट शेयर

टीआरएस	11	34.9 प्रतिशत
भाजपा	01	10.5 प्रतिशत
कांग्रेस	02	24.7 प्रतिशत
टीडीपी	01	12.3 प्रतिशत

दल- बदलुओं के सहारे भाजपा की बैटिंग

- तेलंगाना में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरे आधे से अधिक भाजपा उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि टीआरएस से जुड़ी है। प्रदेश की कुल 17 में से नौ सीटों पर भाजपा ने टीआरएस से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाया है। इनमें से अधिकतर बीते तीन माह के भीतर ही टीआरएस को छोड़कर भाजपा में आए हैं, और भाजपा ने उन्हें टिकट देकर मैदान में उतार दिया है। दरअसल, विधानसभा चुनाव में आठ सीटें पाने वाली भाजपा को राज्य में अपनी जड़ें मजबूत करने के लिए टीआरएस के कंधे का इस्तेमाल करना आसान तरीका नजर आ रहा है। यही वजह है कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व दल-बदल के खेल में आगे बढ़कर बैटिंग करने में यकीन कर रहा है। टीआरएस के नेताओं को टिकट देकर भाजपा तेलंगाना में कांग्रेस की चुनौती से निपटने के लिए अपनी नई जमीन तैयार कर रही है। टीआरएस नेताओं को शामिल करने में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी, कांग्रेस भी पीछे नहीं है। टीआरएस के कई सांसदों और विधायकों को कांग्रेस ने हाल ही में अपने पाले में किया है। पार्टी नेताओं ने भागने के वजह से टीआरएस यहां कमजोर सी हो गई है। हालांकि पार्टी नेता लगातार यहां प्रचार कर माहौल बनाने में जुटे हैं।

2019 में टीआरएस के खाते में आईं थीं नौ लोकसभा सीटें

- टीआरएस ने 2019 के चुनाव में नौ लोकसभा सीटें जीती थीं। लेकिन पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के हाथों सत्ता गंवाने के बाद पार्टी के पांच सांसदों ने हाल ही में पार्टी छोड़ दी थी और भाजपा या कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। इसमें टीआरएस के लिए सबसे बड़ा झटका चेवेल्ला से उसके सांसद रंजीत रेड्डी का दलबदल था। वह अब इसी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार बन चुके हैं। इसी तरह हैदराबाद की खैरताबाद विधानसभा सीट से टीआरएस विधायक दानम नागेंद्र भी अब कांग्रेस से टिकट पाकर लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। विधायक दानम नागेंद्र को कांग्रेस ने सिकंदराबाद लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी जी किशन रेड्डी के सामने उतार दिया है। उधर, विकाराबाद जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष और पूर्व बीआरएस नेता सुनीता महेंद्र रेड्डी दलबदल करने के बाद मल्काजगिरी सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। टीआरएस के पेद्दापल्ली से मौजूदा सांसद वेंकटेश भी कांग्रेस में चले गए हैं। वारंगल के सांसद पसुनुरी दयाकर भी लोकसभा के टिकट से इनकार किए जाने के बाद टीआरएस छोड़ चुके हैं।

17 दिन सड़क पर रहेंगे केसीआर, हर सीट पर करेंगे रोड शो

- कांग्रेस और भाजपा द्वारा टीआरएस में की गई तोड़फोड़ से केसीआर के सामने दोतरफा चुनौती खड़ी हो गई है। छह माह पहले तक राज्य में टीआरएस अजेय भूमिका में थी। केसीआर को अपने ऊपर इतना भरोसा था कि उन्होंने विधानसभा चुनाव से ज्यादा राष्ट्रीय राजनीति पर फोकस कर रखा था। इंडिया गठबंधन से अलग एक नया गठबंधन खड़ा करने की संभावनाओं पर काम करने के साथ राज्य से बाहर राष्ट्रीय स्तर पर अपने लिए नई भूमिका तलाश रहे थे। लेकिन विधानसभा चुनाव में जमीन क्या खिसकी उनके तमाम साथी, सांसद और विधायक ही साथ छोड़ गए। केसीआर को इस सदमे से उबरने और पार्टी को संभालने में थोड़ा वक्त लगा, लेकिन माना जा रहा है कि अब वह लोकसभा चुनाव को अपने और पार्टी के अस्तित्व से जुड़ी चुनौती मानकर नए सिरे से तैयारी करने में जुटे हैं। केसीआर ने सड़क पर निकल कर लोगों के बीच जाने का फैसला किया है। लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के तहत केसीआर ने 24 अप्रैल से अगले 17 दिनों तक राज्य की सभी 17 लोकसभा सीटों पर रोड शो करने का फैसला लिया है। केसीआर का रोड शो 24 अप्रैल को मिर्यालगुडा में शुरू होकर 10 मई को सिद्दिपेट जिला मुख्यालय पर समाप्त होगा।

हैदराबाद सीट पर 40 साल से ओवैसी परिवार काबिज

हैदराबाद लोकसभा सीट पर पिछले 40 सालों से ओवैसी परिवार का दबदबा है। इसे उनकी परंपरागत सीट माना जाता है। इसकी एक वजह करीब 20 लाख मतदताओं वाली इस सीट पर मुस्लिम मतदाता 11 लाख से अधिक होना है। हैदराबाद से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी पिछले चार बार से सांसद चुने जा रहे हैं। उनके पिता सलाहुद्दीन ओवैसी ने इस सीट पर आधा दर्जन बार जीत हासिल की थी। इस बार एक बार फिर हैदराबाद से असदुद्दीन ओवैसी मैदान में हैं। उनके खिलाफ भाजपा ने तेजतर्रार और हिंदुत्व की प्रबल समर्थक माधवी लता को उम्मीदवार बनाया है, जो ओवैसी को कड़ी टक्कर दे रही हैं। माधवी लता सिर्फ ओवैसी ही नहीं, बल्कि उनके भाई अकबरुद्दीन के साथ कांग्रेस पर भी हमलावर हैं। वह पसमांदा मुस्लिम महिलाओं के बीच काम करती रही हैं। सोशल वर्कर हैं और एक हास्पिटल चलाती हैं। उनका कहना है कि मुस्लिम महिलाएं गरीबी और डर में जी रही हैं। वो 10 बच्चों को जन्म दे रही है। लेकिन ऐसे बच्चों का क्या फायदा। जब उन्हें अच्छे से पढ़ा नहीं पा रहे, ठीक खाना और सेहत नहीं दे पा रहे हो। टीआरएस ने ओवैसी और माधवी लता के मुकाबले में गद्दाम श्रीनिवास यादव को मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा के उम्मीदवार भगवंत राव को 2 लाख 82 हजार 186 वोटों से हराया था। ओवैसी को 5 लाख 17 हजार 471 वोट मिले थे, जबकि भगवंत राव ने 2 लाख 35 हजार 285 वोट पाए थे। टीआरएस उम्मीदवार पुस्ते श्रीकंड को 63 हजार 239 और कांग्रेस के फिरोज खान को 49 हजार 944 वोट हासिल हुए थे। हैदराबाद लोकसभा सीट के तहत 7 विधानसभा सीटें आती हैं. इसमें से 6 विधानसभा सीटों पर एआईएमआईएम का कब्जा है. जबकि एक सीट गोशमहल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टी राजा सिंह विधायक हैं।



5.41 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए गए मृत्यु, पलायन और फर्जी निकला कारण

- चुनाव आयोग ने हैदराबाद जिले की मतदाता सूची से 5.41 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए हैं। 15 विधानसभा क्षेत्रों के इन मतदाताओं के नाम इसलिए हटाए गए हैं, क्योंकि इनमें से ज्यादातर की मौत हो गई है, या वह दूसरी जगह चले गए हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में फर्जी वोटरों के नाम भी हटाए गए हैं। भाजपा उम्मीदवार माधवी लता ने हैदराबाद लोकसभा क्षेत्र में छह लाख से अधिक फर्जी वोट होने का दावा करते हुए शिकायत की थी। उनका आरोप था कि असदुद्दीन ओवैसी फर्जी वोटों से चुनाव जीतते हैं।

हाथ से तीर के इशारे पर रिपोर्ट दर्ज, ओवैसी ने इबातदगाहों की सुरक्षा को बनाया मुद्दा

- हैदराबाद में इस बार ओवैसी और भाजपा के बीच तीखा वार-पलटवार चल रहा है। माधवी लता के एक वीडियो पर खूब सियासत तेज हो रही है। इसमें माधवी लता एक जुलूस के दौरान हाथ से काल्पनिक तीर छोड़ने का इशारा कर रही हैं। आरोप है कि उनका इशारा एक धर्म स्थल की तरफ है। इस मामले में पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। माधवी लता की कड़ी चुनौती में फंसे असुदद्दीन ओवैसी ने ध्रुवीकरणके लिए इस मुद्दे को लपक कर धर्म और वोट से जोड़ दिया है। अभी तक वह अपने भाषणों में जहां मुख्तार अंसारी की मौत से लेकर सीएए और एनआरसी के मुद्दे उठा रहे थे, अब इबातदगाहों की सुरक्षा को मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है।

दिल्ली में दो प्रत्याशियों को लेकर कांग्रेस में रार

नई दिल्ली

अमृत विचार: दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच हुए सीटों के बंटवारे के बाद कांग्रेस के दो उम्मीदवारों को लेकर पार्टी में अंतर्कलह अब चरम पर पहुंच गई है। कन्हैया कुमार और उदित राज की उम्मीदवारी के विरोध में पार्टी कार्यालय के बाहर उस समय जमकर नारेबाजी हुई जब अंदर प्रेस वार्ता चल रही थी।

कांग्रेस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित का टिकट काटकर जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह उत्तर पश्चिम सीट पर भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए पूर्व सांसद उदित राज को मैदान में उतारा है।

इन दोनों उम्मीदवारों के विरोध को सुलझाने के लिए दिल्ली के प्रभारी दीपक बाबरिया के घर में बैठक बुलाई गई थी। वहां पर भी पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक जय किशन व सुरेंद्र कुमार आदि ने जमकर हंगामा किया था।दिल्ली के नेताओं का आरोप है कि उदित राज एवं कन्हैया कुमार दिल्ली के नहीं है। जबकि स्थानीय नेताओं की मांग यहां पर ज्यादा है। इसलिए यह दोनों उम्मीदवार बदले जाएं। दोनों उम्मीदवारों को लेकर चल रहे बवाल पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता बुलाई थी। जैसे ही इसकी जानकारी विरोध कर रहे दावेदारों एवं कार्यकर्ताओं को लगी, उन्होंने नारेबाजी की। पार्टी नेताओं का कहना है कि जिस तरह से चांदनी चौक में पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल को टिकट दिया गया है। ठीक उसी प्रकार उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित और उत्तर पश्चिम दिल्ली से स्थानीय नेताओं को टिकट दिया जाए।

मांगा समर्थन

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को जम्मू में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के बारे में लोगों को बताया और कहा कि इस बार चार सौ पार का जो नारा है वह मतदाताओं के दम पर पूरा होगा। केंद्रीय मंत्री ने पार्टी उम्मीदवार की जीत के लिए अबकी बार चार सौ पार का नारा भी लगाया। अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद घाटी में आए परिवर्तन और विकास पर भी चर्चा की। जम्मू- कश्मीर में हो रहे विकास कार्यों को भी गिनाया। विरोधी दलों की नीतियों को देश विरोधी बताया।

'अब मथुरा की बारी' से साध रहे यादव बिरादरी

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्य प्रदेश में भाजपा के क्लीन स्वीप की कमान तो संभाल ही रखी है, इसके साथ ही यूपी और बिहार में यादव बाहुल्य लोकसभा सीटों पर भी भाजपा प्रत्याशियों के प्रचार में जा रहे हैं।

लेकिन इस प्रचार में एक बात हर जगह देखी जा रही है, मुख्यमंत्री मोहन यादव लगभग हर जगह यादव बिरादरी की अस्मिता का सवाल उठाने के साथ 'अब मथुरा की बारी है' का नारा जरुर दे रहे हैं। यादव बहुल सीटों पर रणनीतिक रूप से भाजपा की तरफ से मोहन यादव को यादव मतदाताओं को कमल निशान की तरफ मोड़ने के लिए उतारा गया है।

इसके लिए मोहन यादव के यादव बहुल क्षेत्रों में दौरे और सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यूपी में आकर मथुरा, आगरा, अलीगढ़ और ब्रज क्षेत्र के साथ-साथ देश-विदेश के कृष्ण भक्तों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए कृष्ण जन्म भूमि पर मंदिर निर्माण की मांग की थी और इसे यादव समाज के सम्मान के साथ जोड़ा था। मध्य प्रदेश के छतरपुर में तो मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि पार्टी अब मथुरा की तैयारी कर रही है। इसके लिए भाजपा को वोट देना पड़ेगा।



मजदूरों के घोषणापत्र में मोदी को हटाने की भरी गई हुंकार

शिमला। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) के हिमाचल प्रदेश के सोलन में हुए अधिवेशन में लोकसभा चुनाव में 'मोदी हटाओ देश बचाओ' अभियान मजबूत करने के लिए मजदूरों का घोषणा पत्र जारी किया गया।

अधिवेशन में मजदूरों से मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने व भाजपा को हराने का आह्वान किया गया। नेताओं ने कहा कि पिछले दस साल से मोदी सरकार लगातार मजदूरों के अधिकारों पर हमले कर रही है। मोदी सरकार ने मजदूरों के लंबे संघर्ष और कुर्बानियों के बाद हासिल किए गए 44 श्रम कानूनों को समाप्त करके इन्हें मजदूर विरोधी व पूंजीपति परस्त चार लेबर कोडों में बदल दिया है। ये लेबर कोड कॉरपोरेट जगत व उद्योगपतियों को ही फायदा पहुंचाते हैं। इन्हें मजदूरों की जिंदगी को बंधुआ मजदूरी की तरफ ले जाने के लिए तैयार किया गया है। मोदी सरकार की कारगुजारियों के चलते देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है और मंहगाई आसमान छू रही है। अग्निवीर योजना लाकर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। देश के प्राकृतिक व सार्वजनिक संसाधनों को मोदी सरकार अपने चंद कॉरपोरेट मित्रों के हवाले करने में लगी है। लोगों का ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक मुद्दों पर देश का विभाजन करने की नापाक कोशिश की जा रही है।

- सीटू ने सोलन के अधिवेशन में दस साल के कामकाज को कोसा
- अग्निवीर योजना और महंगाई पर सरकार को घेरने की कोशिश

कांग्रेस खाता खोलने तो भाजपा जीत का अंतर बढ़ाने में जुटी

भोपाल। मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में पहले चरण की छह सीटों पर मतदान के बाद अब भाजपा और कांग्रेस के बीच घमासान दूसरे चरण की छह सीटों पर बढ़ गया है। दूसरे चरण में खजुराहो, दमोह, टीकमगढ़, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। इन सीटों पर 75 पुरुष, चार महिलाएं और एक थर्ड जेंडर समेत 80 प्रत्याशी मैदान में हैं। सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी सतना में हैं। दमोह, खजुराहो और रीवा में 14-14 और होशंगाबाद में 12 तथा टीकमगढ़ में सात प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है।

टीकमगढ़ : जातीय गोलबंदी व बाहरी के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री को घेरने की कोशिश

- भाजपा से सात बार के सांसद केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक के सामने कांग्रेस ने नए चेहरे के रूप में पंकज अहिरवार को उतारा है। उनकी इलाके में ज्यादा पहचान नहीं है। इसे देखते हुए कांग्रेस यहां स्थानीय बनाम बाहरी को मुद्दा बना रही है। भाजपा सांसद के खिलाफ थोड़ी नाराजगी की बात कही जा रही है, लेकिन मोदी के नाम पर लोग भाजपा के समर्थन में हैं। इस सीट पर अहिरवार मतदाताओं की संख्या करीब पांच लाख है। कांग्रेस की कोशिश इन्हें लामबंद करने की है।

होशंगाबाद: भाजपा के मजबूत गढ़ में कांग्रेस कर रही सेंध लगाने का प्रयास

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा के दर्शन सिंह का सामना कांग्रेस के दो बार के विधायक संजय शर्मा कर रहे हैं। वह पहले भाजपा में रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज है। कांग्रेस प्रत्याशी अपने प्रभाव से चुनाव अभियान चला रहे हैं, लेकिन यह क्षेत्र भाजपा का गढ़ है। मोदी के चेहरे का लाभ भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा है। इस क्षेत्र से प्रहलाद पटेल, राव उदय प्रताप सिंह और नरेंद्र शिवाजी पटेल तीन मंत्री आते हैं। भाजपा ने पूरा जोर लगा रखा है।

खजुराहो में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को वॉक ओवर, गठबंधन से प्रत्याशी नहीं

- इस सीट पर 1989 से भाजपा का दबदबा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा एक बार फिर मैदान में हैं। कांग्रेस ने यादव वोटों की बहुलता देखते हुए यह सीट गठबंधन के सहयोगी दल सपा को दी थी, लेकिन उसकी प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन रद हो जाने से अब इंडी गठबंधन को फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी आरबी प्रजापति को समर्थन देना पड़ा है। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी वीडी शर्मा को वॉक ओवर मिल गया है। जानकार यहां चुनाव एकतरफा मान रहे हैं।

सतना : रोचक त्रिकोणीय मुकाबला बढ़ा रहा भाजपा सांसद की मुश्किल

- यहां मुकाबला दिलचस्प माना जा रहा है। भाजपा सांसद गणेश सिंह के सामने कांग्रेस ने विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को उतारा है। बसपा से पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी मैदान में हैं। विधानसभा चुनाव में सिद्धार्थ कुशवाहा ने गणेश सिंह को हराया था। अब फिर दोनों आमने-सामने हैं। बसपा प्रत्याशी कैडर और ब्राह्मण वोटों के सहारे हैं। कुर्मी वोट गणेश सिंह और कुशवाहा वोट सिद्धार्थ में बंट सकते हैं, जिनकी हिस्सेदारी लगभग बराबर है। ऐसे में 22 फीसदी ब्राह्मण वोट निर्णायक होंगे।

दमोह: लोधी बनाम लोधी की रोचक लड़ाई

यहां दो पूर्व विधायकों के बीच जंग है। भाजपा ने हाल ही में कांग्रेस छोड़कर आए पूर्व विधायक राहुल लोधी पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस ने पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी को मुकाबले में उतारा है। इस सीट पर लोधी वोटर निर्णायक माना जाता है। ऐसे में लोधी बनाम लोधी की टक्कर दिलचस्प हो गई है।

विधानसभा चुनाव मंन भाजपा ने जिले में बढ़िया प्रदर्शन किया था। भाजपा मोदी का चेहरे और गारंटी पर वोट मांग रही है। पार्टी के जयंत मलैया और प्रहलाद पटेल गुट एकजुट होकर बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा उछाल रहे हैं, जवाब में कांग्रेस बिकाऊ के मुकाबले टिकाऊ का नारा देकर चुनाव लड़ रही है।

रीवा: कांटे की टक्कर में ब्राह्मण वोटों को लेकर भाजपा और कांग्रेस में मचा है घमासान

यहां जनार्दन मिश्रा भाजपा के टिकट पर तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने विधायक अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा को मुकाबले में उतारा है। जानकार दोनों के बीच कांटे की टक्कर मान रहे हैं। इस सीट पर जीत के लिए भाजपा ने पूरा अभियान मोदी के चेहरे पर केंद्रित कर रखा है, जबकि कांग्रेस स्थानीय मुद्दों को उठा रही है। यहां ब्राह्मण वोटों पर घमासान मचा है।



निर्माणाधीन तीन मंजिला मकान में आग लगने से दंपति की मौत

गाजियाबाद, एजेंसी : जिले में एक निर्माणाधीन तीन मंजिला मकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से सोमवार दोपहर एक दंपति की जलकर मौत हो गई। एक अग्निशमन अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग भूतल से शुरू हुई, जिससे घर में रखे पटाखों में विस्फोट हो गया। पुलिस ने बताया कि पटाखों में विस्फोट के कारण घर के मालिक इरफान (57) और उनकी पत्नी समर जहां (55) गंभीर रूप से झुलस गए। परिवार के लोगों ने दरवाजा तोड़कर झुलसे दंपति को बाहर निकाला। स्थानीय पुलिस की मदद से रिश्तेदारों ने उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनो की मौत हो गयी। अपर पुलिस आयुक्त (शालीमार गार्डन) सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पटाखे परिवार के सदस्यों ने एक शादी के लिए खरीदे थे, जो आने वाले सप्ताह में होने वाली थी। उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों ने पटाखों की रसीद और शादी का कार्ड दिखाया है।

झूठे आरोप न्यायिक प्रणाली की छवि को बिगाड़ रहे हैं

इसे सख्ती से खत्म किए जाना चाहिए: इलाहाबाद हाईकोर्ट

विधि सवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में न्यायिक प्रक्रिया को मजाक समझने वाले लोगों के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि नतीजों से जरा भी डरे बिना अदालतों पर आरोप लगाने की प्रवृत्ति को न्याय प्रशासन के व्यापक हित में नहीं देखा जा सकता है। इसे सख्ती से खत्म किया जाना चाहिए।

कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि जिन आरोपों के आधार पर मामले के स्थानांतरण की मांग की जाती है, वे नागरिकों के बीच न्यायालय के अधिकार और नैतिक ईमानदारी को खराब दृष्टि से देखने की प्रवृत्ति को प्रतिबिंबित करते हैं, जिससे न्याय व्यवस्था को नुकसान पहुंचता है। उक्त आदेश

न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकलपीठ ने अलियारी नामक महिला की पुनरीक्षण याचिका को 20 हजार रुपए के जुर्माने के साथ खारिज करते हुए पारित किया, साथ ही पुनरीक्षणकर्ता को आदेश की तिथि से 15 दिनों के भीतर महानिबंधक के पक्ष में बैंक दस्तावेज के माध्यम से धनराशि जमा करने का निर्देश दिया। दरअसल महिला पुनरीक्षणकर्ता ने वर्तमान याचिका जिला न्यायाधीश, चंदौली के एक आदेश को चुनौती देते हुए दाखिल की थी जिसमें उसकी चुनाव याचिका को खारिज कर दिया गया था। याची ने अपनी चुनाव याचिका को सक्षम क्षेत्राधिकार वाले किसी अन्य न्यायालय में स्थानांतरित करने की मांग भी की थी। स्थानांतरण की मांग इस आरोप के साथ की गई थी कि विपक्षी/ निर्वाचित प्रधान के पति जिला न्यायालय, चंदौली में वकालत करते हैं। सुनवाई की तय तारीख पर जिला न्यायाधीश के समक्ष पुनरीक्षणकर्ता ने विपक्षी के पति को पीठासीन अधिकारी के कक्ष में प्रवेश करते देखा। कमरे से बाहर निकालने के बाद उन्होंने कथित तौर पर अपने सहयोगियों के सामने याचिका का फैसला अपने पक्ष में आने का दावा किया। हालांकि विपक्षी ने उक्त आरोपों से इनकार किया। अंत में कोर्ट ने आरोपों को निंदनीय और गैर-जिम्मेदाराना करार देते हुए याची पर जुर्माना लगा दिया।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह विवाद की सुनवाई अब 30 को

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में हुई सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष ने अपने तर्क प्रस्तुत किया। सोमवार को सुबह 11:30 बजे से न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। बहस पूरी होने के बाद पीठ ने मामले को आगामी 30 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध कर दिया। मालूम हो कि श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशव देव सहित 18 सिविल वादों पर हाईकोर्ट में एक साथ सुनवाई चल रही है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि कटरा केशव देव की जमीन से शाही ईदगाह मस्जिद का अवैध कब्जा हटाने सहित अन्य मांगों को लेकर दाखिल सिविल वादों की पोषणीयता पर बहस हो रही है, जिस पर मुस्लिम पक्ष ने आदेश 7 नियम 11 के तहत अपनी आपत्ति दर्ज की है। इसपर अगली सुनवाई में बात रखी जाएगी।

मंत्री डॉ. संजय निषाद पर हमला

संवाददाता, संतकबीरनगर

- शादी समारोह में हमलावरों ने मंत्री के चेहरे और नाक पर किया प्रहार
- नौ नामजद और दर्जनों अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : बीती रात कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर कठार में आयोजित वैवाहिक समारोह में शामिल होने पहुंचे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद पर इसी गांव के ग्राम प्रधान के नेतृत्व में दर्जनों दबंगों ने हमला बोल दिया।

हमलावरों ने कैबिनेट मंत्री के चेहरे और नाक पर प्रहार कर उन्हें घायल कर दिया। सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह उन्हें हमलावरों के चंगुल से छुड़ाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां कैबिनेट मंत्री कुछ देर के लिए बेहोश भी हो गए थे। उन्होंने अस्पताल परिसर में ही मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ थोड़ी देर धरना भी दिया। मंत्री के पीएसओ विनोद कुमार यादव की तहरीर पर कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने ग्राम प्रधान मोहम्मदपुर कठार राधेश्याम यादव, जय प्रकाश यादव उर्फ कवि, दुर्विजय यादव, पीएसी में कार्यरत सिपाही अभिषेक यादव, सुरेंद्र यादव, गजेन्द्र यादव, सुभाष यादव, दुर्ग विजय यादव निवासी गण ग्राम मोहम्मदपुर कठार समेत तमाम अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा कायम कर चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

सुनियोजित तरीके से सपाई गुंडों ने किया हमला: डॉ. निषाद

संतकबीरनगर। हमले के बाद सोमवार की दोपहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने घटना के पीछे समाजवादी पार्टी का हाथ होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी का जन्म आंदोलन की कोख से हुआ है। जिले के मगहर स्थित रेलवे लाइन के किनारे जब निषाद पार्टी आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रही थी तो समाजवादी पार्टी के गुंडों ने लाठी डंडों और बंदूकों से हमला किया था। कार्यकर्ताओं ने लगातार पांच घंटों तक सपाई गुंडों को झेला था। निषाद पार्टी की बढ़ती ताकत और लोकप्रियता सपा मुखिया से बर्दाश्त नहीं हो रही है। निषाद ने बताया कि रविवार की रात वे मगहर के पास स्थित ग्राम मोहम्मदपुर कठार निवासी एक कार्यकर्ता के घर लड़की की शादी में शामिल होने पहुंचे थे। लोगों के अनुरोध पर जयमाल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए थोड़ी देर बैठकर प्रतीक्षा करने लगा। इसी दौरान सुनियोजित तरीके से सपा से जुड़े ग्राम प्रधान राधेश्याम यादव अपने दो दर्जन साथियों के साथ पहुंचे और सांसद प्रवीण निषाद की कार्यशैली को लेकर नाराजगी करने लगे। मैंने उन्हें रोकते हुए कहा कि एक दो दिनों में सांसद आप के बीच जरुर आएंगे। उनकी शिकायत उन्हीं से करना। इसी बात को लेकर उक्त लोग बेहद उग्र हो गए और समाजवादी पार्टी का नारा लगाते हुए मेरे ऊपर हमला बोल दिया। अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने कहा कि कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद के ऊपर हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मंत्री जी के पीएसओ की तहरीर पर आठ नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम कर चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शीघ्र ही सभी नामजद और घटना में शामिल अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नगर आयुक्त मेरठ पर लगाया 10 हजार रुपये का जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकारी कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के बाद वेतन वृद्धि से वंचित करने के मामले में कहा कि कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के अगले दिन वेतन वृद्धि देने के संबंध में कानून संवैधानिक न्यायालय द्वारा तय कर दिये गए हैं तो संबंधित अधिकारी द्वारा किसी अन्य सरकारी आदेश के आधार पर वेतन वृद्धि से इनकार करना संभव नहीं है। अगर कोई अधिकारी ऐसा करता है तो निश्चित रूप से इसे उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अनदेखी माना जाएगा।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने श्रीपाल की याचिका को स्वीकार कर नगर आयुक्त, नगर निगम, मेरठ पर 10 हजार का जुर्माना लगाते हुए की, साथ ही याची को 1जुलाई 2018 से 30 जून 2019 की अवधि के लिए ब्याज सहित वेतन वृद्धि का भुगतान करने का निर्देश भी दिया। दरअसल नगर आयुक्त ने वेतन वृद्धि के एक दिन पहले सेवानिवृत हुए याची के काल्पनिक वेतन वृद्धि के दावे को खारिज कर दिया था। इस पर न्यायालय ने उनकी ओर से दाखिल व्यक्तिगत हलफनामे पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब नगर आयुक्त याची को वेतन वृद्धि देने के लिए सक्षम प्राधिकारी थे तो उन्हें इस संबंध में किसी अन्य अधिकारी से राय लेने की क्या आवश्यकता थी। कोर्ट ने नगर आयुक्त के मनमाने क्रियाकलाप पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि नगर आयुक्त बच्चा या वार्ड नहीं है जो निदेशक, स्थानीय निकाय की गोद में बैठकर अपने अभिभावक या माता-पिता से निर्देश मांग रहा हैं कि मामले में क्या करना है।

राजा रत्नाकर सिंह के अंतिम दर्शन को पहुंचे दिग्गज नेता

बाराबंकी, अमृत विचार : जिले की रामनगर (धमेड़ी) स्टेट के राजा रत्नाकर सिंह का सोमवार को निधन हो गया। अपने बड़े दामाद के निधन की खबर मिलते ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चुनाव प्रचार छोड़कर यहां आ गए। राजा रत्नाकर सिंह के पार्थिव शरीर का दाह संस्कार रामनगर में ही किया गया। उनके अंतिम दर्शन करने के लिए विभिन्न दलों के दिग्गज नेता व क्षेत्रीय लोग पहुंचे। सभी ने उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।उनके अंतिम दर्शन के लिए रामनगर निवास पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार राजरानी रावत, गठबंधन उम्मीदवार तनुज पुनिया, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, एमएलसी अंगद सिंह और रामनगर चेयरमैन राम शरण पाठक पहुंचे।

तीसरे चरण के लिए 100 प्रत्याशी मैदान में

सात मई को होगा मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बरेली की पूर्व महापौर निर्दलीय प्रत्याशी सुप्रिया ऐरन समेत चार ने नामांकन वापस ले लिया। इन सीटों पर सात मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र संभल में एक, फतेहपुर सीकरी में एक, बदायूं में एक व बरेली में एक प्रत्याशी ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। उन्होंने बताया कि सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 13 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये थे। इसमें एक प्रत्याशी तूबा ने अपना नामांकन वापस लिया। हाथरस (अजा) क्षेत्र के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। आगरा (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। फतेहपुर सीकरी निर्वाचन क्षेत्र के लिए 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये थे, जिसमें एक प्रत्याशी राकेश कुमार ने अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रकार कुल नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। एटा क्षेत्र के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बदायूं क्षेत्र के लिए 12 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। इसमें एक प्रत्याशी किशोर कुमार पाल ने अपना नामांकन वापस लिया। ऑवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 09 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बरेली क्षेत्र के लिए 14 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये।

मेरठ व अलीगढ़ में मायावती आज करेंगी सभाएं

लखनऊ, अमृत विचार : बसपा सुप्रीमो मायावती मंगलवार को मेरठ व अलीगढ़ में चुनावी जनसभाएं संबोधित करेंगी। पहली सभा मेरठ में अल्लीपुर में होगी और दूसरी अलीगढ़ में महेश्वर इंटर कॉलेज में होगी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल ने सोमवार को बताया कि लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार जारी है। विभिन्न सीटों पर प्रचार के लिए पार्टी प्रमुख की चुनावी सभाएं पूर्व निर्धारित हैं। मेरठ में प्रत्याशी देववृत्त त्यागी व अलीगढ़ में हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय के समर्थन में सभाएं प्रस्तावित हैं।

छात्रवृत्ति का मामला: बेनतीजा रही बैठक, पोर्टल दोबारा खोलने पर नहीं हो सका निर्णय

लखनऊ, अमृत विचार : छात्रवृत्ति से वंचित रहे गए प्रदेश के 77,352 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा या नहीं इस पर फैसला नहीं हो सका है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक बेनतीजा रही है। इस संबंध में दोबार बैठक होगी। बता दें कि साइबर कैफे और कॉलेज के स्तर से फार्म भरने में हुई गलितयों का खामियाजा 77,352 छात्रों को भुगतना पड़ा। वंचित रह गए छात्र-छात्राएं जिला समाज कल्याण अधिकारी, कॉलेज और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काटते रहे। अधिकारियों से मिलकर फार्म में हुई गड़बड़ी के बारे में बताया। अधिकतर फार्मों में अनुक्रमांक, पाठ्यक्रम और प्राप्तांक/पूर्णांक भरने में गलतियां हुईं।

अवैध कर वसूली को लेकर हाईकोर्ट गंभीर

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अवैध कर वसूली के मामले में महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा कि राज्य के पास उस धन को रखने की कोई शक्ति नहीं है जो उसने कानून के किसी अधिकार के बिना लिया है। संविधान के अनुच्छेद 265 के प्रावधान के अनुसार कानून के अधिकार के बिना कोई भी कर एकत्र नहीं किया जा सकता है और जो राशि अवैध रूप से एकत्र की गई है, उसे संबंधित व्यक्ति को वापस करना आवश्यक है। अवैध राशि का भुगतान ब्याज के साथ सरकार द्वारा मुआवजे के रूप में होना चाहिए। ऐसी परिस्थितियों में ब्याज के भुगतान के लिए किसी विशेष प्रावधान की आवश्यकता नहीं है।

बरेली, पीलीभीत व लखनऊ से 28 सदस्यीय शिष्टमंडल ने किए भव्य रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : बरेली, पीलीभीत और लखनऊ से 28 सदस्यीय वरिष्ठ नागरिकों का एक शिष्टमंडल रविवार को अयोध्या धाम पहुंचा। यहां रामलला, हनुमानगढ़ी और कनकभवन में दर्शन-पूजन के बाद नगर भ्रमण किया। दर्शन से अभिभूत शिष्टमंडल के सदस्यों ने जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए कहा कि अयोध्या धाम सबसे सुंदरम धार्मिक नगरी है। कहा कि यहां आकर जो शांति और सुख मिल रहा है उसे शब्दों में नहीं व्यक्त किया जा सकता है।

28 सदस्यीय दल ने भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन के कर श्रद्धा निवेदित की। हनुमानगढ़ी में भी दर्शन-पूजन कर मुख्य संतों का आशीर्वाद लिया। शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे चार्टर्ड अकाउंटेंट रविन्द्र अग्रवाल ने कहा कि यहां के

रामलला के दर्शन कर अभिभूत 28 सदस्यीय वरिष्ठ नागरिकों का शिष्टमंडल।

- हनुमानगढ़ी और कनकभवन में भी पूजा-अर्चना
- काम के साथ- साथ देशाटन भी : रविन्द्र अग्रवाल

वातावरण और भव्य मंदिर मन को सुकून देने वाला है। अयोध्या आकर हम लोग धन्य हो गए हैं। अपने दल के बारे में बताया कि एक तीर्थ यात्रा ग्रुप है। हम सभी सीनियर सिटीजन हैं। जिसमें प्रतिष्ठित डॉक्टर, वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट और बड़े व्यवसायी हैं। उन्होंने बताया कि माह में एक बार हिंदुस्तान के किसी न किसी धार्मिक स्थान पर जाते हैं। इस बार अयोध्या धाम में आए हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का महत्व काम के साथ देशाटन है। जिससे काम का बोझ कम होता है और मन को शांति मिलती है। तीर्थ यात्रा दल में डॉ. एस के अग्रवाल, डॉ. राकेश अग्रवाल, डॉ. के एन तिवारी, डॉ. हरिश्चंद्र प्रसाद, डॉ. योगेंद्र , डॉ. मधु प्रसाद,अशोक अग्रवाल समेत कई महिलाएं भी शामिल थीं।

सपा विधायक अभय सिंह के पिता व पत्नी भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पश्चिम उत्तर प्रदेश में भाजपा को लेकर राजपूतों में पसरी नाराजगी के बीच सोमवार को कई बड़े क्षत्रिय नेताओं ने पार्टी का दामन थामा। इसमें सबसे खास गोसाईगंज से सपा के बागी विधायक अभय सिंह के पिता भगवान बख्श और पत्नी सरिता सिंह का भाजपा में शामिल होना रहा। बीते दिनों ही सपा विधायक अभय सिंह ने पार्टी लाइन से अलग जाकर राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान किया था।

कई पूर्व सांसद और पूर्व विधायक के अलावा अन्य दलों के कई नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ली है। सभी को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पार्टी में सदस्यता दिलवायी। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित और प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु भी मौजूद रहे।

कमलापति त्रिपाठी के पौत्र भी भाजपा में

सोमवार को भाजपा की सदस्यता लेने वाले सभी नेताओं में पूर्व मंत्री चौधरी सरदार सिंह (मथुरा), कांग्रेस के नेता व आजमगढ़ से पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कमलापति त्रिपाठी के पौत्र सोमेशपति त्रिपाठी (वाराणसी), सपा से पूर्व विधायक पहलवान सिंह (गोरखपुर), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व पूर्व विधायक कुं. कुशलपाल सिंह (मथुरा), बार एसोसिएशन एटा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, बसपा से लखनऊ जोन को-आर्डिनेटर, पूर्व जिला अध्यक्ष तथा बसपा के वरिष्ठ नेता रामजी गौतम के छोटे भाई प्रमोद चौधरी (लखीमपुर), बसपा के मंडल कोर्डिनेटर व पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष रहे करूणाकर पाण्डेय (अयोध्या), नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा (उन्नाव) शामिल रहे।

वर्ग पहेली-48

बाएं से दाएं

2. एक प्रकार की बहुवर्षीय
4. 1. देहयष्टि, मानव शरीर 2. संख्या
5. 1. सेना, फ़ौज 2. युद्ध का मोर्चा, युद्ध का क्षेत्र
7. 1. इंद्र का हाथी, ऐरावत 2. उच्चै:श्रवा।
8. अयोध्या का प्राचीन नाम, उत्तर प्रदेश में सरयू नदी के किनारे स्थित एक हिंदू तीर्थ स्थान, अयोध्या।
9. 1. मनहूस होने की अवस्था या भाव, मनहूसी, मनहूसियत 2. उदासीनता।

ऊपर से नीचे

1. 1. जिससे पुराना परिचय हो, बहुत गहरी जान-पहचानवाला 2. जाना-पहचाना हुआ।
3. 1. चलन, रीति, रस्म, प्रथा 2. द्विरागमन, गौना।
6. 1. गांव का मुखिया 2. सरदार, महतो।
7. 1. यहूदियों का बादशाह 2. यहूदियों के राजा दाऊद का बेटा 3. यहूदियों का तीसरा बादशाह जिसने यरूशलम नगर का निर्माण कराया और वह पैगंबर माना जाता है 4. पश्चिमी पाकिस्तान में अवस्थित एक पर्वत।



वर्ग पहेली -47 का हल

1 पी	2 प	■	3 कु	■	4 खी	■
■	र	■	5 सु	म	र	नी
6 रो	क	था	म	■	■	■
■	ना	■	7 चा	8 ल	बा	ज़ी
9 न	■	10 चौ	प	दा	■	■
जू	■	■	■	ई	■	■
11 म	ख़	लू	क	■	12 खो	या

सुडोकू -127

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		7		4		5		
	5			6	1			
		9			3			
	6	3		7		2		
	8		3		9		4	
		2			6	8	9	
			8			3		
4			2	3				
		5		9		1		

सुडोकू -126 का हल

2	8	1	9	3	7	6	5	4
4	6	7	1	8	5	2	3	9
5	3	9	6	4	2	1	8	7
1	4	3	5	6	8	7	9	2
7	2	5	3	9	1	4	6	8
6	9	8	2	7	4	5	1	3
8	5	2	4	1	3	9	7	6
9	7	4	8	5	6	3	2	1
3	1	6	7	2	9	8	4	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 05.18 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 22.32 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज आपकी कार्यशैली में काफी बदलाव आयेगा। घर और कार्यक्षेत्र में खुशियों का माहौल रहने वाला है। आपकी दिनचर्या काफी सन्तुलित रहेगी। संतान को लेकर परेशानी दूर होगी। बड़े-बुजुर्ग आपका उत्साहवर्धन करेंगे।

वृष — आज मनमौजी स्वभाव के लोगों से थोड़ी दूरी बनाकर रखें। लोगों की आर्थिक मदद के लिए आपको अपनी जेब ढीली करनी पड़ सकती है। यदि आपने किसी से उधार लिया है तो उसे आज चुका दें। व्यस्तता के बावजूद घर को पर्याप्त समय देंगे।

मिथुन — आज प्रेमी जन के साथ मतभेद दूर होंगे। विशिष्ट और रचनात्मक प्रकृति की विधाओं में आप रुचि लेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में आपका मान बढ़ेगा। आज संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। गुप्त शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने की चेष्टा कर सकते हैं।

कर्क — आज आप अपने काम के बजाय दूसरों पर ज्यादा ध्यान दे सकते हैं। हालांकि, इससे आपकी कार्यक्षमता पर नकारात्मक असर पड़ेगा। अपनी जिम्मेदारियों को समझें और सिर्फ अपने काम पर ध्यान दें। माता की सलाह लेना हितकर होगा।

सिंह — आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। भाग्य पूरी तरह से आपके पक्ष में रहेगा। कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी आपकी मदद करेंगे। नई जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन बहुत ही खुशहाल रहने वाला है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

कन्या — आज महिलाओं को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। धन की कमी दूर होगी। कुटुम्ब जनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। घर में बच्चों के साथ मनोरञ्जन का आनन्द लेंगे। सरकारी कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी के प्रति व्यवहार अच्छा रखें।

तुला — आज अनावश्यक खर्चों को कम करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र की बाधा दूर होगी। प्रेम विवाह को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। विरोधी आपके सामने काफी कमजोर होते प्रतीत हो रहे हैं। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिक — आज आपका पूरा दिन कल्पनाओं में बर्बाद हो सकता है। काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। परिवार में थोड़ी खींचतान हो सकती है। अपने जल्दबाजी वाले स्वभाव पर नियंत्रण लाएं। वरना व्यवसाय में बड़ा नुकसान हो सकता है।

धनु — आज आपके द्वारा लिए गए निर्णय सटीक सिद्ध होंगे। किसी महत्वपूर्ण योजना को बनाने के लिए आज का दिन बेहद शुभ है। गृह कलह से छुटकारा मिलेगा। जीवनसाथी के साथ सुकून भरा समय बितायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की प्रशन्सा होगी।

मकर — आज प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें। आपको अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में कठिनाई महसूस होगी। परिवार में सब आपकी प्रशन्सा करेंगे। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित होना चाह रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है।

कुंभ — आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कई दिनों से काम का तनाव आज दूर होगा। आप लोगों को अपने अनुकूल करने में सफल रहेंगे। लेकिन किसी भी स्थिति में अपने सिद्धान्तों से समझौता न करें। आज आपको नई जानकारियां मिलेंगी।

मीन — आज का दिन बिल्कुल भी सही नहीं है। लोग आपको सही सलाह भी नहीं दे रहे हैं। इसीलिए इस समय शान्त होकर परिस्थितियों का स्वत: मूल्याङ्कन करना चाहिए। परिवार के विवाह योग्य सदस्यों को लेकर थोड़ी चिन्ता होगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
गंगा तेरे देश में — सुबह : 08.15
शादी में जरूर आना — शाम : 06.16

&pictures
हाथी मेरा साथी — सुबह : 08.17
बंगाल टाइगर — शाम : 05.23

SONY PIX
पैसिफ़िक रिम — सुबह : 08.20
द डार्क नाईट राइसेस — रात : 06.41

ZEE CINEMA
ये तो कमाल हो गया — सुबह : 09.00
मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ झांसी — रात : 08.40

colors CINEPLEX
टार्जन — सुबह : 10.34
और प्यार हो गया — रात : 08.49

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात :08.40 बजे

जोक्स ऑफ द डे

शादी की 10वीं सालगिरह पर पत्नी पति के सीने से लग के बोली
सुनिए जी, अगर मुझे कोई भगा के ले जाए तो आप क्या करेंगे?
पति- हट पगली, कैसे सवाल पूछती है?
पत्नी- बताओ ना जानू...
पति- मैं बोलूंगा भाई भगा के क्यों ले जा रहे हो, आराम से ले जाओ,
मैं रोक थोड़ी रहा हूं! फिर पति देव की हुई जोरदार कुटाई...

कोयल ने कौवे से पूछा - तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला - बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
रामपुर : शिवालिक--985 फ्लैग-1100 डीएमओ-880 बोल्ड-1160

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1820, राज श्री 1310, फ़ॉर्चून कि. 1840, रविन्द्रा 1785, फॉर्चुन ली0 1680, जय जवान 1420, सचिन 1575, सूरज 1445, अवसर 1670, राग गोल्ड 1670, गृहणी 1565, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1565, चक्र टिन 1635, ब्लू 1685, आशीर्वाद मस्टर्ड 1710, स्वास्तिक 1790 ।किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 29000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 चावल- (प्रति कु) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 ।दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7175-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14300, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16500 चीनी - डालमियां 4140, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090 (नयी), बहेड़ी 4100 (नयी)

खाद्य नियामक देश में बिकने वाले मसालों की गुणवत्ता की करेगा जांच

एमडीएच, एवरेस्ट मसाला विवाद: पाउडर के रूप में सभी ब्रांडों के मसालों के ले रहे नमूने

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने जांच के मकसद से देश भर से एमडीएच और एवरेस्ट सहित पाउडर के रूप में सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने लेना शुरू कर दिया है। सिंगापुर और हांगकांग में इन दोनों कंपनियों के कुछ उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है।

सूत्र ने कहा कि एफएसएसएआई बाजार से एमडीएच और एवरेस्ट समेत सभी ब्रांड के मसालों के नमूने ले रहा है ताकि यह जांचा जा सके कि वे तय मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि एफएसएसएआई निर्यात किये जाने वाले मसालों की गुणवत्ता का नियमन नहीं करता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत

● सिंगापुर- हांगकांग में इन कंपनियों के उत्पादों की गुणवत्ता पर चिंता जताने के बाद उठाया गया कदम

आने वाला एफएसएसएआई घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले उत्पाद की गुणवत्ता की जांच करने के लिए नियमित रूप से बाजार से मसालों के नमूने लेता है।

इस बीच, भारतीय मसाला बोर्ड भारतीय ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर हांगकांग और सिंगापुर में लगाए गए प्रतिबंध पर गौर कर रहा है। इन मसालों में कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' पाये जाने की बात कही गयी है। इस संबंध में बोर्ड की निदेशक एबी रेमा श्री ने कहा कि हम इस मामले को देख रहे हैं। हम इस पर कायम हैं। इस बारे में कंपनियों से तत्काल संपर्क नहीं हो सका। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा केंद्र (सीएफएस) ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों को न खरीदने और व्यापारियों से नहीं बेचने को कहा है, जबकि सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने ऐसे मसालों को वापस लेने का निर्देश दिया है। इन उत्पादों में, एमडीएच के मद्रास करी पाउडर (मद्रास करी के लिए मसाला मिश्रण), एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिश्रित मसाला पाउडर और एमडीएच करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर शामिल हैं।

जोमैटो ने मंच शुल्क बढ़ाकर प्रति ऑर्डर पांच रुपये किया

नई दिल्ली। होटल से खाना ऑर्डर की सुविधा देने वाला ऑनलाइन मंच जोमैटो ने चुनिंदा बाजारों में अपने शुल्क को 25 प्रतिशत बढ़ाकर चार से पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है। कंपनी के ऐप के मुताबिक उसने अपनी अंतर-शहरी फूड डिलिवरी सर्विस इंटरसिटी लीजेंड्स को भी रोक दिया है। जोमैटो के प्रवक्ता ने कहा कि यह कारोबारी कदम है जिन्हें हम समय-समय पर विभिन्न कारकों के आधार पर लेते हैं। सूत्रों के मुताबिक मंच शुल्क में बढ़ोतरी दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद जैसे प्रमुख शहरों में लागू होगी। जोमैटो ने पिछले साल अगस्त में प्रति ऑर्डर मंच शुल्क पिछले अगस्त से लेना शुरू किया था। उस समय यह दो रुपये प्रति ऑर्डर था। इससे धीरे-धीरे बढ़ाकर अब पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया गया है।

सौर क्षेत्र में वित्तपोषण 4% घटकर 8.1 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में आए 5.5 अरब डॉलर के निवेश की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक रहा

ऊंची लागत और आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े मसले के कारण जनवरी-मार्च अवधि में वैश्विक स्तर पर सौर क्षेत्र में कंपनियों का वित्तपोषण चार प्रतिशत घटकर 8.1 अरब डॉलर रह गया।

अमेरिकी शोध कंपनी मेरकॉम कैपिटल ने सोमवार को रिपोर्ट में कहा कि सौर क्षेत्र में पिछले साल की समान तिमाही में 8.4 अरब डॉलर का निवेश आया था। अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में आए 5.5 अरब डॉलर के निवेश की तुलना में मार्च तिमाही में वित्तपोषण 47 प्रतिशत अधिक रहा। मेरकॉम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राज प्रभु ने कहा कि सौर क्षेत्र अनिश्चितता और चुनौतीपूर्ण निवेश का सामना कर रहा है। यह क्षेत्र कई बाधाओं से जूझ रहा है, जिसमें लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों की आशंका, मुद्रास्फीति से निर्माण एवं श्रम की लागत बढ़ने और व्यापार विवादों एवं सीमा शुल्क के साथ आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दे भी शामिल हैं। भारत में इकोफी ने 1.08 करोड़ डॉलर का निवेश पाया, इनसोलार ने 80 लाख डॉलर जुटाए, और मेटाफिन ने उद्यम पूंजी (वीसी) वित्तपोषण से 50 लाख डॉलर की इक्विटी वित्त जुटाया। घरेलू ऋण वित्तपोषण खंड में रिन्यू ने 28.83 करोड़ डॉलर मूल्य के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर का पुनर्वित्तपोषण किया। एम्पइन एनर्जी ट्रांजिशन ने 2.69 करोड़ डॉलर का निवेश जुटाया जबकि हस्क पावर सिस्टम्स को दो करोड़ डॉलर मिले।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	84300
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55900-56100
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	75,550
सोना रवा	75,400
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	83,700
चांदी (999)	83,600
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	75300
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	74300
सिल्वर (पक्की)	825 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	75,400
चांदी आभूषण	83,300

आवासीय परियोजनाओं में 1500 करोड़ निवेश करेगी एक्सपीरियन

नई दिल्ली। आवासीय संपत्तियों की मांग में तेज वृद्धि के बीच रियल एस्टेट कंपनी एक्सपीरियन डेवलपर्स अपनी विस्तार योजनाओं के तहत नोएडा में लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए 1,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

गुरुग्राम स्थित एक्सपीरियन डेवलपर्स ने अपनी नई परियोजना 'एक्सपीरियन एलिमेंट्स' को रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण रेरा के साथ पंजीकृत किया है। यह एक्सपीरियन होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड (सिंगापुर) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। एक्सपीरियन डेवलपर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नागराजू राउथू ने कहा कि कंपनी नोएडा में प्रवेश कर रही है, जो दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में महत्वपूर्ण रियल एस्टेट बाजार है। कंपनी ने आवासीय परियोजना को विकसित करने के लिए नीलामी प्रक्रिया के जरिए राज्य सरकार से जमीन खरीदी है। निवेश के बारे में पूछे जाने पर राउथू ने कहा कि यह करीब 1500 करोड़ है। इस परियोजना में 3बीएचके अपार्टमेंट की शुरुआती कीमत करीब पांच करोड़ रुपये है।

सेंसेक्स ने 560 अंकों की लगाई छलांग निफ्टी भी 22,300 के हुआ पार

मुंबई, एजेंसी

● एशियाई-यूरोपीय बाजारों में तेजी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी से घरेलू सूचकांक में आई तेजी

एशियाई और यूरोपीय बाजारों में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी आने से सोमवार को घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक प्रतिशत तक उछलकर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 560.29 अंक यानी 0.77 प्रतिशत चढ़कर 73,648.62 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में यह 679.47 अंक बढ़कर 73,767.80 पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 189.40 अंक यानी 0.86 प्रतिशत बढ़कर 22,336.40 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स समूह में शामिल लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.26 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि मिडकैप सूचकांक में 0.93 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में टिकाऊ उपभोक्ता खंड में सर्वाधिक 2.53 प्रतिशत, औद्योगिक उत्पाद खंड में 1.93 प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 1.65 प्रतिशत की बढ़त रही।

टाटा पावर-डीडीएल ने गजानन एस. काले को सीईओ किया नियुक्त

नई दिल्ली। टाटा पावर-डीडीएल ने गजानन एस. काले को कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि काले ने 19 अप्रैल को सीईओ का पद संभाल लिया था। टाटा पावर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा कि मैं गजानन का टाटा पावर-डीडीएल के नए सीईओ के तौर पर स्वागत करता हूं। बिजली वितरण के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले काले निश्चित तौर पर टाटा पावर-डीडीएल को कामयाबी की नई बुलंदियों पर ले जाएंगे।

टाटा पावर के अध्यक्ष (टी एंड डी) संजय बांगा ने कहा कि गजानन वितरण क्षेत्र के अनुभवी पेशेवर हैं मुझे पूरा यकीन है कि उनके नेतृत्व में टाटा पावर-डीडीएल उद्योग जगत में नई उपलब्धियां हासिल करेगी। बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का संयुक्त उद्यम है।

राष्ट्रीय

एक नजर

नलिन ने एनएसजी महानिदेशक का पदभार संभाला

नई दिल्ली। 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी नलिन प्रभात ने सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के नए महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाला। प्रभात (55) को एनएसजी मुख्यालय में आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी ने 'ब्लैक कैट' बल का पारंपरिक बैटन सौंपा। चौधरी मार्च से एनएसजी महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। नलिन प्रभात तीन बार के पुलिस वीरता पदक विजेता हैं। वह एनएसजी के 25वें महानिदेशक हैं। एनएसजी की स्थापना 1984 में की गई थी। प्रभात इससे पहले सीआरपीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक के रूप में कार्यरत थे।

गोगी गिरोह के सदस्य की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में चार हमलावरों ने सोमवार को गोगी गिरोह के सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि नरेन्द्र मलिक को छह से सात गोलियां लगीं और एसआरएचसी अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) रवि कुमार सिंह ने कहा कि यह गैंग वार का मामला है क्योंकि नरेन्द्र गोगी गिरोह का था। दोपहर दो बजे मलिक तरुण और अमित के साथ दयाल मार्केट में टाटा एस वाहन में बैठा था, तभी चार लोग बाइक से आए और उन्होंने मलिक पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अमित वहां से भाग निकला जबकि तरुण के पैर में चोट लगी है और उसकी हालत गंभीर बताई गई है। डीसीपी ने कहा कि हमें महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। हम घटना की सीसीटीवी फुटेज हासिल कर रहे हैं और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पत्नी की हत्या कर फंदे पर लटका पति

जयपुर। राजस्थान में राजसमंद जिले के कांकरोली में आज कर्ज से परेशान पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर खुद फांसी के फंदे पर लटक गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांकरोली थाना क्षेत्र के नया बाजार तेली मोहल्ले के रहने वाले जसवंत ने अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद खुद को मौत गले लगाने से पहले वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर अपना सुसाइड नोट लिखा था। जिसमें उसने कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या करने और कुछ लोगों पर उसे परेशान करने का लगाया आरोप था।

एमबीबीएस की छात्रा ने छात्रावास में आत्महत्या की

भोपाल। भोपाल के निजी मेडिकल कॉलेज की 22 वर्षीया एमबीबीएस छात्रा ने सोमवार को पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि छात्रा का शव सुबह छात्रावास के कमरे में छत के पंखे से रस्सी के सहारे लटका मिला। मृतका की पहचान रानी मोरे के रूप में हुई है। मूल रूप से खरगोन की रानी मोरे यहां खजूरी पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत स्थित चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रथम वर्ष की छात्रा थीं। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस उसके परिवार के आने का इंतजार कर रही है। मोरे द्वारा इतना बड़ा कदम उठाने के पीछे का सटीक कारण अभी तक ज्ञात नहीं हो सका है।

गिरफ्तार महिला का शव थाने में लटका मिला

बेतिया (बिहार)। बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में हत्या के एक मामले में गिरफ्तार महिला का शव सोमवार को एक थाने के परिसर में लटका हुआ मिला। आरोपी को दहेज हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था और उसे पश्चिम चंपारण के जिला मुख्यालय बेतिया के शिकारपुर थाने में महिला बैरक में रखा गया था। पुलिस को संदेह है कि पेशी के लिए स्थानीय अदालत ले जाने से कुछ समय पहले उसने अपनी साड़ी का उपयोग करके छत के पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। बेतिया के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) जय प्रकाश सिंह ने कहा, "यह घटना उस समय हुई जब बैरक में महिला पुलिसकर्मी उसे अदालत में पेश करने के लिए दस्तावेज तैयार करने के सिलसिले में बाहर गई थी। जब वे बैरक में लौटे, तो उन्होंने उसका शव लटका हुआ पाया।" उन्होंने बताया कि महिला को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। पुलिस उन अधिकारियों की ओर से हुई चूक की भी जांच कर रही है, जिन्हें बैरक के अंदर महिला पर नजर रखने के लिए तैनात किया गया था।

कांग्रेस पर पीएम की टिप्पणी से भड़का विपक्ष

घोषणापत्र पर दिए बयान पर किया प्रदर्शन, पार्टी का आरोप- हार के डर से मोदी ने कही ये बात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय युवा कांग्रेस ने सोमवार को पार्टी के घोषणापत्र पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में हार के डर से इस तरह का बयान दिया है।

भारतीय युवा कांग्रेस के प्रमुख श्रीनिवास बीवी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा चुनाव में हार के डर से घबराहट के मारे खुलेआम नफरत के बीज बो रहे हैं। श्रीनिवास ने कहा कि देश के 140 करोड़ लोग अब भाजपा के झूठ के झांसे में नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र हर भारतीय के लिए है। यह सभी के लिए समानता, सभी के लिए न्याय की बात करता है। भारतीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री को कांग्रेस के 'न्याय पत्र' (घोषणापत्र) की एक प्रति भी भेजी है।

वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लोगों की मेहनत की कमाई और संपत्ति 'घुसपैठियों' और 'जिनके अधिक बच्चे हैं' उन्हें देने की योजना बनाई है। उनकी इस टिप्पणी के बाद विपक्ष भड़क गया है।

समुदाय विशेष का नाम लेकर गलत बातें कहना उस का अपमान है : अखिलेश

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि समुदाय विशेष का नाम लेकर उसके बारे में गलत बातें कहना उस समुदाय का अपमान है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में, अखिलेश यादव ने कहा कि एक समुदाय विशेष के बारे में नाम लेकर गलत बात कहना पूरी दुनिया में फैले उस समुदाय का अपमान है। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक पहचान को बहुत ठेस पहुंची है। यह आपत्तिजनक बयान है, जिसकी कोई माफ़ी तक नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च पदों पर बैठे भाजपा के लोग चुनावी रैली में अनर्गल बातें कहकर कांग्रेस के लिए जो झूठ फैला रहे हैं, उससे भाजपा का झूठ बाहर आ रहा है।

मुसलमानों की रूढ़िवादी छवि को लेकर ओवैसी ने जताई कड़ी आपत्ति

पूर्णिया (बिहार)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री मोदी के दिए भाषण में मुसलमानों की 'रूढ़िवादी छवि' (स्टीरियोटाइप) पेश किये जाने को लेकर कड़ी आपत्ति जताई। बिहार में चुनावी रैली को में उन्होंने कहा कि वह राजस्थान में मोदी के भाषण की जांच कराना चाहेंगे। मोदी ने कहा कि मुसलमानों के ज्यादा बच्चे हैं। यह झूठ है। समुदाय में प्रजनन दर में गिरावट आई है और आंकड़ों के मुताबिक यह 2.36 प्रतिशत है। हालांकि, माना जाता है कि हमारे हिंदू भाइयों के बीच प्रजनन दर कम है। ओवैसी ने कहा कि मोदी के तर्क के अनुसार, दक्षिणी राज्य संसद में कम सांसद होने को लेकर आंदोलन शुरू कर सकते हैं, क्योंकि वहां जनसंख्या वृद्धि दर कम है।

माकपा ने मोदी के भाषण को लेकर दिल्ली पुलिस से की शिकायत

नई दिल्ली। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने सोमवार को कहा कि उसने 'संपत्ति के बंटवारे' को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजस्थान में दिए बयान के संबंध में दिल्ली पुलिस आयुक्त को शिकायत भेजी है। पार्टी के मुताबिक उसने यह कदम राष्ट्रीय राजधानी के एक थाने के शिकायत दर्ज करने से मना करने के बाद उठाया है। माकपा ने कहा कि पार्टी नेता वृंदा करात और पुष्पिंदर सिंह ग्रेवाल ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए मंदिर मार्ग थाना प्रभारी से संपर्क किया। पार्टी ने कहा कि चूंकि मंदिर मार्ग थाने ने शिकायत स्वीकार करने से इनकार कर दिया, इसलिए इसे दिल्ली के पुलिस आयुक्त को भेज दिया गया है।

15 घंटे बाद भी उठ रहा है धुआं लोगों को सांस लेने में दिक्कत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के गाजीपुर 'लैंडफिल' (कचरा एकत्र करने की जगह) में लगी आग से निकलने वाले धुएं से लोगों ने सांस लेने में दिक्कत की शिकायत की। आग लगने के बाद सोमवार को धुआ उठ रहा है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, कचरे के पहाड़ से उत्पन्न गैस से रविवार शाम 'लैंडफिल' में आग लग गई। दमकल सेवा के महानिदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। कूड़े के ढेर का एक हिस्सा टूटने से टिन पैनल से बनी दीवार भी गिर गई। पोल्ट्री मार्केट की तरफ कई मीटर लंबी दीवार खड़ी की गई थी। घड़ोली के ग्रामीणों ने बताया कि घटना को 15 घंटे हो गए हैं। यह धुआं बहुत जहरीला है। हम जलन से आंखें खुली नहीं रख पा रहे हैं और सांस लेने में कठिनाई हो रही है। धुएं से वे बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। वहीं पुलिस ने घटना के कुछ घंटों बाद गाजीपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लैंडफिल में आग



पर्यावरण विभाग से रिपोर्ट मांगी

आग की वजहों और गर्मियों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए पर्यावरण विभाग को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने पर्यावरण व वन विभाग के प्रधान सचिव को 48 घंटे में रिपोर्ट देने को कहा है।

घटना की जांच होगी: आतिशी

आतिशी ने कहा कि आग के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जाएगी। कल उप महापौर आले मोहम्मद इकबाल ने दौरा किया था। आज महापौर शैली ओबेरॉय स्थिति का जायजा लेने मौके पर जाएंगी।

मेडिकल बोर्ड केजरीवाल को इंसुलिन देने का लेगी फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की अदालत ने सोमवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल की रक्त शर्करा के स्तर में उतार-चढ़ाव के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) से रोज 15 मिनट के लिए डॉक्टर से परामर्श लेने की याचिका रद कर दी। केजरीवाल ने अपनी पत्नी को भी वीसी में शामिल होने की अनुमति देने की मांग की थी।

राउज एवेन्यू अदालत की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की याचिका रद करते हुए कहा कि तिहाड़ जेल उनके चिकित्सा मुद्दों की देखभाल के लिए सुसज्जित है। कोर्ट ने जेल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि यदि केजरीवाल को विशेषज्ञ परामर्श की जरूरत होती है, तो उन्हें आवश्यक चिकित्सा उपचार दिया जाए। कोर्ट ने तिहाड़ अधिकारियों को केजरीवाल के शर्करा स्तर की निगरानी के लिए एम्स के निदेशक की मदद से मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल बोर्ड केजरीवाल को इंसुलिन देने के बारे में फैसला करेगा और आहार और व्यायाम योजना तय करेगा। केजरीवाल से अन्य कैदियों से अलग व्यवहार

● वीसी से डॉक्टर परामर्श वाली केजरीवाल की याचिका न्यायालय ने की खारिज

नहीं हो सकता। कोर्ट ने कहा कि निजी उपचार के अनुरोध की अनुमति केवल तभी दी जा सकती है जब जेल अधिकारी आवेदक को अपेक्षित चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने में असमर्थ हों। अदालत ने केजरीवाल को घर का बना खाना खाने की अनुमति दी, जो मेडिकल बोर्ड द्वारा तय आहार के अनुसार होगा। ईडी ने आरोप लगाया था कि केजरीवाल जमानत को शुगर लेवल बढ़ाने के लिए जेल में आम, मिठाई और चीनी वाली चाय ले रहे हैं। केजरीवाल ने आरोपों पर कहा कि घर के 48 भोजन में से केवल तीन बार आम भेजे गए। तिहाड़ अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि डॉक्टर 24 घंटे जेल में तैनात हैं और केजरीवाल के शर्करा को दिन में दो बार मापा जा रहा है।

फरीदाबाद: शादी के दिन सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद में सोमवार को महिला की शादी होने से कुछ घंटे पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मोल्डबैंड की अंकिता के मामा मिथिलेश ने बताया कि वह अपने भाई सुमनकित, चचेरे भाई निशांत और एक दोस्त के साथ शादी से पहले की रस्म के लिए विनय नगर में अपने चाचा के घर जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि उनकी कार सेक्टर 37 बाईपास रोड पर खड़े ट्रक से टकरा गई और चारों घायल हो गए। उन्हें पास के निजी अस्पताल ले जाया गया जहां अंकिता की मौत हो गई। अन्य को दिल्ली के ट्रॉमा सेंटर में रेफर किया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

हुबली हत्याकांड: सीएम ने मामला सीआईडी को सौंपा, विशेष अदालत का होगा गठन

शिवमोगा (कर्नाटक), एजेंसी

कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया ने सोमवार को कहा कि हुबली में हुई छात्रा की हत्या के मामले को सीआईडी को सौंपा गया है। साथ ही एक विशेष अदालत का गठन होगा। हुबली-धारवाड़ नगर निगम पार्षद और कांग्रेस नेता निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ की 18 अप्रैल को धारवाड़ के बीवीबी कॉलेज परिसर में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी फयाज खोंडुनाइक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

मुस्लिमों का फैयाज के खिलाफ प्रदर्शन

धारवाड़। नेहा हिरेमथ की हत्या के मामले में सोमवार को मुस्लिम पुरुष और महिलाएं सामने आईं और हिंदू छात्रा के परिवार का समर्थन करते हुए फैयाज खोंडुनाईक के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस कृत्य की निंदा करने के लिए मुस्लिमों ने दुकानें आधे दिन के लिए बंद रहीं। दुकानदारों ने पोस्टर लगाया जिस पर लिखा था, नेहा को न्याय दो। अंजुमन-ए-इस्लाम की धारवाड़ इकाई के नेतृत्व में छात्रों ने मार्च निकाला। वहीं भाजपा भी शहर में प्रदर्शन कर रही है इसलिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

महिला पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव के आरोप में 7 पर केस

बेलगावी, एजेंसी

● कर्नाटक में मुख्य आरोपी रफीक ने अपनी पत्नी के सामने पीड़िता से किया दुष्कर्म, लीं तस्वीरें

कर्नाटक में मुस्लिम दंपति सहित सात लोगों पर विवाहित महिला को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया गया है। आरोपियों ने महिला को धमकी दी कि यदि उसने उनकी बात नहीं मानीं, तो वे उसकी तस्वीरें वायरल कर देंगे। पीड़िता की शिकायत पर सौंदत्ती में सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

पीड़िता के अनुसार जो हिन्दू और विवाहित है, मुख्य आरोपी रफीक ने अपनी पत्नी के सामने उनसे दुष्कर्म किया। आरोपी ने महिला से यौन संबंध बनाए और तस्वीरें लीं, जिनका इस्तेमाल कर उसे धर्म परिवर्तन के लिए ब्लैकमेल किया गया। रफीक ने उस पर अपने पति से तलाक लेने, धर्म बदलने के लिए राजी नहीं होने पर तस्वीरों को वायरल करने, मारने की धमकी दी। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेदा ने कहा कि दंपति ने बुर्का पहनाया और नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया। संदिग्धों ने महिला को बेलगावी में रहने और आदेशों का पालन करने के लिए मजबूर किया था।

कर्नाटक पुलिस को भेजा नोटिस

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग ने कर्नाटक में महिला से दुष्कर्म और धर्मांतरण पर राज्य पुलिस को नोटिस भेजकर तीन दिन में जवाब देने को कहा है। आयोग ने बताया कि कर्नाटक में 28 वर्षीया महिला से दुष्कर्म और बलपूर्वक धर्मांतरण की खबरें मीडिया में हैं जो चिंताजनक और निंदनीय हैं। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मामले को लेकर राज्य के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है और तीन दिन में कार्रवाई की रिपोर्ट भेजने को कहा है। आयोग ने कहा है कि कर्नाटक में महिलाओं के बलपूर्वक धर्मांतरण के मामले बढ़ रहे है।

आज का मुकाबला

चेन्नई बनाम लखनऊ

समय : शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	08	379
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	06	324
रियान पराग (राजस्थान)	07	318

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	08	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	08	13
हर्षल पटेल (पंजाब)	08	13

हार से ऊर्जा और खिताब पाने की मिली प्रेरणा : गुकेश

नई दिल्ली, एजेंसी

अधिकांश खिलाड़ियों के लिये जीत सबसे बड़ी प्रेरणा होती है लेकिन इतिहास रचने वाले भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश उनमें से नहीं हैं। उनका कहना है कि सातवें दौर में फिरोजा अलीरजा से हारने के बाद उन्हें सबसे युवा कैंडिडेट्स शतरंज चैंपियन बनने की प्रेरणा मिली।

चेन्नई के 17 वर्ष के गुकेश के पिता ईएनटी सर्जन और मां माइक्रो बायोलॉजिस्ट हैं। उन्होंने चौदहवें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने। वह इस साल के आखिर में चीन के डिंग लिरेन से खेलेंगे। गुकेश ने टोरंटो से कहा कि मैं शुरू ही से अच्छा महसूस कर रहा था लेकिन सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद मैं निराश था। अगले दिन विश्राम का था और मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था। इस तरह की हार से मुझे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है।

गुकेश पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स खिताब जीतने वाले दूसरे ही भारतीय हैं। उन्होंने गैरी कास्पोरोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जो 1984 में 22 वर्ष की उम्र में सबसे युवा चैलेंजर बने थे। दुनिया के तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर ने कहा शुरू ही से फोकस प्रक्रिया पर भरोसा करने पर, सही मानसिकता के साथ अच्छी शतरंज खेलने पर था। पूरे टूर्नामेंट में मैने अच्छा खेला और मैं खुशकिस्मत था कि नतीजे पक्ष में रहे।

- कैंडिडेट्स शतरंज प्रतियोगिता के सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद चेन्नई के 17 वर्षीय युवा ने रचा इतिहास

खुश हूं, इत्मीनान है कि आखिरकार जीत गया

यह पूछने पर कि खिताब जीतकर कैसा लग रहा है, गुकेश ने कहा यह खूबसूरत पल था। मैं बहुत खुश था और इत्मीनान है कि आखिर जीत गया। गुकेश को जीत के लिये ड्रॉ की ही जरूरत थी और उन्होंने नकामूरा के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरती। दोनों का मुकाबला 71 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटा। दूसरी ओर फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाशिच की बाजी भी ड्रॉ रही। अगर दोनों में से कोई जीतता तो टाइब्रेक होता। गुकेश ने कहा मैं टाइब्रेकर की तैयारी कर रहा था। मैं अपने ट्रेनर से बात कर रहा था लेकिन जैसे ही बातचीत शुरू की, हमें पता चला कि अब इसकी जरूरत नहीं है।

अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी : नकवी

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के तैयार है।

लाहौर में नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट श्रृंखला खेलना शानदार होगा। नकवी ने कहा देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है। फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है।

- भारत के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने को लेकर बोले पीसीबी अध्यक्ष

खेल डायरी

सिटसिपास को हराकर रूड ने जीता बार्सीलोना ओपन

बार्सीलोना। नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्टेफानोस सिटसिपास से मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए बार्सीलोना ओपन टेनिस फाइनल में सीधे सेटों में हरा दिया। रूड ने 7-5, 6-3 से जीत दर्ज करके सत्र का पहला खिताब अपने नाम किया। वह इस साल तीन अन्य फाइनल हार चुके हैं। यह उनके कैरियर का 11वां खिताब और क्लेकोर्ट पर दसवां खिताब है। पिछली बार उन्होंने अप्रैल 2023 में एस्टोरिल में खिताब जीता था। पिछले साल फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहे रूड की नजरें अब रोलां गैरो पर खिताबी जीत दर्ज करने पर लगी है।

भारत को अमेरिकी पिकलबॉल प्रतियोगिता में 10 पदक

मुंबई। स्ताव्य भसीन, धीरेन पटेल और हेमल जैन ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारत अमेरिकी ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में 10 पदक जीतने में सफल रहा। भारत ने फ्लोरिडा में 14 से 20 अप्रैल तक हुई इस प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीते। भसीन ने जूनियर एकल में स्वर्ण पदक जीता जबकि पटेल पुरुष एकल 5.0 में शीर्ष पर रहे। हेमल ने पुरुष एकल 3.5 में शीर्ष स्थान हासिल किया। भसीन ने पुरुष युगल 5.0 में रजत और जूनियर पुरुष युगल तथा जूनियर मिश्रित युगल में कांस्य पदक सहित कुल चार पदक जीते। रोनव मोटवानी ने पुरुष युगल 5.0 और जूनियर एकल में दो रजत पदक जीतने के अलावा जूनियर पुरुष युगल में कांस्य पदक जीता। पुरुष एकल 5.0 में हिमांशु देवास्कर ने कांस्य पदक के साथ भारत के पदकों की संख्या को दोहरे अंक तक पहुंचाया।

ओलंपिक फाइनल में जगह बनाने वाली धावक पर लगा प्रतिबंध

मोनाको। तोक्यो ओलंपिक की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाली इथोपिया की धावक जेरफे वोंडेमेगेन को दो प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। वोंडेमेगेन पिछले साल मामूली अंतर से विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से चूक गईं थी। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने कहा कि वोंडेमेगेन के नमूनों में टेस्टोस्टोरोन और ईपीओ के अंश मिले हैं जो रक्त को अधिक ऑक्सीजन ले जाने में मदद करते हैं। वोंडेमेगेन ने डोपिंग रोधी नियमों को तोड़ने की बात स्वीकार कर ली है। वोंडेमेगेन 2021 तोक्यो ओलंपिक में आठवें स्थान पर रहीं थी।

भावेश, सिमरनप्रीत ने 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक ट्रायल जीता

नई दिल्ली। भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बरार ने पहले ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में ओएसटी 2 जीत लिया। कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर चल रहे ट्रायल में भावेश ने फाइनल में 34 स्कोर किया और ओएसटी 1 के विजेता अनीश भानवाला (29) से आगे रहे। विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, महिला वर्ग में सिमरनप्रीत ने पांच पांच शॉट की पहली दस सीरिज में 37 स्कोर किया। उन्होंने ओएसटी 1 विजेता और ओलंपियन मनु को पछाड़ा जिन्होंने 35 स्कोर किया।

मार्श की मांसपेशियों में खिंचाव, आईपीएल से बाहर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मिशेल मार्श मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। मार्श ने इस सत्र में अब तक दिल्ली के आठ मैचों में से केवल चार में भाग लिया है। इस साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में इस 32 वर्षीय खिलाड़ी के ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करने की उम्मीद है। ऐसे में उनके आईपीएल के मौजूदा सत्र में वापसी करने की संभावना लगभग नहीं है। पोंटिंग ने दिल्ली कैपिटल्स की कहा, मुझे नहीं लगता कि वह वापस आएगा। वैकल्पिक खिलाड़ियों के लिए एक निश्चित समय सीमा होती है।

मुंबई को भारी पड़ा यशस्वी का शतक

राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से हराया, संदीप ने झटके पांच विकेट

जयपुर, एजेंसी

संदीप शर्मा की 18 रन देकर पांच विकेट की घातक गेंदबाजी के बाद यशस्वी जायसवाल नाबाद (104) और संजू सैमसन नाबाद (38) की शानदार पारियों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के 38वें मैच में मुंबई इंडियंस को नौ विकेट हरा दिया है। यह राजस्थान की आठ मैचों में सातवीं जीत हैं।

राजस्थान रॉयल्स ने 180 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और जॉस बटलर की जोडनी अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 74 रन जोड़े। सातवें ओवर में पीयुष चावला ने जॉस बटलर को आउट कर मुम्बई को पहली सफलता दिलाई। बटलर ने 25 गेंदों में 35 रन बनाए। कप्तान संजू सैमसन ने 28 गेंदों में नाबाद 38 रन बनाए। वहीं यशस्वी जायसवाल ने 59 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के लगाते हुए नाबाद 104 रनों की पारी खेली। राजस्थान ने 18.4 ओवर में एक विकेट पर 183 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से जीत लिया। मुम्बई की ओर से पीयुष चावला को एक विकेट मिला। हालांकि मैच के दौरान हुई बारिश के कारण कुछ देर खेल रुका रहा। लेकिन मुम्बई के गेंदबाज उसका फायदा नहीं उठा सके।

इससे पहले तिलक वर्मा (49) और नेहाल वढेरा (49) की शानदार पारियों के दम पर मुंबई इंडियंस ने राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 180 रनों का लक्ष्य दिया था। सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने रोहित शर्मा (6) का विकेट गवां दिया। अगले ही ओवर में इशान किशन बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। सूर्यकुमार यादव (10) रन बनाकर आउट हुए। उसके बाद तिलक वर्मा और वढेरा ने तिलक के साथ पांचवें विकेट लिए 99 रनों की साझेदारी कर टीम के स्कोर को मजबूती दी। नेहाल वढ़ेरा ने 24 गेंदों में 49 रनों की अहम पारी खेली लेकिन वह अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर पाए।

अंपायरों से बातचीत करते कप्तान हार्दिक पंड्या और रोहित शर्मा। ● एजेंसी

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	8	7	1	14	+0.698
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	7	5	2	10	+0.941
चेन्नई	7	4	3	8	+0.529
लखनऊ	7	4	3	8	+0.123
गुजरात	8	4	4	8	-1.055
मुंबई	8	3	5	6	-0.227
दिल्ली	8	3	5	6	-0.477
पंजाब	8	2	6	4	-0.292
बेंगलुरु	8	1	7	2	-1.046

मुंबई 179/9

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा का सैमसन बो बोल्ट	6	5	1/0
इशान किशन का सैमसन बो संदीप	0	3	0/0
सूर्यकुमार यादव का पावेल बो संदीप	10	8	2/0
तिलक वर्मा का पावेल बो संदीप	65	45	5/3
मोहम्मद नबी का एवं बो चहल	23	17	2/1
निहाल वढेरा का संदीप बो बोल्ट	49	24	3/4
हार्दिक पंड्या पगबाधा बो आवेश	10	10	1/0
टिम डेविड का पराग बो संदीप	3	5	0/0
गेराल्ड कोएट्जी का हेटमायर बो संदीप	0	1	0/0
पीयूष चावला नाबाद	1	1	0/0
जसप्रीत बुमराह नाबाद	2	1	0/0

गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-32-2, संदीप 4-0-18-5, आवेश 4-0-49-1, अश्विन 4-0-31-0, चहल 4-0-48-1

राजस्थान 183/1

18.4 ओवर, अतिरिक्त : 6

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल नाबाद	104	60	9/7
जोस बटलर बो चावला	35	25	6/0
संजू सैमसन नाबाद	38	28	2/2

गेंदबाजी : पंड्या 2-0-21-0, बुमराह 4-0-37-0, तुषारा 3-0-28-0, कोएट्जी 2-0-25-0, नबी 3-0-30-0, चावला 4-0-33-1, वर्मा 0.4-0-8-0

बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे नडाल

बर्लिन। महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है। नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था।

नडाल ने कहा अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं। नडाल लंबे समय से चोटों से जूझ रहे है और इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में। 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप इनडोर पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यूरोप के बीच खेली जाती है।

चेपॉक में मिलेगी लखनऊ को चुनौती

चेन्नई, एजेंसी

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था।

केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिए कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई।

- पिछले सप्ताह लखनऊ में चेन्नई सुपर किंग्स को करना पड़ा था हार का सामना

भाग्यशाली थे, कोहली का विकेट मिल गया : सॉल्ट

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उनकी टीम खुशकिस्मत थी कि विराट कोहली के विकेट का फैसला उनके पक्ष में रहा। केकेआर ने इस रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को एक रन से हराया।

कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए सात गेंद में 18 रन बनाकर हर्षित की फुलटॉस गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए। उनकी टीम जीत के लिए 223 रन का पीछा करते हुए एक रन से मैच हार गई। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला होता है। सॉल्ट ने कहा कि इस फैसले पर अलग-अलग मत हो सकता है। हमारे नजरिए से हम खुशकिस्मत थे कि यह फैसला हमारे पक्ष में रहा।

- इंग्लैंड के बल्लेबाज ने समझाया कैसे काम करती है हॉक-आई प्रणाली

कोहली पर लगा मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

नई दिल्ली। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आईपीएल मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर आउट करार दिए गए थे। इस गेंदबाज ने ही कोहली का कैच लपका। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है।

बॉलीवुड हलचल

फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही हुमा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी अपनी आने वाली फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। हुमा कुरैशी इन दिनों विपुल मेहता के निर्देशन में बन रही फिल्म गुलाबी की शूटिंग गुजरात में कर रही है। इस फिल्म का निर्माण जिसे जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे और इकोलोन प्रोडक्शंस के विशाल राणा कर रहे हैं।यह फिल्म अहमदाबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें हुमा ऑटो रिक्शा ड्राइवर की भूमिका निभा रही हैं। वह ऑटो रिक्शा चलाने के साथ-साथ पढ़ना चाहती है और दूसरे लोगों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करती है। हुमा कुरैशी फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। विशाल राणा ने बताया, हम तपती गर्मी की चुनौतियों बीच वहां के क्षेत्रीय लोगों के साथ शूट कर रहे हैं। हुमा बहुत सशक्त अभिनेत्री हैं। वह बिना किसी शिकायत के दिन के बारह-बारह घंटे शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने काफी लंबा और सशक्त सीन सिर्फ एक टेक में शूट किया। कैमरे के सामने वह जितने शानदार तरीके से विविध भावनाएं प्रस्तुत करती हैं, उससे हम सब बहुत प्रभावित हैं।

अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे अमिताभ

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन अपनी आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ''कल्कि 2898 एडी'' के निर्माताओं ने इस फिल्म में अमिताभ के किरदार से पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म का एक छोटा सा टीजर वीडियो शेयर किया गया, जिसमें देखने को मिला कि सफेद कपड़े से ढका हुआ एक शख्स गुफा में बैठकर शिव लिंग की पूजा कर रहा है। फिर एक बच्चे की आवाज सुनाई देती है, जो उससे पूछ रहा है कि क्या तुम मर नहीं सकते, तुम भगवान हो। कौन हो तुम। इसके बाद अमिताभ बच्चन कहते हैं मैं द्वापर युग से दशावतार की प्रतीक्षा कर रहा हूं। द्रोणाचार्य का पुत्र हूं अश्वत्थामा। नागअश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' बहुभाषी फिल्म है।

युकी ने बीएमडब्ल्यू ओपन टेनिस में जीता युगल खिताब

म्यूनिख। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी जोड़ी ने बीएमडब्ल्यू ओपन 2024 टेनिस टूर्नामेंट में युगल खिताब जीत लिया है। जर्मनी के म्यूनिख में गैरवरीयता प्राप्त भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने जर्मन एंड्रियास मिज और जान-लेनार्ड स्ट्रफ की जोड़ी को एक घंटे 51 मिनट में तक चले फाइनल मुकाबले में 7-6(6), 7-6(5) से हराया। इंडो-फ्रेंच जोड़ी का पहला खिताब है।

इससे पहले सेमीफाइनल में भांबरी-ओलिवेट्टी ने ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एर्लर और लुकास मीडलर को 6-1, 6-7(5), 10-7 से हराया और क्वार्टरफाइनल में उन्होंने अमेरिकी जोड़ी रॉबर्ट गैलोवे और इवान किंग को 6-3, 6-3 से पराजित किया था। शुरुआती दौर में, भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने बेल्जियम की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी सैंडर गिल और जोरान व्लिगेन की जोड़ी को 95 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 7-6(5),10-6 से हराया था।

मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था : मरीना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम के 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने वाली मिजोरम की युवा और ऊर्जावान मिडफील्डर मरीना लालरामनघाकी ने कहा कि मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था। अपने चयन को लेकर मरीना ने कहा कि जब मुझे कोर ग्रुप में मेरे चयन की खबर मिली तो मैं खुशी से अभिभूत हो गई। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा क्षण था और मेरी आँखे भर आई। मुझे हमेशा आत्मविश्वास था मेरी क्षमताओं और सफल परीक्षणों ने मेरे विश्वास की पुष्टि की।

उन्होंने कहा मेरा अंतिम लक्ष्य 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की सफलता में योगदान देना है। हालांकि, वर्तमान में मेरा ध्यान भारतीय टीम की टीम में जगह बनाना है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। हॉकी में मरीना का सफर 10 साल की उम्र में स्कूल के दिनों से शुरू हुआ। उनकी प्रतिभा को जल्द ही पहचाना गया, जिससे उनका चयन मिज़ोरम के थेनजॉल में साई महिला हॉकी अकादमी में हो गया।

- 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने पर मिजोरम की युवा मिडफील्डर मरीना ने जताई खुशी
- 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप व 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में जाना है लक्ष्य

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

अमेरिकी सेना में शामिल होंगे भारतीय सेना के प्रतिनिधि

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी सेना में जल्द ही भारतीय सैन्य प्रतिनिधियों की तैनाती होने जा रही है। कर्नल रैंक के ये प्रतिनिधि 3 अमेरिकी सैन्य कमांड में रहेंगे। इसका फैसला पिछले साल जून में हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाशिंगटन यात्रा के दौरान हुआ था।

अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक, ऐसा पहली बार हो रहा है जब अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने किसी देश के सैन्य प्रतिनिधि को अपनी तीनों प्रमुख कमांड में रहने का मौका दिया है। कमांड में भारतीय प्रतिनिधि की लायजनिंग ऑफिसर के तौर पर मौजूदगी का मकसद दोनों देशों के बीच अहम सूचनाओं का आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है। इससे अमेरिका और भारत के रक्षा बलों के बीच संचालन क्षमता भी बढ़ेगी। फैसले के मुताबिक भारत की कमांड में भी अमेरिकी रक्षा अधिकारी तैनात होंगे। दोनों देशों का मानना है कि एक-दूसरे की सेना में इस तरह की नियुक्ति से आपसी सैन्य सहयोग बढ़ेगा। बता दें कि इस समय भारत दुनिया के विभिन्न देशों में अपने रक्षा प्रतिनिधि तैनात कर रहा है। अभी 62 देशों में भारत के रक्षा सलाहकार मौजूद हैं। इनकी संख्या 2030 तक बढ़ाकर 75 की जाएगी।

भारतीयों की यूरोप यात्रा को आसान बनाएगा शेंगेन वीजा

लंदन। भारत से यूरोपीय संघ के देशों की यात्रा करने वाले लोगों के लिए अब पांच साल के लिए मल्टीपल एंट्री वाले शेंगेन वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। दरअसल इस संबंध में भारतीयों के लिए यूरोपीय संघ द्वारा कुछ नियमों में बदलाव किया गया है। यूरोपीय संघ के भारतीय राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा कि यह नई व्यवस्था से दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने बताया कि भारत के लोगों के लिए इस वीजा के लिए 18 अप्रैल को कुछ नियमों में परिवर्तन किया गया। ये नियम वर्तमान वीजा के मानकों से कुछ अलग हैं। तीन वर्षों के भीतर दो वीजा प्राप्त करने और उनका वैध रूप से उपयोग करने वाले भारतीय नागरिकों को अब दो साल के लिए बहु-प्रवेश (मल्टीपल एंट्री) शेंगेन वीजा जारी किया जाएगा।

पिछले साल सांसदों-विधायकों पर दर्ज 2 हजार मामलों का हुआ निपटारा

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान बताया गया कि पिछले साल देश में सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज कुल मामलों में से दो हजार से ज्यादा मामलों में फैसला हुआ। वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने एक हलफनामा दायर कर यह जानकारी दी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें मांग की गई है कि जनप्रतिनिधियों के खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई में तेजी लाई जानी चाहिए। इस मामले में कोर्ट ने वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया को न्याय मित्र नियुक्त किया है।

- 2019 के लोकसभा चुनाव में भी 7928 उम्मीदवारों में से 1500 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें से 1070 उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। 17वीं लोकसभा (2019-2024) के लिए चुने गए 514 उम्मीदवारों में से 225 सदस्यों यानी कि 44 फीसदी के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे। मामले में सुप्रीम कोर्ट की मदद कर रहे वकील हंसारिया ने हलफनामे में बताया कि 1 जनवरी 2023 तक 4,697 आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें से 2,018 मामलों में बीते साल फैसला हो गया। हलफनामे में बताया गया कि साल 2023 में नेताओं के खिलाफ 1746 नए मामले दर्ज हुए। ऐसे में 1 जनवरी 2024 तक नेताओं के खिलाफ लंबित आपराधिक मुकदमों की कुल संख्या 4,474 हो गई है।
- उच्च न्यायालयों से प्राप्त जानकारी के आधार पर एक सूची भी दाखिल की, जिसमें एक जनवरी, 2023 तक सांसदों के खिलाफ 4,697 आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए थे और पिछले वर्ष 2,018 मामलों पर फैसला सुनाया गया। हलफनामे के मुताबिक, 2023 में सांसदों और विधायकों के खिलाफ 1,746 नये आपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए और एक जनवरी, 2024 तक कुल 4,474 मुकदमे लंबित हैं।

जनप्रतिनिधियों के खिलाफ सुनवाई में आई तेजी

विजय हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद एमपी/एमएलए कोर्ट में सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई में तेजी आई है। हालांकि कोर्ट द्वारा और दिशा निर्देश दिए जाने चाहिए ताकि लंबित मामलों की भी जल्द सुनवाई हो सके। हलफनामे में कहा गया है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों की समीक्षा के लिए उच्च न्यायालयों द्वारा सख्ती से समीक्षा की जानी चाहिए। वकील विजय हंसारिया ने कोर्ट में एनजीओ एडीआर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में कुल 2,810 उम्मीदवारों में से 501 उम्मीदवार यानी कि 18 प्रतिशत उम्मीदवार दागी हैं। इनमें से भी 327 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें जनप्रतिनिधि अगर दोषी पाए गए तो उन्हें पांच साल या ज्यादा की सजा हो सकती है।

इन राज्यों में निपटाए गए मामले

हलफनामे के अनुसार, उत्तर प्रदेश की एमपी-एमएलए कोर्ट में दर्ज 1300 मामलों में से 766 बीते साल निपटाए गए। दिल्ली में दर्ज 105 मामलों में से 103 का निपटारा बीते साल कर दिया गया। इसी तरह महाराष्ट्र में 476 मामलों में से 232 में फैसला हो गया। बंगाल के 26 में से 13 में, कर्नाटक में 226 में से 150 मामलों, केरल में 370 में से 132, बिहार में 525 मामलों में से 171 में फैसला हो चुका है। हलफनामे के अनुसार, लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के लिए कुछ सुझाव दिए गए हैं। जिनके अनुसार, तीन साल से ज्यादा समय से लंबित मामलों में राज्यों के संबंधित हाईकोर्ट्स समीक्षा रिपोर्ट तलब करें। साथ ही मांग की गई कि नेशनल ज्यूडिशियल डाटा ग्रिड की तरह एक वेबसाइट बनाई जाए, जिससे लंबित मामलों की रियल टाइम जानकारी इस पर अपलोड की जाए। सुप्रीम कोर्ट के जज की अध्यक्षता में एक समिति बनाने की मांग की गई है, जो लंबित मामलों की समीक्षा करे।

एक नजर

मंगलुरु ताड़ के जलते पत्तों को एक-दूसरे पर फेंकते श्रद्धालु

मंगलुरु। कर्नाटक के कतील में दुर्गा परमेश्वरी मंदिर में हर साल अप्रैल में अग्नि केली उत्सव मनाया जाता है। इस उत्सव में भाग लेने वाले श्रद्धालु 8 दिन का उपवास करते हैं। उत्सव के आखिरी दिन वे ताड़ के जलते पत्तों को एक-दूसरे पर फेंकते है, मान्यता है कि इससे देवी-देवता खुश हो जाते हैं।

श्रीलंका में भी होगी रामायण यात्रा विकसित करने में मदद करेगा भारत

कोलंबो। श्रीलंका में रामायण से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को विकसित करने के लिए रामायण ट्रेल की का उद्घाटन किया गया है। इसे लेकर श्रीलंका में भारतीय राजदूत संतोष झा ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अधिकारियों से अपने आवास में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान इस बात पर चर्चा की गई कि श्रीलंका में रामायण से जुड़ी ऐतिहासिक जगहों को जोड़ने के लिए भारत द्वारा क्या मदद की जा सकती है। इस दौरान भारतीय राजदूत ने ट्रस्ट के ट्रेजरी गोविंद देव गिरी महाराज से भी मुलाकात की। बता दें कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या राम मंदिर के निर्माण को तैयार करने वाली संस्थाओं में से एक है।

पाकिस्तानः भारतीय सिख तीर्थयात्री की दिल का दौरा पड़ने से मौत

लाहौर। पाकिस्तान गए एक सिख तीर्थयात्री की सोमवार को दिल का दौरा पड़ने के कारण मौत हो गई। इवैकुई ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने बताया कि पटियाला निवासी सरदार जांगीर सिंह (67) की सोमवार को दिल का दौर पड़ने के बाद मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को वाघा सीमा पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को सौंप दिया गया। बता दें, बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए 13 अप्रैल को वाघा सीमा के जरिए पाकिस्तान पहुंचे लगभग 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री सोमवार को स्वदेश रवाना हो गए।

स्वदेश लौटने के बाद पहली विदेश यात्रा पर चीन जाएंगे नवाज

इस्लामाबाद। तीन बार पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ सोमवार को चीन की पांच दिवसीय निजी यात्रा पर जाएंगे। यहां वह अपना मेडिकल चेकअप कराएंगे। ब्रिटेन में चार साल के आत्म-निर्वासन के बाद पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान लौटने के बाद शरीफ की यह पहली अंतर्राष्ट्रीय यात्रा होगी। पीएमएल-एन सुप्रीमो के साथ उनकी 'निजी यात्रा' पर विदेश मंत्री इशाक डार भी होंगे। यात्रा के दौरान उनका मेडिकल चेकअप होगा और चीनी कंपनियों के मालिकों के साथ विकास कार्यों बैठकें भी करेंगे।

सियाचिन साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प की राजधानीः राजनाथ

दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र पहुंचे रक्षा मंत्री, बोले- यह सामान्य भूमि नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और इसे भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी बताया। उन्होंने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से भी बातचीत की। उन्होंने उनके साथ मिठाइयों का आदान-प्रदान भी किया।

राजनाथ सिंह ने कहा, दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर आप जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं, उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। सियाचिन की भूमि कोई सामान्य भूमि नहीं है। यह देश की संप्रभुता और दृढ़ता का प्रतीक है।

राजनाथ सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, 'सियाचिन हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है और हमारी तकनीकी राजधानी बेंगलुरु है। सियाचिन भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी है।' इस अवसर पर सेना प्रमुख मनोज पांडे भी रक्षा मंत्री के साथ रहे। इस अवसर पर, लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में कुमार की पोस्ट पर 'भारत माता की जय' के नारे हवा में गूंज उठे क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बातचीत के बाद जवानों ने नारे लगाए। राजनाथ सिंह 24 मार्च को सैनिकों के साथ होली मनाने के लिए सियाचिन जाने वाले थे, लेकिन 'खराब मौसम' के कारण कार्यक्रम को बदलकर लेह कर दिया गया, जहां रक्षा मंत्री ने लेह सैन्य स्टेशन पर सशस्त्र बलों के साथ इस अवसर का जश्न मनाया।



सियाचिन के बेस कैंप में सैनिकों से बात करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे।

एमआई 8 हेलीकॉप्टर्स ने सुरक्षित की सियाचिन युद्धसीमा

भारतीय वायुसेना के हंटर विमान ने लेह के ऊंचाई वाले हवाई क्षेत्र से लड़ाकू अभियान शुरू किया। लेह से जैसे-जैसे ग्लेशियर के ऊपर बड़ी संख्या में हमले किए जाने लगे, इसने ग्लेशियर पर तैनात भारतीय सैनिकों का मनोबल बढ़ाने का काम किया। इसके बाद चीता और एमआई 8 हेलीकॉप्टर्स ने उड़ान भरी और बिलाफोंड ला और सिया ला चोटियों को सुरक्षित कर लिया। बाद में पूरे ग्लेशियर को ही सुरक्षित कर लिया।

सैन्य खुफिया प्रमुख ने विफलताओं की जिम्मेदारी ले पद से दिया इस्तीफा

तेल अवीव। इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के सात अक्टूबर के हमले को लेकर इस्तीफा दे दिया है। इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा, हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं। हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं, जिसने इजरायल की सुरक्षा में सेंध लगायी थी। युद्ध के कुछ ही समय बाद, हलीवा ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि सरकार और सेना को खुफिया चेतावनियां और दैनिक अलर्ट प्रदान करने के लिए जिम्मेदार सैन्य विभाग के प्रमुख के रूप में हमले को न रोक पाने का दोष उन पर है और वह इस आरोप को स्वीकार करते हैं। आपको बता दें कि सात अक्टूबर को हमास के आतंकियों की तरफ से किए गए हमले में करीब 1200 लोगों की मौत हो गई थी 200 से ज्यादा नागरिकों को बंधक बना लिया गया था।

हर साल की तरह लिरिड आसमानी आतिशबाजी शुरू

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : लिरिड उल्कापात यानी रोमांचक आसमानी आतिशबाजी सोमवार रात से शुरू हो गई है। जिसके आज रात तक चरम पर रहने की संभावना है। यह उल्कावृष्टि हर वर्ष इसी दौरान होती है। जो 23 अप्रैल रात तक चरम पर रहेगी।

आकाशीय घटनाओं में उल्कावृष्टि सर्वाधिक रोमांचक मानी जाती है। साल में कई मौके आते हैं, जब इस खगोलीय घटना का लुत्फ उठाया जा सकता है। लिरिड उल्का बौछार हर साल जनवरी की शुरुआत और अप्रैल के अंत के बीच होती है। इस वर्ष 22 अप्रैल से शुरू हो गई है। जिसके 23 अप्रैल की रात तक जारी रहने की संभावना है।

हालांकि चांदनी रात के कारण इस घटना मे उल्काओं की संख्या कम ही देखी जा सकती है, लेकिन बड़े आकार के रंगबिरंगी उल्काओं को देखने का मौका अवश्य मिलेगा। बुधवार से उल्काओं की संख्या मे कमी आ जाएगी। मगर 29 अप्रैल तक इस घटना को देखा जा सकेगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि प्रति घंटे 10 से 15 लिरिड्स उल्कापात देखे जा सकते हैं। चांदनी रात के कारण इस वर्ष भले ही इनकी संख्या कम नजर आएगी, लेकिन पूर्व में इनकी संख्या 100 प्रति घंटे की दर से भी देखी गई हैं।

नैनीताल से लिया गया उल्कावृष्टि का नजारा (फाइल फोटो)

एस्ट्रोटूरिज्म का रोमांचक हिस्सा है उल्कावृष्टि

उल्कावृष्टि एस्ट्रोटूरिज्म का सर्वाधिक लोकप्रिय हिस्सा माना जाता है। हालांकि भारत में इस पर्यटन को लेकर अधिक लोग नही जानते हैं, लेकिन यूरोपीय देशों में यह पर्यटन के क्षेत्र में बड़ी भागीदारी निभाता है। भारत में इस पर्यटन की शुरुआत करीब एक दशक पहले हुई। पर्वतीय क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता है।

मणिपुर में जातीय हिंसा के बाद मानवाधिकारों का हुआ हनन

वाशिंगटन। अमेरिकी विदेश विभाग ने सोमवार को मानवाधिकारों पर अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि मणिपुर में जातीय हिंसा फैलने के बाद राज्य में व्यापक तौर पर मानवाधिकारों का हनन हुआ है।

अमेरिकी संसद द्वारा स्वीकार की गई विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट में भारत में बीबीसी कार्यालय पर छापेमारी और गुजरात की एक अदालत द्वारा एक मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दोषी ठहराए जाने और उन्हें दो साल की सजा का भी उल्लेख किया है। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की रिपोर्ट में वर्ष 2023 में मानवाधिकारों और अभिव्यक्ति एवं एकत्र होने की स्वतंत्रता के मुद्दे पर कुछ सकारात्मक घटनाक्रम का भी उल्लेख किया गया है।

अमेरिकी नागरिकता पाने में दूसरे नंबर पर भारतीय

वाशिंगटन, एजेंसी

- रिपोर्ट में खुलासा, 2022 में 66 हजार भारतीय बने अमेरिकी नागरिक, पहले स्थान पर मैक्सिको

अमेरिका की नवीनतम संसदीय रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 65,960 भारतीय आधिकारिक तौर पर अमेरिका के नागरिक बन चुके हैं। इसी के साथ मैक्सिको के बाद भारत अब अमेरिका के लिए नए नागरिकों का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बन चुका है। 2022 तक चार करोड़ 60 लाख विदेशी मूल के नागरिक अमेरिका में निवास कर रहे थे, जो कि 33 करोड़ 30 लाख जनसंख्या वाले देश का 14 प्रतिशत है।

15 अप्रैल की नवीनतम यूएस नेचुरलाइजेशन पॉलिसी रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022 में 969,380 लोग नियमानुसार अमेरिकी नागरिक बने। अमेरिका में नियमानुसार नागरिकता मिलने के मामले में मैक्सिको पहले स्थान पर है, इसके बाद भारत, फिलीपींस, क्यूबा और डोमिनिकन गणराज्य के लोग शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में मैक्सिको के 1,28,878 लोगों को अमेरिकी नागरिकता दी गई थी। उनके अलावा भारत के 65,960,फिलीपींस के 53,413, क्यूबा के 46,913, डोमिनिकन गणराज्य के 34,525, वियतनाम के 33,246 और चीन के 27,038 नागरिकों को अमेरिकी नागरिकता दी गई थी। 2023 तक अमेरिका में विदेशी मूल के नागरिकों में 28,31,330 लोग भारत से थे।

हिमालय में 27 फीसद हिमनद झीलों का हुआ विस्तार : इसरो

नई दिल्ली। इसरो ने सोमवार को कहा कि हिमालय क्षेत्र में चिह्नित हिमनद झीलों में से 27 प्रतिशत से अधिक का 1984 के बाद से विस्तार हुआ है और इनमें से 130 भारत में हैं। इसरो ने कहा कि 1984 से 2023 तक भारतीय हिमालयी नदी घाटियों के जलग्रहण क्षेत्रों से संबंधित दीर्घकालिक उपग्रह छवियां हिमनद झीलों में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देती हैं।

बता दें, 2016-17 के दौरान 10 हेक्टेयर से बड़ी 2,431 झीलों में से 676 हिमनद झीलों का 1984 के बाद से उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। इसरो ने कहा कि 676 झीलों में से 601 का विस्तार दोगुने से अधिक हो गया है, जबकि 10 झीलों का विस्तार डेढ़ से दोगुना और 65 झीलों का विस्तार 1.5 गुना हो गया है।

रथ खींचने की मची होड़

मदुरै : तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में चिथिराई उत्सव के मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने श्री थायुमानवर मंदिर के रथ खींचे। यह रथ शहर की सड़कों से होकर गुजरा। इसी के साथ मट्टुवरकुझालम्मी के देवता का भी रथ खींचा गया। उत्सव के 11वें दिन चिथिराई के मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु मीनाक्षी अम्मन मंदिर में एकत्रित हुए। यह उत्सव 12 अप्रैल से शुरू हुआ था। इस दौरान भक्तों ने मीनाक्षी सुंदर महादेव, सोम सुंदर महादेव, हर हर शंकर महादेव, संबो शंकर-महादेव, कदंबवन सुंदर - महादेव और आल्लाला सुंदर महादेव का जाप करते हुए रथ खींचा। ● एजेंसी

सराहना 25 जनवरी को 132 लोगों को सम्मानित करने की हुई थी घोषणा, शेष हस्तियों को अगले सप्ताह करेंगे अंलकृत

यूपी की 9 विभूतियों समेत 67 को पद्म पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को 67 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कारों से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे।

25 जनवरी को 132 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की थी, जिनमें 5 लोगों को पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री शामिल थे। सोमवार को उत्तर प्रदेश के 9 समेत 67 विभूतियां ही सम्मानित हुई, बाकी को अगले हफ्ते सम्मानित किया जाएगा। द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, बिंदेश्वर पाठक (मरणोपरांत) और पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया।

मिथुन चक्रवर्ती को पद्म भूषण से सम्मानित करतीं राष्ट्रपति।

बिंदेश्वर पाठक की पत्नी अमोला पाठक ने पुरस्कार ग्रहण किया।

इसके बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, सिंगर उषा उथुप और सीताराम जिंदल समेत कुछ लोगों को पद्म भूषण दिया। इसके अलावा मनोहर कृष्ण डोले और रामचेत चौधरी समेत कुछ हस्तियों को पद्मश्री दिया गया। पद्मश्री पुरस्कार ऐसे लोगों को दिया जा रहा है, जो अब तक गुमनाम थे। इनमें असम की रहने वाली देश की पहली महिला महावत पार्वती बरुआ और जागेश्वर यादव का नाम शामिल है। इसके अलावा चार्मी मुर्मू, सोमन्ना, सर्वेश्वर, सांगथाम समेत कई बड़े नाम भी हैं। पद्म पुरस्कार विजेताओं में 30 महिलाएं हैं।

खलील अहमद-कला (मिर्जापुर)

नसीम बानो -कला (लखनऊ)



पं. सुरेन्द्र मोहन मिश्र-कला (मरणोपरांत) (वाराणसी)

गोदावरी सिंह-कला (वाराणसी)

उर्मिला श्रीवास्तव-कला (मिर्जापुर)



बाबूराम यादव-कला (मुरादाबाद)



प्रो. राम चेत चौधरी-विज्ञान इंजीनियरिंग (गोरखपुर)

डॉ. राधे श्याम पारीक मेडीसिन (आगरा)



प्रो. नवजीवन रस्तोगी साहित्य एवं शिक्षा

पहली बार सांसारिक जीवन त्याग 35 मुमुक्षुओं ने ली दीक्षा

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में 35 मुमुक्षुओं ने सांसारिक जीवन त्याग कर सोमवार को दीक्षा ली। दीक्षा समिति के संयोजक संजयभाई वोरा ने बताया कि इतिहास में पहली बार एक ही मंडप के नीचे 35 जैन दीक्षाओं का उत्सव महानायक परम पूज्य आचार्य श्री विजय योगतिलकसूरीश्वर जी महाराज के पवित्र हाथों से किया गया।

15 आचार्य भगवंतों के साथ ही करीब 400 जैन साधु-साध्वीजीयों की छत्रछाया में 35 मुमुक्षुओं को ओघो अर्पित किया जिनमें 15 भाई और 20 बहनें थीं। मुमुक्षु उस व्यक्ति के लिए एक संस्कृत शब्द है जो मुक्ति प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करता है और ज्ञान और सत्य का साधक है। पुनर्जन्म चक्र से मुक्त होने के लिए, एक मुमुक्षु का लक्ष्य मोक्ष प्राप्त करना होता है।

जो ट्रेलर में हो वो फिल्म में भी हो ये जरूरी नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के आदेश को निरस्त करते हुए पलटा फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के एक आदेश को रद करते यशराज के पक्ष में बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (22 अप्रैल) को कहा कि ट्रेलर में एक गीत, संवाद या एक संक्षिप्त दृश्य का उपयोग फिल्म की रिलीज के बारे में चर्चा पैदा करने के लिए किया जाता है। यह कतई जरूरी नहीं की जो ट्रेलर में हो वो फिल्म में देखने को मिले।

बता दें कि यह इस मामले में पहले एनसीडीआरसी ने यशराज फिल्म्स को 'फैन' के एक गाने को फिल्म से बाहर करने से नाराज उपभोक्ता को मुकदमे की लागत के अलावा 10 हजार रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया था। फिल्म निर्माण फर्म की ओर से दाखिल की गई अपील को स्वीकार करते हुए जस्टिस पीएस नरसिम्हा और अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता का मानना कि जो प्रमोशनल ट्रेलर में है वो ही फिल्म में भी होगा यह गलत है।

जबकि, सुप्रीम कोर्ट का फैसला यश राज फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एनसीडीआरसी के एक आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर सुनवाई करते हुए आया है। एनसीडीआरसी ने आफरीन फातिमा जैदी नाम की महिला को 10 हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि प्रोमो में गाना 'जबरा फैन' शामिल था, लेकिन जब उन्होंने फिल्म देखी तो गाना गायब था, इसके बाद शिकायत दर्ज कराई।